सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 25.6 अधि |
| धर्मशाला | 16.2 न्यू | 32.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,200 |
| निफ्टी | 23,824 |
| सोना 1,45,000 | चांदी 2,27000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 24 जून 2026 | 10 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 176, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह निर्णय भारत के संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### मॉन्ट्रियल होटल में गोलीबारी, दो की मौत

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल।** कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर में हिल्टन होटल में हुई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया, जबकि एक अन्य नागरिक की मौत की भी पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में एक अन्य अधिकारी गंभीर रूप से घायल है, लेकिन उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस प्रमुख फैडी दाघेर ने कहा कि पिछले 24 वर्षों में यह पहला मामला है जब ड्यूटी के दौरान किसी पुलिस अधिकारी की मौत हुई है। (अनंत ज्ञान)


### गूगल प्ले स्टोर पर टेलीग्राम बहाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' को मंगलवार सुबह अपने प्ले स्टोर पर फिर से बहाल कर दिया। केंद्र सरकार का अस्थायी प्रतिबंध 22 जून की मध्यरात्रि को समाप्त होने के बाद गूगल ने यह कदम उठाया है। मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' गूगल प्ले स्टोर पर बहाली से पहले ही यह संदेश ऐप कुछ मौजूदा उपयोगकर्ताओं के लिए चालू हो गया था। हालांकि, आज सुबह 10 बजे तक यह एप्पल के 'प्ले स्टोर' पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध नहीं था। इस संबंध में भेजे गए ई-मेल का एप्पल की तरफ से तत्काल कोई जवाब नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से रोकने के मकसद से गूगल और एप्पल को 22 जून तक अपने प्लेटफॉर्म से 'टेलीग्राम' हटाने के निर्देश दिए थे। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 6 माह के लिए एस्मा लागू

## एचआरटीसी कर्मियों के हड़ताल के ऐलान के बाद सरकार का फैसला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल से पहले बड़ा कदम उठाते हुए पूरे राज्य में आवश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू कर दिया है। परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार एचआरटीसी कर्मचारियों पर अगले छह माह तक हड़ताल करने पर रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

सरकार ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि एचआरटीसी की बस सेवाएं प्रदेश के लाखों लोगों की जीवनरेखा हैं। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों तथा दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की दैनिक जरूरतें बस सेवाओं पर निर्भर रहती हैं। ऐसे में यदि परिवहन व्यवस्था प्रभावित होती है तो जनजीवन पर व्यापक असर पड़ सकता है। इसी कारण सरकार ने हड़ताल के एलान से पहले ही एस्मा लागू करते हुए किसी भी प्रकार की कार्यबंदी पर रोक लगा दी है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

गौरतलब है कि एचआरटीसी कर्मचारी यूनियनों ने लंबित वित्तीय देनदारियों, वेतन और अन्य मांगों को लेकर 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया था। पिछले कई दिनों से प्रदेशभर में कर्मचारी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और सरकार को मांगें पूरी करने के लिए अल्टीमेटम भी दिया गया था। हालांकि, सरकार के ताजा फैसले के बाद प्रस्तावित हड़ताल पर कानूनी रोक लग गई है। परिवहन विभाग ने निगम प्रबंधन, जिलाधीशों और पुलिस प्रशासन को अधिसूचना का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### एस्मा?

**एस्मा** यानी आवश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम ऐसा कानून है जिसे सरकार आवश्यक सेवाओं को बाधित होने से बचाने के लिए लागू करती है। इसके तहत स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली, जलापूर्ति, डाक, संचार और अन्य जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों की हड़ताल पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जा सकता है। कानून का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता को आवश्यक सेवाएं लगातार मिलती रहें। एस्मा लागू होने पर हड़ताल को अवैध माना जा सकता है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

### एचआरटीसी सेवाएं नहीं होने देंगे बाधित: उपमुख्यमंत्री मुकेश



**एचआरटीसी** कर्मचारियों के 24 जून की मध्यरात्रि से प्रस्तावित चक्का जाम से पहले प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को साफ कहा है कि सरकार किसी भी हालत में एचआरटीसी की बस सेवाओं को बाधित नहीं होने देगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चालक और परिचालक हड़ताल पर जाते हैं तो सरकार जरूरत पड़ने पर नए चालकों और परिचालकों की भर्ती करने से भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू कर दिया गया है। ऐसे में सार्वजनिक परिवहन जैसी आवश्यक सेवाओं को प्रभावित करने वाली किसी भी तरह की हड़ताल या चक्का जाम कानून के दायरे में आएगा।

# प्रदेश के विकास में वीरभद्र सिंह का योगदान सदैव रहेगा प्रेरणास्रोत : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान







पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर सीएम सुक्खू पुष्पांजलि अर्पित करते हुए। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति के शिखर पुरुष और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर मंगलवार को राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में भावनात्मक और गरिमामय माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने वीरभद्र सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय राजनीतिक योगदान और प्रदेश के विकास में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें हिमाचल के विकास पुरुष के रूप में स्मरण करते हुए उनकी दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया।

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह केवल कांग्रेस पार्टी के ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में प्रदेश को विकास की नई दिशा दी। उन्होंने छह बार मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में अनेक ऐतिहासिक योजनाओं को धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभद्र सिंह की राजनीतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों को जनसेवा और विकास के लिए प्रेरित करती रहेगी। रिज मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित कई विधायक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी और प्रदेश निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वीरभद्र सिंह के राजनीतिक जीवन, जनसरोकारों और विकास कार्यों की भी चर्चा हुई।

# किन्नौर में डंपर समेत नदी में गिरा बैली ब्रिज

अनंत ज्ञान



**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के उरनी में मंगलवार को एक बैली ब्रिज टूट गया। इस दौरान पुल से गुजर रहा डंपर भी नीचे गिर गया। इससे डंपर ड्राइवर को हल्की चोटें आई है। सीसीटीवी फुटेज में यह घटना सामने आई है। राजस्व मंत्री जगत नेगी ने कहा कि इस बैली ब्रिज पर कैपेस्टी से ज्यादा का भार उठाकर डंपर गुजर रहा था, इससे बैली ब्रिज टूटा है। उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवर के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह ब्रिज 10 मीट्रिक टन से ज्यादा के भार के लिए नहीं बना था।

उन्होंने कहा कि ब्रिज टूटने से किसी भी गांव की कनैक्टिविटी खत्म नहीं हुई। क्षेत्र में अल्टरनेटिव सड़क है, इसलिए चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जो ब्रिज टूटा है, उसे वैकल्पिक मार्ग के तौर पर दोबारा से बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि डंपर में बजरी भरी थी। बैली ब्रिज गिरने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को संभालते हुए प्रशासन और संबंधित एजेंसियों ने कुछ घंटों की मशक्कत के बाद वाहनों को वैकल्पिक (दूसरे) रास्तों से भेजना शुरू किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने कुछ समय पहले ही इस पुल की मरम्मत करवाई थी, लेकिन भारी वाहनों के चलते पुल हमेशा खतरे में रहता था। बागवानों और स्थानीय लोगों ने चिंता जताई कि अगस्त महीने से किन्नौर में सेब का सीजन शुरू होने वाला है।


# देहरा पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित 50 लाख से ज्यादा संपत्ति की जब्त

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा पुलिस ने नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी वित्तीय जांच पूरी की है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान अवैध कारोबार से अर्जित 50,16,403 रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्ति को जब्त किया है। यह कार्रवाई 22 नवंबर 2025 को थाना देहरा में दर्ज एफआईआर संख्या 123/2025 के संदर्भ में की गई है, जिसमें आरोपी राम पाल पुत्र बिसम्बर दास निवासी सूरजपुर के पास से 3 किलोग्राम 628 ग्राम चरस, 64,035 रुपए नकद और आभूषण बरामद हुए थे। जांच में सामने आया कि आरोपी ने इस अवैध कमाई से 26,38,895 रुपए बैंक खातों में जमा किए, 12,46,500 रुपए निर्माणाधीन मकान में लगाए, 9,28,203 रुपए की हुंडई ऑरा कार और 1,15,816 रुपए की स्कूटी खरीदी। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी तीन एनडीपीएस एक्ट सहित कुल चार मामले दर्ज हैं। पुलिस जिला देहरा द्वारा अब तक कुल 89,65,026 रुपए की अवैध संपत्तियां फ्रीज की जा चुकी हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

वहीं, एसपी देहरा नवदीप ने कहा कि 'पुलिस जिला देहरा नशा मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए न केवल उनके मादक पदार्थों को बरामद कर रहे हैं, बल्कि उनके द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्ति को भी वित्तीय जांच के जरिए जब्त कर रहे हैं ताकि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म किया जा सके।

# उर्वरक लदे 4 मालवाहक जहाज होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़े : सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वैश्विक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अनिश्चितता के बीच भारत के लिए राहत की खबर है। यूरिया, डीएपी और सल्फर की खेप लेकर आ रहे चार मालवाहक जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। सरकारी बयान के अनुसार ये जहाज कृष्णापटनम, काकीनाडा, पारादीप और मुंद्रा बंदरगाहों पर पहुंचेंगे, जहां से उर्वरक की आपूर्ति तेजी से किसानों तक पहुंचाई जाएगी।

सरकार ने बताया कि 22 जून तक देश में कुल 196.08 लाख टन उर्वरक भंडार उपलब्ध है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। इसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी और एसएसपी शामिल हैं। इस अवधि में उर्वरक की बिक्री में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि घरेलू उत्पादन 133.12 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# अलका याग्निक पद्म भूषण और हिटमैन रोहित शर्मा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में होने वाले 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में 2026 के लिए 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार पाने वाले 65 लोगों में पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, टेनिस स्टार विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और गायिका अलका याग्निक शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री समेत कई हस्तियां शामिल हुईं।

दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किया, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्मश्री शामिल हैं। राष्ट्रपति ने 25 मई को आयोजित पहले नागरिक सम्मान समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्मश्री शामिल थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के संस्थापक शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया, उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति मुर्मू से यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं, गायिका अलका याग्निक को भी राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कार और हिटमैन रोहित शर्मा को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# स्कूल पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर 11वीं के छात्र ने किया सुसाइड

अनंत ज्ञान

### ग्रामीणों ने किया स्कूल का घेराव



**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत निजी शिक्षण संस्थान डीएवी आलमपुर के 11वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र ने घर पर आत्महत्या कर लिया है। खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की खबर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्र कांगड़ा जिले से है और उनके पिता मार्केटिंग का कार्य करते है, जिससे वह सुजानपुर के तहत पटलांदर मे किराए के कमरे में रहते हैं।

सोमवार रात को छात्र अपने माता-पिता के साथ कमरे में बैठकर सामान्य रूप से पढ़ाई कर रहा था। इसके बाद सभी सो गए थे। मंगलवार सुबह जब माता-पिता की आंख खुली, तो उन्होंने बच्चे को फंदे पर लटका हुआ पाया। मृतक छात्र की पेंट सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें स्कूल प्रबंधक को ठहराया है। मंगलवार सुबह मृतक छात्र के परिजन और स्थानीय लोग स्कूल परिसर में पहुंचकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लंबागांव थाना की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। सुजानपुर पुलिस प्रभारी प्रकाश ठाकुर ने बताया कि कि मृतक बच्चे की पेंट में एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें बच्चे ने अपनी मौत का जिम्मेदार स्कूल में तैनात शिक्षकों को ठहराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।





**राहत** अब टारिंग कार्यों में आने की जगी उम्मीद, प्रदेश में 500 किलोमीटर सड़क की होनी है टारिंग

# बिटुमेन की बढ़ी लागत सरकार करेगी वहन: विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान



**आर मोहन चौहान, सोलन।** गल्फ युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिटुमेन की कीमतों में आए उछाल के कारण हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण और टारिंग के कई कार्य प्रभावित हो गए थे। बढ़ी हुई लागत के कारण ठेकेदारों ने प्रदेशभर में टारिंग के कार्य रोक दिए थे, जिससे 200 से अधिक सड़कों के टारिंग कार्य प्रभावित हुए हैं।

अब प्रदेश सरकार ने बढ़ी हुई बिटुमेन लागत का अतिरिक्त भार वहन करने का निर्णय लिया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोलन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इसकी पुष्टि की।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण हिमाचल प्रदेश में बिटुमेन (डामर) और हल्के डीजल की भारी कमी और मूल्य वृद्धि हुई है। इसके चलते राज्य में 500 किलोमीटर से अधिक सड़कों की टारिंग और री-टारिंग का कार्य प्रभावित और लंबित हो गया है।

बिटुमेन की कीमतों में अचानक हुई वृद्धि के कारण प्रदेश में कई परियोजनाएं प्रभावित हुई थीं। अब सरकार द्वारा अतिरिक्त लागत वहन किए जाने के फैसले से सड़क निर्माण कार्यों को गति मिलने की संभावना है। विभाग का लक्ष्य है कि लंबित पड़े कार्यों को जल्द पूरा कर लोगों को राहत प्रदान की जाए।

इसके बाद रुके हुए टारिंग कार्यों के दोबारा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि, मानसून की बारिश इन कार्यों में बाधा बन सकती है, इसलिए विभाग जल्द से जल्द कार्यों में तेजी लाने की तैयारी में जुटा है।



> **ठेकेदारों** को निर्देश दिए हैं कि सड़क टारिंग कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि बरसात के मौसम से पहले अधिक से अधिक कार्य पूरे किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर है और आम जनता को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।
>
> -विक्रमादित्य सिंह, लोक निर्माण मंत्री

# 145 वाहनों की क्षमता वाली ऑकलैंड टनल बहुमंजिला पार्किंग का लोकार्पण

## सीएम सुक्खू ने किया 7.60 करोड़ से तैयार हुई आधुनिक पार्किंग सुविधा का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में बढ़ती यातायात और पार्किंग समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को ऑकलैंड टनल के निकट नवनिर्मित बहुमंजिला कार पार्किंग सुविधा का लोकार्पण किया। 7.60 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस आधुनिक पार्किंग में 145 वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की गई है, जिससे शहर के व्यस्त क्षेत्रों में पार्किंग का दबाव कम होने की उम्मीद है।

उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक नागरिक सुविधाओं के विस्तार और सुनियोजित शहरी विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि ऑकलैंड टनल क्षेत्र और आसपास की सड़कों पर वाहनों का बढ़ता दबाव लंबे समय से चुनौती बना हुआ था। नई पार्किंग सुविधा के शुरू होने से सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग की समस्या में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी शिमला को अधिक व्यवस्थित, सुगम और पर्यटक-अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न आधारभूत ढांचा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन गंभीर चुनौती के रूप में उभरे हैं। सरकार इन चुनौतियों के स्थायी समाधान के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास कर रही है ताकि स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।



बहुमंजिला पार्किंग का लोकार्पण करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### यातायात दबाव कम करने में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़े विभागों और निर्माण एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि निर्धारित समय में इस पार्किंग सुविधा का निर्माण सरकार की विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सुविधा भविष्य में शहर की महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्तियों में शामिल होगी और यातायात दबाव कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षदगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी विकास के व्यापक दृष्टिकोण के तहत सतत अवसंरचना, प्रभावी सार्वजनिक सेवाओं और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान दे रही है।

## मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता का अमर प्रतीक: संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मुख्यालय दीपकमल, चक्कर में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, केशव चौहान, शांता कुमार, राजू ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कटवाल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों और राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

# वीरभद्र सिंह युगद्रष्टा थे, उनका योगदान सदैव रहेगा अविस्मरणीय: कुलदीप पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे केवल एक जननेता नहीं, बल्कि युगद्रष्टा थे, जिनकी दूरदर्शी सोच और विकासवादी नेतृत्व ने आधुनिक हिमाचल प्रदेश की मजबूत नींव रखी। मंगलवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थापित वीरभद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पठानिया ने कहा कि प्रदेश के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि डॉ. वाई.एस. परमार के बाद वीरभद्र सिंह सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता रहे, जिनका 22 वर्ष और 7 दिन का कार्यकाल अपने आप में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान है।

पठानिया ने कहा कि उनका स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के साथ विशेष आत्मीय संबंध रहा और उनसे जुड़ी अनेक स्मृतियां आज भी प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने हमेशा पूरे प्रदेश को समान दृष्टि से देखा और विकास कार्यों में कभी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। उनकी राजनीतिक कार्यशैली, जनसेवा के प्रति समर्पण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता आज भी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर आज भी उनकी विचारधारा और कार्यशैली से प्रेरणा प्राप्त करती है।

### दूरदर्शी नेतृत्व ने हिमाचल को नई पहचान दी



**विधानसभा** अध्यक्ष ने प्रदेश के युवाओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के आदर्शों और विकास की सोच को आत्मसात करते हुए हिमाचल की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और आधारभूत ढांचे सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक हरीश जनारथा, अनुराधा राणा, चंद्रशेखर, हरदीप बावा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल तथा हिमुडा के अध्यक्ष यशवंत छाजटा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रोहड़ू बुजुर्ग महिला हत्याकांड का खुलासा चोरी की नीयत से की थी गीता देवी की हत्या

अनंत ज्ञान

- 3 नेपाली मजदूर गिरफ्तार, हत्या में इस्तेमाल डंडा बरामद, आरोपियों ने कबूला जुर्म

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू उपमंडल के शलाश डोगरी गांव में 16 जून को हुई 77 वर्षीय बुजुर्ग महिला गीता देवी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नेपाल के निवासी हैं और क्षेत्र में विभिन्न बागवानों के पास मजदूरी का कार्य करते थे।

मंगलवार को शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी सिटी मेहर पंवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पूरी तरह ब्लाइंड मर्डर के रूप में सामने आया था, क्योंकि घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, आसपास सीसीटीवी कैमरों की सुविधा उपलब्ध नहीं थी और न ही किसी बड़ी चोरी की पुष्टि हो पाई थी। इसके बावजूद पुलिस ने वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर मामले की तह तक पहुंचते हुए आरोपियों लाल बहादुर उर्फ लालू (28), नवीन (19) और संतोष (20) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी की नीयत से घर में प्रवेश किया और विरोध करने पर बुजुर्ग महिला की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। एएसपी मेहर पंवार ने बताया कि मामले की जांच के दौरान फॉरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता से घटनास्थल से महत्वपूर्ण जैविक एवं भौतिक साक्ष्य जुटाए गए। मृतका के परिजनों, परिचितों और स्थानीय लोगों से व्यापक पूछताछ की गई, जबकि घटनास्थल तक पहुंचने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, संदिग्ध वाहनों की गतिविधियों तथा मोबाइल टावर डंप डाटा का गहन विश्लेषण किया गया।

तकनीकी जांच में आरोपियों की लोकेशन घटना के समय घटनास्थल के आसपास पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीनों की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है, जिसे महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है। फिलहाल आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## एचपीयू में नियुक्तियों और पदोन्नतियों में अनियमितताओं के आरोप

# एसएफआई ने किया रजिस्ट्रार का घेराव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में नियुक्तियों, पदोन्नतियों और यूजीसी-कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत दिए गए वित्तीय लाभों में कथित अनियमितताओं को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एसएफआई एचपीयू इकाई ने रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव कर एक माह पूर्व सौंपे गए ज्ञापनों पर कार्रवाई की मांग उठाई। संगठन का आरोप है कि 19 मई को विश्वविद्यालय प्रशासन को पांच अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए थे, लेकिन अब तक किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

एसएफआई ने आरोप लगाया कि डिपार्टमेंट ऑफ लाइफ लॉन्ग लर्निंग में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए यूजीसी नियमों के विपरीत पात्रता शर्तों में बदलाव कर विशेष व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। वहीं इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल स्टडीज में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को लेकर भी संगठन ने सवाल उठाए हैं। एसएफआई का कहना है कि संबंधित मामलों में नियमों की अनदेखी की गई तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने अलग-अलग मामलों में नियमों की अलग-अलग व्याख्या कर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। संगठन ने इन मामलों की स्वतंत्र जांच, दोषियों के खिलाफ एफआईआर तथा विशेष जांच दल गठित करने की मांग की है।



### फीस वृद्धि और ईआरपी खर्च पर भी उठाए सवाल

**संगठन** ने यूजीसी-सीएएस के तहत हुई पदोन्नतियों और करोड़ों रुपये के एरियर भुगतान को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। एसएफआई का आरोप है कि विश्वविद्यालय में ईआरपी प्रणाली पर 20 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के बावजूद छात्रों को अपेक्षित लाभ नहीं मिला। साथ ही हालिया फीस वृद्धि के कारण कई विभागों में प्रवेश आवेदनों में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों की उच्च शिक्षा प्रभावित हो रही है। एसएफआई एचपीयू इकाई के सचिव मुकेश राणा ने चेतावनी दी कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो संगठन व्यापक छात्र आंदोलन शुरू करेगा।

# राम मंदिर दान व भूमि खरीद विवाद की हो निष्पक्ष जांच: जगत सिंह नेगी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अयोध्या राम मंदिर से जुड़े दान और भूमि खरीद विवाद को लेकर देशभर में चल रही राजनीतिक बहस के बीच प्रदेश सरकार के राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने एक बार फिर अपने बयान से नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। शिमला में मीडिया से बातचीत करते हुए नेगी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस मंदिर निर्माण के लिए देशभर के लोगों ने श्रद्धा और विश्वास के साथ योगदान दिया, उसी मामले में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की भावनाओं और आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



मंत्री नेगी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण और उससे जुड़े आर्थिक मामलों को लेकर कई तरह के आरोप सामने आ रहे हैं, लेकिन अब तक स्पष्टता नहीं दी गई है। उन्होंने दावा किया कि करोड़ों रुपए के लेन-देन और भूमि खरीद से जुड़े मामलों पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उनके अनुसार यदि किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायतें सामने आई हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल जांच टीम गठित कर देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि तथ्यों को सार्वजनिक करना भी जरूरी है। नेगी ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों में धर्माचार्यों और शंकराचार्यों की भूमिका प्रमुख होनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि देश की सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी राष्ट्रपति की भूमिका को लेकर पर्याप्त चर्चा क्यों नहीं हुई।

### जरूरतमंद परिवारों को दें दान

**सबसे** अधिक चर्चा उनके उस बयान की हो रही है जिसमें उन्होंने लोगों से मंदिरों में दान देने के बजाय समाज कल्याण के कार्यों में सहयोग करने की अपील की। नेगी ने कहा कि यदि लोग अस्पतालों, छात्रावासों, विद्यालयों और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए दान करें तो उसका प्रत्यक्ष लाभ समाज को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आस्था अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन दान का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में भी होना चाहिए ताकि समाज के कमजोर वर्गों को राहत मिल सके।

# मशोबरा में स्वरोजगार और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने पर दिया जोर



मशोबरा में सीआरपी-ईपी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विकास खंड मशोबरा में स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत आयोजित सामुदायिक संसाधन व्यक्ति उद्यम प्रोत्साहन का छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को सम्पन्न हो गया।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्टेट एंकर अमित सिंह ने प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी अंकित कोटिया ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना तथा स्थानीय स्तर पर नए उद्यमों की स्थापना को प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सीआरपी-ईपी पंचायत स्तर पर संभावित उद्यमियों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# स्पा थैरेपी कोर्स के लिए 4 तक करें आवेदन

## 12वीं पास युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के युवाओं के लिए आयुष क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। आयुष विभाग ने स्पा थैरेपी (पंचकर्मा) तकनीशियन के एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने कोर्स की कुल फीस 30 हजार रुपए निर्धारित की है, जिसे एकमुश्त जमा करने के बजाय तीन किश्तों में जमा करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार 12वीं उत्तीर्ण तथा 17 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र होंगे। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये तथा आरक्षित श्रेणियों के लिए 150 रुपये रखा गया है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर निदेशक आयुष, ब्लॉक नंबर-26, एसडीए कॉम्प्लेक्स कसुम्पटी, शिमला-171009 के पते पर भेजे जा सकते हैं।

बता दें कि प्रदेश में पंचकर्म एवं आयुष चिकित्सा सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विस्तार किया है। पहले यह कोर्स केवल पपरोला आयुष कॉलेज और क्षेत्रीय आयुष अस्पताल छोटा शिमला में संचालित होता था, लेकिन अब इसे दस जिलों के विभिन्न आयुष अस्पतालों तक विस्तारित किया गया है। इससे युवाओं को अपने ही जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयुष विभाग ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कुल 256 सीटें निर्धारित की हैं। इनमें 128 सीटें पुरुषों तथा 128 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। श्रेणीवार सीटों में सामान्य वर्ग के लिए 59, अनुसूचित जाति के लिए 28, अनुसूचित जनजाति के लिए 6, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 23 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 12 सीटें निर्धारित की गई हैं। विभाग ने संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए सभी आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर भी उपलब्ध करवा दिए हैं।

### यहां होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जिला** आयुष अस्पताल बिलासपुर, हमीरपुर, धर्मशाला, कुल्लू, मंडी, नाहन, सोलन और ऊना सहित आयुष अस्पताल देहरा, शिमला, नालागढ़ तथा राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आयुष विभाग के निदेशक डॉ. रोहित जम्वाल ने बताया कि पंचकर्मा तकनीशियन कोर्स के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोर्स संबंधी अधिसूचना विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की फीस भी निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने पात्र युवाओं से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत, बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत: सिद्धार्थन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के जुब्बल में भारतीय जनता पार्टी के जुब्बल एवं नावर-कोटखाई मंडलों की संगठनात्मक कामकाजी बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श और विचार आज भी देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं तथा प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह उनके संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए।

सिद्धार्थन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाए तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाया जाए। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा, जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा, शिमला संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक संगठन मंत्री अक्षय भरमौरी, जुब्बल मंडल अध्यक्षा मीनाक्षी मांटा, नावर-कोटखाई मंडल अध्यक्ष सुंदर डोडरा सहित मंडल, जिला एवं मोर्चों के पदाधिकारी, बूथ पालक तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जुब्बल में आयोजित भाजपा की संगठनात्मक कामकाजी बैठक को संबोधित करते प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन। अनंत ज्ञान

# पौधरोपण के साथ बच्चों को दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

- 75 हजार अतिरिक्त पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही टीए बटालियन

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले की तहसील निहारी की ग्राम पंचायत किंडर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय किंडर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। 133 ईटीएफ (टीए) बटालियन की अल्फा कंपनी के जवानों, विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से विशाल पौधरोपण अभियान चलाकर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को हरियाली से सराबोर कर दिया। अभियान के दौरान कुल 2200 पौधे रोपे गए, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का सशक्त संदेश गया। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नायब सूबेदार टिटम ठाकुर ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया, ताकि हरित हिमाचल का सपना साकार हो सके।

नायब सूबेदार ने बताया कि 133 ईटीएफ (टीए) बटालियन को सौंपे गए निर्धारित वृक्षारोपण कार्य के अतिरिक्त यूनिट ने अपने कार्यक्षेत्र में 75 हजार अतिरिक्त पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न विद्यालयों, पंचायतों और स्थानीय समुदायों के सहयोग से व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किए जा रहे हैं। यह पहल केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी व जागरूकता विकसित करने का भी प्रयास है।

## सम्मान: राज्य निर्वाचन आयुक्त खाची ने महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

# रोहड़ू नप चुनाव में महिला शक्ति का दबदबा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू नगर परिषद निर्वाचन-2026 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। चांशल सम्मेलन कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मतदान से लेकर मतगणना तक पूरी चुनावी प्रक्रिया का संचालन महिला अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि रोहड़ू नगर परिषद चुनाव ने प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में महिलाओं की कार्यक्षमता और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता का एक नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद महिला कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ किया, जिससे चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। इस दौरान उन्होंने चुनावी ड्यूटी के अनुभवों और व्यवस्थाओं को लेकर महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद भी किया।

समारोह में निर्वाचन कार्यों से जुड़े सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, सुरक्षा कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने चुनाव के दौरान की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



रोहड़ू में आयोजित सम्मान समारोह में महिला अधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

# स्वच्छता केवल अभियान ही नहीं जनभागीदारी का संकल्प: कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल द्वारा रोटरी क्लब शिमला में आयोजित 'क्लीन हिल्स, ग्रीन हिल्स' अभियान के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का व्यापक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी स्थायी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण और हरे-भरे पहाड़ों के लिए विश्वभर में पहचान रखता है तथा इसे सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कर्ण नंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने देश में स्वच्छता के प्रति नई चेतना का संचार किया है। आज करोड़ों लोग इसे जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा प्लास्टिक के कम उपयोग, पौधारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के इस दौर में हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है तथा जंगलों, जल स्रोतों और प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वच्छ और हरित हिमाचल का संदेश दिया। जन जागरण अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेश वाली टी-शर्ट्स और कैरी बैग वितरित किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा में स्टूडेंट्स को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना डाडासीबा की ओर से 'चिट्टा मुक्त अभियान' के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनौर में नशा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी राजकुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए लगभग 300 विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और नशा मुक्त हिमाचल के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई व खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह ने अभियान की सराहना की।

### 10 साल का हिसाब दे ग्राम सुधार सभा: सुरेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की भुआना पंचायत के चौकी (राखा) गांव में ग्राम सुधार सभा के लेन-देन को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान सुरेश कुमार पर पिछले लगभग 10 वर्षों का हिसाब न देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार कई बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें करतार चंद को प्रधान चुना गया। वहीं, सुरेश कुमार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी ने उनसे कभी हिसाब नहीं मांगा और वे किसी भी समय पूरा विवरण देने को तैयार हैं।

### डीजीआर प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में रक्षा कर्मियों के लिए पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) प्रायोजित सातवें दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 'कृषि वानिकी, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं बकरी पालन' विषयक यह चार माह का प्रशिक्षण स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास के लिए आयोजित किया जा रहा है। लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद शर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. लव भूषण ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

### गढ़ जमूला में 25 जून को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने बताया कि उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी गढ़ फीडर, एचटी लाइन पर (आर डी एस एस) स्कीम के तहत पुरानी तारों को बदलने के लिए एवं उचित रखरखाव के कार्य के चलते 25, 27, 29 जून व 2, 4, 6 जुलाई को गढ़ जमूला, गढ़ खास, बसदी, चांदड़, नड्डी और नागिनी आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9:00 से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।मौसम खराब रहने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### निम्मो देवी बनी चामुखा स्कूल की एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गरली।** चामुखा स्कूल में नई विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत कौलापुर के उपप्रधान वीरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनाव में निम्मो देवी को अध्यक्ष तथा रीतू कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। मुख्याध्यापिका मीनू डोगरा सदस्य सचिव बनीं। अन्य सदस्यों के चयन के साथ समिति का गठन पूर्ण किया गया। अभिभावकों ने नवगठित समिति को बधाई देते हुए विद्यालय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई।

### परागपुर में 74 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के जन्मोत्सव पर राजा वीरभद्र फाउंडेशन, परागपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा की टीम ने रक्त संग्रह प्रक्रिया का संचालन किया। कुल 87 लोग पहुंचे, जिनमें से जांच के बाद 76 से 74 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

### बीड़ में शराब के नशे में हुड़दंग, 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बीड़ क्षेत्र में सोमवार देर रात शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सूचना पर पुलिस थाना बीड़ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि आरोपी गाली-गलौज और मारपीट कर रहे थे। मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई। आरोपियों की पहचान शमशेर सिंह, राजकुमार और नागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अब शाखा डाकघरों में भी ई-केवाईसी सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अधीक्षक डाकघर धर्मशाला रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए 22 जून से शाखा डाकघरों में ई-केवाईसी आधारित डिजिटल लेन-देन सुविधा शुरू कर दी गई है। अब आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से बचत खाते, आवर्ती खाते एवं सुकन्या समृद्धि खातों में निर्धारित सीमा तक लेन-देन किया जा सकेगा। इसमें 50 हजार रुपये तक जमा और 20 हजार रुपये तक निकासी की सुविधा शामिल है। यह सुविधा ग्रामीण खाताधारकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगी व सभी शाखा डाकघरों में उपलब्ध है।

### मानवी ने राज्यस्तरीय स्पर्धा में जीते सिल्वर मेडल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला की कक्षा 10वीं की छात्रा मानवी चौहान ने 14 जून 2026 को बिलासपुर के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लांग जंप और हाई जंप में सिल्वर मेडल हासिल किए। अब मानवी चौहान आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए देहरादून रवाना होंगी, जहां वह दोनों स्पर्धाओं में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रधानाचार्य रूपाली भगोरिया ने छात्रा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** आत्मा परियोजना भेडू महादेव ब्लॉक द्वारा सूरी गांव के महिला क्लस्टर के लिए प्राकृतिक खेती के माध्यम से हल्दी की फसल उगाने पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 30 महिलाओं ने भाग लिया। बीटीएम रजनी शर्मा ने हल्दी की औषधीय विशेषताओं और इसकी बढ़ती मांग पर जानकारी दी। किसानों को हल्दी का बीज भी उपलब्ध करवाया गया तथा सरकार द्वारा 150 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद की जानकारी दी गई। शिविर में नीम पेस्ट, दशपर्णी अर्क और प्राकृतिक खेती की विधियों का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# बड़ोह ब्लॉक समिति पर कांग्रेस का कब्जा रेनू चेयरमैन और सुदेश बने वाइस चेयरमैन

## बड़ोह की जनता ने विकास, विश्वास और सकारात्मक राजनीति पर लगाई मुहर: आरएस बाली

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** बड़ोह ब्लॉक समिति में कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों की एकजुटता और विकास की राजनीति को बड़ी सफलता मिली है। 15 सदस्यीय ब्लॉक समिति में एसडीएम नगरोटा मुनीश शर्मा की अध्यक्षता में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया और उसके उपरांत वोटिंग प्रक्रिया हुई। 15 में से 10 मत प्राप्त करके रेनू बाला ब्लॉक समिति बड़ोह की अध्यक्ष बनीं। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में 15 में से 9 मत लेकर सुदेश पराशर उपाध्यक्ष बने। एसडीएम नगरोटा ने उन्हें शपथ दिलाई और सभी को कार्यकारिणी



आरएस बाली ने ब्लॉक समिति सदस्यों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

संपन्न होने के लिए बधाई दी। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा कांग्रेस विचारधारा समर्थित ब्लॉक समिति के सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली से शिष्टाचार भेंट की। आरएस बाली ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक समिति सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि नगरोटा बगवां की तरह ही बड़ोह की जनता ने भी विकास, विश्वास और सकारात्मक राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक समिति का प्रत्येक सदस्य अपने-अपने क्षेत्र का अध्यक्ष है और सभी सदस्यों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त हो चुके हैं और अब सभी को मिलकर समस्त नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक परिवार का हिस्सा हैं तथा ब्लॉक समिति का प्रत्येक सदस्य हमारे लिए एक बराबर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और प्रगति के लिए सभी को साथ लेकर चला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगरोटा और बड़ोह ब्लॉक समिति के 30 सदस्यों में से 24 सदस्यों का विकास की इस सोच के साथ खड़ा होना कांग्रेस परिवार की एकजुटता, संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का परिचायक है। और यह इस बात का प्रमाण है कि जनप्रतिनिधियों ने विकास और स्थिर नेतृत्व को प्राथमिकता दी है।

# विकासात्मक गतिविधियों का पारदर्शी तरीके से संचालन रेरा का उद्देश्य: आरडी धीमान

अनंत ज्ञान

◆ कहा- सोलन व शिमला में काफी बन रहे फ्लैटड यूनिट कांगड़ा में फ्लैटड के कम केस



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी ऑथोरिटी (रेरा) ऑफिस ने धर्मशाला में कार्य करना शुरू कर दिया है। रेरा चेयरमैन आरडी धीमान ने कहा कि रेरा का उद्देश्य है कि विकासात्मक गतिविधियां पारदर्शी तरीके से संचालित हों। इसमें प्रमोटर और आलोटी के बीच प्रोफेशनल तरीके से काम होना चाहिए। रेरा में प्रोजेक्ट की रजिस्ट्रेशन जरूरी होती है, जहां प्लॉटिंग के केस में 500 स्क्वायर मीटर से ज्यादा एरिया होता है या 8 फ्लैट्स से ज्यादा निर्माण होता है वहां रेरा की रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होती है।

रूरल एरिया की सीमा 1000 स्क्वायर मीटर होती है, इससे अधिक से कोई प्लॉट काटकर बेचता है तो उसमें रेरा का रियल लीगल फ्रेमवर्क अप्लाई होता है जिसमें बिल्डर्स को पारदर्शिता से दस्तावेज रेरा ऑफिस में जमा करवाने होते हैं, जिसमें लैंड ऑनरशिप और सेवाएं कहां से देगा, ऐसी सारी जानकारी देनी होती है। उन्होंने कहा कि रेरा का मुख्य उद्देश्य यह है कि अलॉटी को सारी बातें पारदर्शी तरीके बताई जाएं अलॉटमेंट से पहले और सेवाएं जो बताई गई है, वे प्रमुखता से उपलब्ध करवाई जाएं। सोलन और शिमला में फ्लैटड यूनिट काफी बन रहे हैं, लेकिन कांगड़ा में अभी फ्लैटड के कम केस हैं। हमारे पास ऐसे ज्यादा केस आ जाते हैं, जिनको लीगल रिक्वायरमेंट में रजिस्ट्रेशन करनी पड़ती है। अलॉटी प्लॉटिंग न करके निर्माण की अनुमति टीसीपी या एमसी से लेता है, उसके बाद निर्धारित सीमा से अधिक प्लॉट या निर्माण सीमा बढ़ जाने पर रेरा से रजिस्ट्रेशन जरूरी हो जाती है।

## आधुनिक हिमाचल के निर्माता थे पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र: विजयइंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के 93वें जन्मोत्सव के अवसर पर वीरभद्र सिंह फाउंडेशन जिला कांगड़ा द्वारा धर्मशाला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। फाउंडेशन सदस्य विजयइंद्र कर्ण ने कहा कि वीरभद्र सिंह हिमाचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नेता थे और उन्हें आधुनिक हिमाचल का निर्माता माना जाता है।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा अस्पतालों में जाकर मरीजों को फल भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने भाजपा पर गुटबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं और उनके नेतृत्व में कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों में एक बार फिर सत्ता में वापसी करेगी।

## पेंशन संशोधन एरियर भुगतान की अधिसूचना पर व्याप्त संदेह को किया जाए दूर: भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने वित्त विभाग द्वारा 22 जून को जारी पेंशन एरियर भुगतान संबंधी अधिसूचना का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिसूचना भले ही जारी हुई हो, परतु इसकी व्याख्या ने पेंशनरों में भारी असमंजस और शंका पैदा कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट रूप से 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के सेवानिवृत्त पेंशनरों को पेंशन संशोधन के एरियर का भुगतान करने की घोषणा की थी, लेकिन वित्त विभाग की अधिसूचना की भाषा ऐसी लगती है मानो केवल 69-70 वर्ष या 2014-15 के आसपास सेवानिवृत्त हुए कुछ ही पेंशनर ही लाभार्थी माने जा रहे हैं। इससे 2016, 2017, 2018 और 2019 में सेवानिवृत्त हुए तथा वर्तमान में 65-68 वर्ष आयु वर्ग में आने वाले हजारों पेंशनर अधिसूचना की परिधि से बाहर दिखाई दे रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति में पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि जब मुख्यमंत्री स्तर पर एक स्पष्ट घोषणा हो और विभागीय दस्तावेज़ों में उससे भिन्न अर्थ निकलें, तो स्वाभाविक है कि लोगों के मन में यह सवाल उठेगा कि कहीं कुछ अधिकारी सरकार की मंशा को ही बदलकर तो नहीं पेश कर रहे—जिससे सरकार की छवि और पेंशनरों का विश्वास प्रभावित हो रहा है। इससे पहले जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के भुगतान में भी वित्त विभाग की कार्यप्रणाली के कारण अनेक विलंब देखने को मिले थे, जबकि आवश्यक अधिसूचनाएं दो बार जारी होने के बावजूद भुगतान लंबे समय तक रुका रहा।

4 मई 2026 को सचिवालय में मुख्यमंत्री के समक्ष पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की प्रतिनिधि टीम ने स्पष्ट रूप से बताया था कि अधिसूचनाओं के बावजूद पात्र पेंशनरों को कोई वास्तविक भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना तथा मुख्यमंत्री के बयान के बीच उत्पन्न विरोधाभास की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जाए।

# एएसपी ने किया नगरोटा पुलिस थाना व बड़ोह चौकी का निरीक्षण

## पुलिसकर्मियों को सौहार्दपूर्ण व्यवहार व शिकायतों का समय पर निपटारे के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजिंदर कुमार जसवाल ने सोमवार को नगरोटा बगवां थाना एवं पुलिस चौकी बड़ोह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों जगह जाकर अभिलेखों, लंबित अभियोगों, शस्त्रों, वाहनों, थाना भवन व चौकी बड़ोह एवं पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा लंबित अभियोगों का शीघ्र निपटारा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके उपरांत थाने के समस्त कर्मचारियों के साथ उनके कल्याण एवं निजी समस्याओं के संबंध में बैठक की। उन्होंने थाने के हवालात, मालखाना, आवंटित दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों तथा उनसे संबंधित समस्त अभिलेखों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, एएसपी ने पुलिस कर्मियों को आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार, समय पर शिकायतों के निपटारे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए।



एएसपी राजिंदर के साथ थाना प्रभारी मनोज व पुलिस कर्मचारी।

### नशा मुक्ति, यातायात और साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

**थाना** के निरीक्षण के पश्चात एएसपी नगरोटा बगवां के ब्वॉयज स्कूल में पहुंचे, जहां उनके साथ थाना प्रभारी मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। नगरोटा व बड़ोह स्कूल में एएसपी ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बच्चों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की तथा अपने परिवार व समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने तथा साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन नशा मुक्ति अभियान में स्कूल, परिवार व समाज के साथ मिलकर कार्य कर रहा है ताकि युवा पीढ़ी को नशे की बुराई से बचाया जा सके।

## पालमपुर के राम चौक में एचआरटीसी बस खराब, जाम ने बढ़ाई यात्रियों की दिक्कतें



राम चौक में सड़क के बीच खराब हुई एचआरटीसी बस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर बाजार के साथ लगते राम चौक में सोमवार को उस समय लंबा जाम लग गया, जब पालमपुर-धर्मशाला मार्ग पर राम चौक के समीप एक एचआरटीसी की बस अचानक खराब हो गई। बस के सड़क के बीचों-बीच खराब होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

देखते ही देखते जाम कई सौ मीटर तक पहुंच गया, जिससे आम लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के कारण कई वाहन चालक काफी देर तक सड़क पर फंसे रहे। वहीं, बाजार क्षेत्र में आवाजाही भी प्रभावित रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि राम चौक पहले से ही व्यस्त मार्ग है और यहां किसी भी वाहन के खराब होने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे व्यस्त मार्गों पर यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके।

## सरकार ने मजदूरों के साथ किया विश्वासघात: रविंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह रवि ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर डाका डाला है। हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में करें मजदूरों के हजारों दावे धूल चाट रहे हैं। सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 60000 निर्माण श्रमिक पिछले 16 वर्षों में कल्याण बोर्ड के द्वारा लाभार्थी बनाए गए थे उन सब का पंजीकरण बिना सूचना के रद्द कर दिया गया है। 8 हजार गरीब निर्माण मजदूरों के आवेदन लंबित पड़े हुए हैं, जो श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा तस्दीक करके कल्याण बोर्ड हमीरपुर को भेजे जाते हैं वह कल्याण बोर्ड पैसे के वैसे ही बार-बार जिला कल्याण अधिकारी को वापस कर देता है यह सरकार की एक मजदूर विरोधी नीति के अंतर्गत हो रहा है। इसके कारण भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के सदियों से दबे कुचले गरीब मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए जो कवच दिया गया था उसकी मूल भावना को सरकार ने नष्ट कर दिया है बोर्ड को इस मामले को हल करने के लिए कई पत्र लिखे गए उच्च अधिकारियों से मिलकर बात की गई बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा लाया गया लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है अब यूनियन मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए माननीय न्यायालय का रुख करेगी।

## राम मंदिर पर सवाल उठाकर आस्था को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं जगत नेगी सनातन समाज से मांगें माफी : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर और मंदिरों में दिए जाने वाले चढ़ावे को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की सनातन विरोधी मानसिकता समय-समय पर उनके बयानों में स्पष्ट दिखाई देती है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र श्रीराम मंदिर को बार-बार विवादों में घसीटना और उस पर संदेह का वातावरण बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। राकेश ने कहा कि यदि किसी भी मामले में कोई शिकायत या तथ्य सामने आते हैं तो देश का कानून और संबंधित संस्थाएं उसकी जांच करने के लिए सक्षम हैं, लेकिन बिना किसी निष्कर्ष के राम मंदिर और उससे जुड़े लोगों पर सवाल खड़े करना करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है। श्रीराम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और लंबे संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जगत नेगी द्वारा लोगों को यह सलाह देना कि मंदिरों में दान देने की बजाय अस्पतालों और स्कूलों को दान दिया जाए, कांग्रेस की सोच को उजागर करता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देना निश्चित रूप से एक सराहनीय कार्य है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि बेहतर अस्पताल और शिक्षण संस्थान उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रदेश की जनता टैक्स इसलिए देती है ताकि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करे। यदि सरकार अपनी जिम्मेदारियां निभाने में असफल रही है तो उसका दोष धार्मिक आस्था और मंदिरों पर नहीं मढ़ा जा सकता।

## एकल महिलाओं ने पेंशन बढ़ाने समेत छह मांगें रखीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एकल नारी शक्ति संगठन 'निष्ठा' धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर एकल एवं जरूरतमंद महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर राज्य सरकार के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं। संगठन ने पोस्ट ऑफिस से उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकालकर एडीसी कांगड़ा विनय कुमार के माध्यम से सरकार को मांगपत्र सौंपा। संगठन की को-ऑर्डिनेटर सुनीता देवी ने कहा कि एकल महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ समान रूप से मिलना चाहिए। उन्होंने वर्तमान 1500 रुपए प्रतिमाह विधवा पेंशन को अपर्याप्त बताते हुए इसमें बढ़ोतरी की मांग की।

साथ ही बंद पड़ी सहारा पेंशन योजना को पुनः शुरू करने का आग्रह किया गया। संगठन ने परित्यक्ता और अलग रह रही महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष व्यवस्था, उनके बच्चों को सुख शिक्षा एवं वात्सल्य योजना का लाभ तथा विवाह सहायता योजनाओं की आय सीमा बढ़ाने की मांग भी उठाई।

सीआईए नूरपुर की बड़ी कार्रवाई

# एक ही परिवार के तीन सदस्य 39.14 ग्राम चिट्टे सहित काबू

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए नूरपुर ने थाना इंदौरा क्षेत्र से 39.14 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सीआईए नूरपुर की टीम कंडवाल, भदरोया, इंदौरा और डमटाल क्षेत्रों में नियमित गश्त पर थी।

इसी दौरान रेलवे फाटक, गांव तमोता के पास पुलिस को सूचना मिली कि कल्पना उर्फ कप्पू (27) अपने घर से बहन गुलफाम उर्फ रीता (32) तथा जीजा पवन कुमार (36) के साथ मिलकर हेरोइन बेचने का अवैध कारोबार कर रही है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कल्पना के आवासीय परिसर में दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान से 39.14 ग्राम चिट्टा बरामद



किया। तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना इंदौरा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# परागपुर का धरोहर दर्जा: प्रशासनिक लापरवाही या कागजी छलावा?

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर को धरोहर गांव का दर्जा देने वाली प्रदेश सरकार और इसके विकास का ढिंढोरा पीटने वाले तमाम आला अधिकारी आज अपने ही दावों के जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर पर्यटन निदेशालय तक और डीसी कांगड़ा से लेकर स्थानीय विधायक तक, किसी भी कार्यालय के पास इस बात का लिखित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है कि आखिर परागपुर में धरोहर गांव कहां स्थित है और इसका राजस्व रिकॉर्ड में खसरा नंबर क्या है।

यह खुलासा तब हुआ जब एक जागरूक परागपुरवासी ने प्रधान सचिव पर्यटन के माध्यम से इस बाबत सूचना मांगी। हैरानी की बात तो यह है कि धरोहर गांव के नाम पर जो म्यूजियम, हर्बल पार्क, सूचना केंद्र, पार्किंग स्थल और लाइब्रेरी जैसे निर्माण कार्य किए गए हैं, उनका मालिकाना हक और राजस्व रिकॉर्ड क्या है, इसका जवाब देने में भी प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। पर्यटन विभाग ने जब यह जिम्मेदारी राजस्व विभाग पर डाली, तो परागपुर तहसील प्रशासन का जवाब सरकारी तंत्र की पोल खोलने के लिए काफी है। यह प्रशासनिक विफलता न केवल हास्यास्पद है, बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।यदि राजस्व रिकॉर्ड में धरोहर गांव का अस्तित्व ही नहीं है, तो फिर सरकारी वेबसाइटों और विज्ञापनों में परागपुर को धरोहर गांव घोषित करने का आधार क्या है? प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धरोहर गांव परागपुर को लेकर पूछे गए सामान्य ज्ञान के प्रश्न किस तथ्यात्मक आधार पर बनाए गए हैं? क्या यह धरोहर गांव केवल कागजों और वेबसाइटों तक ही सीमित है? जब सरकार को यह ही नहीं पता कि उसने जिस स्थान को धरोहर घोषित किया है, वह जमीन असल में किसके नाम है, तो फिर वहां हुए करोड़ों के विकास कार्यों की जवाबदेही कौन लेगा? यह स्थिति न केवल धरोहर संरक्षण के दावों का मजाक उड़ाती है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की ऐसी मिसाल है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

> **पर्यटन** विभाग ने हमें सूचना तैयार करने को लिखा है, पर राजस्व रिकॉर्ड में धरोहर गांव की कोई एंट्री नही है। यही जवाब तैयार कर पर्यटन विभाग को भेजा जा रहा है। निर्माण कार्य कहां हुआ है, उसका रिकॉर्ड भी हमारे पास नहीं है।
>
> **-बलविंदर पठानिया, नायब तहसीलदार, परागपुर।**

## शाहपुर अस्पातल को जल्द उपलब्ध करवाई जाएंगी अल्ट्रासाउंड मशीनें: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार देर सायं द्रमण के ऐतिहासिक छिंज मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मेला कमेटी ने उनका भव्य स्वागत किया तथा ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच उन्हें मेला अखाड़े तक लाया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए पठानिया ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल शाहपुर में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जा चुकी है तथा शीघ्र ही 10 डायलिसिस मशीनें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष मेला कमेटी की मांग पर लगभग 4 लाख रुपये की लागत से छिंज मेला स्टेज का निर्माण करवाया गया है और भविष्य में आवश्यक विकास कार्यों के लिए भी धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने मेला कमेटी को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। मेले में विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पलविंदर पट्टी विजेता और इरफान ईरानी उपविजेता रहे।

# 'लंबित 15 प्रतिशत डीए को शीघ्र जारी करे प्रदेश सरकार'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पश्चिम बंगाल में कर्मचारियों को एकमुश्त 20 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने का निर्णय लिया है। इस तरह लंबित डीए भुगतान के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अभी तक बंगाल में 22 प्रतिशत डीए और देना बाकी है मगर लंबित डीए को बड़ी किश्तों में ही निपटाने की योजना सराहनीय है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी मात्र 45 प्रतिशत डीए पर कार्य कर रहे हैं। हिमाचल के इतिहास में 15 प्रतिशत मंहगाई भत्ता लंबित नहीं हुआ है और अब 15 अगस्त को एक बड़ी किश्त देकर इसकी अदायगी को गति दी जाए।

कर्मचारियों की इस लंबित अदायगी को सरकार एकमुश्त दे या किश्तों में भुगतान शुरू करे, अगर इसी वित्तीय सत्र में चुकाना है तो प्रदेश सरकार हर माह दो प्रतिशत डीए बढ़ाने का फार्मूला अपनाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश मुख्य सचिव और वित्त सचिव और मुख्यमंत्री से की है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि लंबित डीए, 42 माह का डीए एरियर, वर्ष 2016 से 2022 के मध्य का बढ़े हुए वेतन का एरियर, चिकित्सा और आवास भत्ते बढ़ाने जैसे आर्थिक मामलों में प्रदेश सरकार को पंजाब की तरह स्पष्ट भुगतान नियम और अवधि तय करने की अधिसूचना जारी करनी चाहिए। अगर कर्मचारियों के लिए देय ये लाभ जारी करने में और विलम्ब हुआ तो यह देनदारी भविष्य में चुकाना असम्भव बन जाएगा। ऐसे में विवश कर्मचारी पंजाब की तर्ज पर हाईकोर्ट जा रहे हैं क्योंकि अब तक कर्मचारियों की जेसीसी भी आयोजित नहीं हुई है। कर्मचारी सरकार से अनेकों बार मंहगाई भत्ते और एरियर अदायगी की मांग कर चुके हैं और इसकी अदायगी के अनेकों तरीके सुझा चुके हैं मगर इस 12000 करोड़ की देनदारी को चुकाने हेतु कोई सेट फार्मूला अब तक वित्त विभाग नहीं बना सका है।

## न्यूज ब्रीफ

### भूंपल, धनेटा में आज और कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत सब स्टेशन अणु के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि 24 और 25 जून को विद्युत उपकेंद्र नादौन के उपकरणों के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाना है। इस कार्य के चलते 24 और 25 जून को भूंपल, धनेटा, मझीण, सिल्ह, बड़ा और इनके साथ लगते अन्य क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 6 बजे तक बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रह सकती है।

### बहुतकनीकी कॉलेज में 27 को मेगा जॉब फेयर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू, हमीरपुर में 27 जून को मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। सिटी ग्रुप एवं सीटी यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। डॉ. पंकज जैन ने बताया कि 25 से अधिक कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेंगी और चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर दिए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

### करियर प्वाइंट विवि में राष्ट्रीय हैकथॉन 11-12 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग द्वारा 11 एवं 12 जुलाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकथॉन आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग सहित आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों पर आधारित होगी। हैकथॉन का संचालन बीटेक सीएसई छात्र शुभम चड्ढा के नेतृत्व में किया जाएगा, जो गूगल एंबेसडर भी हैं। इसमें देशभर के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। शीर्ष तीन टीमों को अनस्टॉप प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सीएसई विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता को बढ़ाते हैं।

### एनआईटी में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में 22 से 26 जून 2026 तक 'छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक परिसर संस्कृति को बढ़ावा' विषय पर पांच दिवसीय संकाय उन्नयन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने किया, जबकि कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष ननोटी विशिष्ट अतिथि रहीं। डॉ. अर्चना ननोटी ने सकारात्मक परिसर संस्कृति, आत्म-देखभाल, सहानुभूति और समावेशी वातावरण के महत्व पर व्याख्यान दिया। तकनीकी सत्र में डॉ. रजीत कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और नशा विकारों पर जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे संस्थान की छात्र कल्याण और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।

### ताल स्कूल में स्कूल प्रबंधन कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल में सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुसार वर्ष 2026 से 2028 तक 2 वर्षों के लिए पाठशाला प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से संजीवन पटियाल को प्रधान एवं चुन्नीलाल को उपप्रधान चुना गया। सुनीता देवी, पुष्पा कुमारी ,रमणीक कुमार, संतोष कुमारी, सुषमा कुमारी, उषा देवी , ज्योति, बंदना कुमारी, प्रवीण कुमार, लवली शर्मा को सदस्य चुना गया। प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने नवनियुक्त पाठशाला प्रबंधन समिति को शुभकामनाएं दी।

### खड्ड चैनेलाइजेशन के लिए बजट स्वीकृति, जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्रदेश सरकार ने पूरा करते हुए मेहली खड्ड, बाहरू खड्ड तथा खैरी-सुखड़ खड्ड में क्रेट वायर लगाकर चैनेलाइजेशन कार्यों के लिए बजट स्वीकृत कर दिया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इन खड्डों से जुड़े सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। बरसात के दौरान इन खड्डों में बढ़ते जलस्तर और कटाव से आसपास के गांवों, कृषि भूमि और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बजट स्वीकृत किया है, जिसके लिए वह आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को बरसात के दौरान बड़ी राहत मिलेगी और कटाव पर प्रभावी नियंत्रण होगा।

# सुबह 9 :30 से 10 :30 और शाम को 4 :30 से 5 :30 तक डांग कवाली सड़क वन-वे

## पार्किंग जोन पीली पट्टी के अंदर, ट्राला यूनियन के पास भी बनेगी पार्किंग : डीसी गंधर्वा राठौर

अनंत ज्ञान




**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में कुछ जगह पर फेरबदल किया जा रहा है। पिछले 6 महीनों से पुलिस प्रशासन के साथ लगातार हो रही इस संबंध में बैठकों के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि 'डांग कवाली' सड़क को भी व्यस्त ट्रैफिक के समय सुबह और शाम एक-एक घंटे के लिए बंद रखा जाए।

हमीरपुर की डीसी गंधर्व राठौर ने इस 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में कहा कि इस सड़क को मुकम्मल तौर पर वन-वे करने की कोई मनसा नहीं है। केवल अति व्यस्ततम समय यानी सुबह 9:30 बजे से 10:30 तक और शाम को साढे चार बजे से 5:30 बजे तक ही वन में रखा जाएगा यानी हीरानगर की तरफ कोई भी वाहन इस समय नहीं जाएगा। डीसी ने बताया कि इस समय इस सड़क मार्ग पर काफी ट्रैफिक रहता है और क्योंकि ऑफिस का समय रहता है बाजार की तरफ आने वाले वाहनों की संख्या ज्यादा रहती है, इसीलिए यह परिवर्तन किया गया है। भारी वाहनों पर तो पहले से ही सड़क पर आने-जाने पर प्रतिबंध है। क्योंकि यह सड़क सीधी चढ़ाई वाली है, और यहां पर भारी वाहनों की आवाजाही नहीं हो सकती है। उनका यह भी कहना था कि हमीरपुर शहर में भी ट्रैफिक की व्यवस्था चुनौती वाली है और सुबह के समय और दोपहर बाद अलग-अलग क्षेत्र में वाहनों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। स्कूल समय की ज्यादा आवाजाही होने की वजह से भी बच्चों को बसें छोड़ने और वापस जाती हैं। 3:00 के आसपास यह संख्या दोपहर बाद और ज्यादा बढ़ जाती है। 5:00 के आसपास भी काफी व्यस्ततम समय रहता है इस पर भी पुलिस विभाग से चर्चा हो रही है की कैसे-कैसे इस व्यवस्था को और सरल और बेहतर बनाया जा सके।

**पीली पट्टी के अंदर खड़े होंगे वाहन:** डीसी ने बताया कि शहर के अलग-अलग मार्गों पर जहां-जहां भी पीली पट्टी लगाई गई है। कोई भी वाहन उसके बाहर खड़ा होगा, तो वह यातायात नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। इ ट्राला यूनियन के पास जो जगह मौजूद है, उसका सदुपयोग करने का भी प्लान है। इधर-उधर जो वाहन खड़े रहते हैं, उन्हें वहां पर खड़ा करने के लिए उस जगह का इस्तेमाल किया जाएगा। डीसी का कहना था कि मुख्य बाजार में वन पर ट्रैफिक लगातार जारी रहेगा। इसमें कोई फेरबदल नहीं होगा। यहां पर फिर से नोटिफाई किया गया है। सुबह 5:00 बजे से रात 8:00 तक एक तरफ वहां ऊपर से नीचे की तरफ जा सकेंगे। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के इलाके में भी कई जगह पर वाहनों के इधर-उधर खड़ा होने की शिकायतें मिलती हैं। खासकर एचआरटीसी की वर्कशॉप के पास, उस पर भी काम किया जा रहा है।

# बिजली बोर्ड की अनियमित बिल भुगतान तिथियों से उपभोक्ता परेशान

- निश्चित कैलेंडर की मांग बोर्ड अधिकारी बोले- ऐसी व्यवस्था के प्रयास करेंगे

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** राज्य में विद्युत बोर्ड द्वारा बिजली बिलों की भुगतान अंतिम तिथियों में लगातार बदलाव किए जाने को लेकर घरेलू उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले बिजली बिल जमा करने की अंतिम तिथि सामान्यत: हर माह 26 से 28 तारीख के आसपास निर्धारित रहती थी, जिससे वे अपनी आय और खर्च के अनुसार भुगतान की योजना बना लेते थे।

उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार जनवरी 2026 में अंतिम तिथि 29 जनवरी थी, फरवरी में 26 फरवरी, मार्च में 27 मार्च और अप्रैल में 25 अप्रैल निर्धारित रही। इसके बाद मई में यह तिथि घटाकर 20 मई और जून में और कम करते हुए 18 जून कर दी गई। इस प्रकार कुछ ही महीनों में भुगतान की अंतिम तिथि लगभग 10 से 11 दिन पहले कर दी गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि अधिकांश परिवारों को वेतन, पेंशन या अन्य आय माह के अंतिम सप्ताह में प्राप्त होती है, ऐसे में अचानक बदली गई तिथियों के कारण कई लोग समय पर बिल जमा नहीं कर पाते और उन पर विलंब शुल्क का भार बढ़ जाता है। उनका कहना है कि इस बदलाव की कोई स्पष्ट और समय पर सूचना भी नहीं दी जाती। विद्युत बोर्ड एक निश्चित और पारदर्शी बिलिंग कैलेंडर जारी करे तथा भुगतान की अंतिम तिथि को स्थिर रखा जाए। यदि किसी कारणवश परिवर्तन आवश्यक हो तो इसकी जानकारी समय रहते एसएमएस, मोबाइल एप, वेबसाइट और समाचार माध्यमों से दी जाए। हमीरपुर स्थित बिजली बोर्ड के एक्सईएन सुनील भाटिया ने बताया कि इस विषय पर विचार-विमर्श चल रहा है। बिलिंग 20 से 22 तारीख तक पूरी कर ली जाए और एक स्थायी तिथि निर्धारित करने पर चर्चा की जा रही है।

# एचआरटीसी बस रूट बंद होने के विरोध में भाजपा का धरना-प्रदर्शन



जनहित में सेवाएं बहाल करने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोटा।** भाजपा ने मंगलवार को भोटा के समीप पटेरा चौक पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवाओं में लगातार हो रही कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर, बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

धरने के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों, डीजल की कमी और बसों के उचित रखरखाव के अभाव के कारण एचआरटीसी की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके चलते कई ग्रामीण रूट बंद किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। हाल ही में झरनोट-अवाहदेवी और जाहू-झरनोट रूट बंद होने का भी उल्लेख किया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी, कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक और व्यापारी परिवहन सुविधा से वंचित हो रहे हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित है। उन्होंने सरकार से बंद बस रूटों को शीघ्र बहाल करने और निगम की स्थिति सुधारने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# एससी आयोग में ई-मेल और फोन से भी कर सकते हैं शिकायत: कुलदीप कुमार

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए और इन लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति की जानकारी एवं फीडबैक प्राप्त करने के लिए आयोग जमीनी स्तर पर पहुंचने का प्रयास कर रहा है।

इसके लिए आयोग प्रदेश के आठ जिलों का दौरा कर चुका है, जिसमें चंबा जिले का पांगी क्षेत्र और सिरमौर जिले के दूरदराज क्षेत्र भी शामिल हैं। जिला हमीरपुर में आयोग के प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को यहां हमीर भवन में एससी वर्ग से संबंधित विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों, पंचायत जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी एवं आशा वर्कर्स और अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक एवं जागरुकता शिविर के दौरान कुलदीप कुमार ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर आयोग के सदस्य विजय डोगरा, दिग्विजय मल्होत्रा और शालिनी जमवाल भी उपस्थित रहीं। कुलदीप ने कहा कि



बैठक की अध्यक्षता करते राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप। अनंत ज्ञान

एससी वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान सुनिश्चित करने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं और विभिन्न अधिनियम एवं नियम बनाए हैं। लेकिन, जागरुकता के अभाव में कई पात्र लोग कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं और न ही अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं। इसलिए, आयोग जमीनी स्तर पर जाकर कार्य कर रहा है। हमीरपुर में भी आयोग प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक से पहले एससी वर्ग से संबंधित संस्थाओं, संगठनों, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है और फील्ड में जाकर भी वास्तविक स्थिति का जायजा ले रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि आम लोगों को जागरूक करने के लिए आयोग ने पंफलेट भी प्रकाशित किए हैं। किसी भी तरह की शिकायत के लिए दूरभाष नंबर और ईमेल आईडी भी जारी की है। आने वाले समय में आयोग एक ऐप तैयार करवाएगा, जिसके माध्यम से एससी वर्ग की शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. रमेश डोगरा, एससी वर्ग से संबंधित विभिन्न संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी एवं आशा वर्करों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे आयोग के समक्ष रखे।

# अधिकारी पेयजल स्त्रोतों की सफाई और पौधरोपण के लिए चलाएं अभियान

## जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, वन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई तथा पौधारोपण के लिए विशेष अभियान चलाएं।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मॉनसून सीजन में जल जनित रोगों के फैलने की आशंका रहती है। इसलिए, जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं के साथ-साथ जिला में अन्य सभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों जैसे-कुओं, बावड़ियों, टैंकों एवं सरोवरों की भी नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। इसमें संबंधित विभागों के अलावा ग्राम पंचायतों, स्थानीय महिला मंडलों, युवक मंडलों और अन्य सामाजिक संगठनों की भी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जानी चाहिए। गंधर्वा राठौड़ ने मॉनसून सीजन के दौरान पौधारोपण के लिए पहले से ही स्थान चिह्नित करने तथा इन स्थानों पर पौधारोपण के बाद पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सचिव एवं जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश गर्ग ने मिशन की गतिविधियों और पेयजल टेस्टिंग की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### 28 को पिलाई जाएगी पोलियो की दवाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 28 जून को 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 29,924 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप्स से वंचित न रहे। उपायुक्त ने विशेष रूप से प्रवासी श्रमिक बस्तियों और निर्माण स्थलों पर अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को 12 प्रकार के टीके लगाए जा रहे हैं तथा 14-15 वर्ष की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन दी जा रही है, जिससे सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी-शिशु सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत सहित अन्य अभियानों की समीक्षा भी की गई। सीएमओ डॉ. अजय अत्री ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**मातृ-शिशु और बाल आहार का प्रशिक्षण लेंगी आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स:** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा है कि कुपोषण समाज का सांझा शत्रु है। यह न केवल मानव के संभावित विकास पर अंकुश लगाकर उसे प्रभावित करता है अपितु देश एवं समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। इसी के मद्देनजर जिला हमीरपुर की आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स तथा सुपरवाइजरों को चिन्मय ऑर्गेनाइजेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (कॉर्ड) सिद्धबाड़ी, धर्मशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

### हमीरपुर में 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला से जबरदस्ती का प्रयास

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि गांव के एक युवक ने घर में अकेली रह रही 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पीड़िता लंबे समय से बीमार है और चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण बिस्तर पर ही रहती है। जानकारी के अनुसार, घटना रविवार देर रात की है। महिला का बेटा किसी शादी समारोह में गया हुआ था। इसी दौरान आरोपी युवक घर में घुस आया और कथित तौर पर बुजुर्ग महिला के साथ अभद्र हरकत करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथापाई भी की, जिससे उसे चोटें आईं।

बताया जा रहा है कि तभी महिला के बेटे के घर लौटने की आहट सुनकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसपी हमीरपुर बलबीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुजानपुर नप में कांग्रेस का कब्जा, नीलम धीमान अध्यक्ष, विनय कुमार बने उपाध्यक्ष



अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में हुए चुनाव में कांग्रेस ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस ने दोनों सीटें 6-4 के अंतर से जीतीं। अध्यक्ष पद पर नीलम धीमान तथा उपाध्यक्ष पद पर विनय कुमार को विजयी घोषित किया गया।

चुनावी प्रक्रिया में कुल नौ पार्षदों ने भाग लिया। कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए नीलम धीमान और भाजपा ने मीनाक्षी महाजन को उम्मीदवार बनाया था। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से विनय कुमार तथा भाजपा से प्रमिला मेहरा मैदान में थीं। मतदान के दौरान कांग्रेस के पांच पार्षदों के साथ विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने हाथ उठाकर नीलम धीमान और विनय कुमार के पक्ष में समर्थन दिया, जिसके बाद उन्हें विजयी घोषित किया गया। भाजपा पार्षदों ने प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए गुप्त मतदान न कराने पर विरोध जताया और इसे सरकार के दबाव में लिया गया निर्णय बताया। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए कोर्ट जाने की बात कही। नगर परिषद में कांग्रेस की जीत के बाद विधायक रणजीत सिंह ने भाजपा पर तंज कसा। वहीं एसडीएम विकास शुक्ला ने कहा कि चुनाव पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार संपन्न हुए हैं।

# सुजानपुर नगर परिषद चुनाव में संविधान 'तार-तार' : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में कायदे-कानूनों को सरेआम तोड़कर संविधान को तार-तार कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के दबाव में चुनाव अधिकारी ने पार्षदों को हाथ उठाकर अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनने पर मजबूर किया, जबकि कानून के अनुसार चुनाव केवल गुप्त मतदान से ही मान्य है। यह आरोप भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने लगाया। प्रेसवार्ता में राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और स्थानीय विधायक के दबाव में आकर अधिकारियों ने संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाई। राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 52(3) में स्पष्ट प्रावधान है कि नगर परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान अर्थात बैलेट पेपर के माध्यम से ही करवाया जाएगा। इसके बावजूद हाथ उठाकर चुनाव करवाना न केवल गैर-कानूनी है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा कहे जाने वाले गुप्त मतदान के सिद्धांत पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि स्थानीय निकायों के चुनाव में गुप्त मतदान अनिवार्य है। हाथ उठाकर मतदान से पार्षदों पर दबाव बनता है और उनकी स्वतंत्रता का हन होता है। राणा ने मांग की कि इस असंवैधानिक तरीके से करवाए गए चुनाव को तुरंत रद्द किया जाए और हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गुप्त बैलेट पेपर से निष्पक्ष चुनाव पुन: करवाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने वाले अधिकारियों एवं नेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। वहीं, भाजपा समर्थित चारों पार्षदों ने एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी सुजानपुर को इस असंवैधानिक तरीके से करवाए चुनाव को तुरंत रद्द करने संबंधी मांगपत्र सौंपा।

# धौलासिद्ध परियोजना हमीरपुर के विकास की ऐतिहासिक उपलब्धि : राकेश ठाकुर



प्रगति पथ यात्रा में शामिल हुए नेता, विकास कार्यों पर जताया भरोसा।

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जनसंपर्क अभियान के तहत बल्डूहक और जी गांवों में विभिन्न प्रबुद्ध नागरिकों से संपर्क कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की।

उन्होंने धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना परिसर में आयोजित प्रगति पथ यात्रा में भी भाग लिया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल काकू, प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य अनिल कौशल तथा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। राकेश ने कहा कि धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना हमीरपुर जिले के विकास की दृष्टि से एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान प्रो. धूमल ने इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किए तथा केंद्र एवं विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रक्रियाओं को गति दी। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करा रहे हैं।

# सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क पर हादसों को न्योता

## डेंजर जोन बना सोहारी क्षेत्र, बरसात से टूटी सड़क पर एक साल बाद भी नहीं लगा डंगा

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला सलौणी-दियोटसिद्ध सड़क इन दिनों खस्ताहाल स्थिति में है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।



विशेषकर शनिवार और रविवार को बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण इस मार्ग पर यातायात और अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सोहारी के पास सड़क मार्ग पिछले वर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसके चलते यहां एक डेंजर जोन बन गया है। स्थिति यह है कि वाहन चालक की मामूली चूक भी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। इसी स्थान पर पहले एक मोटरसाइकिल दुर्घटना भी हो चुकी है, हालांकि उस समय सवार की जान बाल-बाल बच गई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा यहां डंगा लगाने का कार्य नहीं किया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी सड़क पर चल रहा अपग्रेड कार्य भी धीमी गति से चल रहा है और कई स्थानों पर काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है, जिससे सड़क मार्ग की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। इस संबंध में सहायक अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि सोहारी से दियोटसिद्ध तक सड़क अपग्रेड का टेंडर हो चुका है और जहां सड़क टूटी है वहां 10 से 15 दिनों के भीतर डंगा निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र की जयंती पर 10 किमी निकाली प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का जयंती धमरोल में मनाई गई। राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य पवन चौधरी ने कार्यक्रम अध्यक्षता की। इस दौरान सुबह साढे पांच बजे से साढ़े सात बजे तक धमरोल से जाहू, बाहन्वीं, भरेड़ी तक करीब 10 किलोमीटर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों को याद किया गया। इसके उपरांत पौधरोपण कार्यक्रम व झंड़ा चढाने की रस्म अदा की गई। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य राजकुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश निर्माता एवं प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। यही वजह है कि प्रदेशवासी उन्हे आज भी विकास के मसीहा मानते हैं। राजकुमारी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने में वीरभद्र सिंह के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। यही बजह है कि आज भी हिमाचल प्रदेश के राजा वीरभद्र सिंह के समर्थकों की संख्या हजारों में है और राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के साथ जुड़ी हुई है। र

# पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र थे प्रदेश के विकास के मसीहा: राजेश



पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र की जयंती पर मेडिकल कॉलेज में मरीज को परोसा भोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का जयंती के मौके पर हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्यों ने मरीज को भोजन परोसा उन्हें फल भी वितरित किए। फाउंडेशन के सदस्य राजेश पठानिया अखिलेश चौधरी पंकज मिन्हास भूपेंद्र सिंह और अन्य कई सदस्यों ने इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को याद किया उनका कहना था कि वह पिछले कई सालों से इस तरह का यह कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज में लगातार करते आ रहे हैं। वीरभद्र सिंह विकास के मसीहा थे और उन्हें किसी भी सूरत में भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए जयंती पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करके जनमानस की सेवा की जाती है।

# फोरलेन प्रभावितों का फूटा गुस्सा

## डबा जिला परिषद वार्ड के विभिन्न मुहालों के लोगों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

◆ संयुक्त निरीक्षण, मुआवजा और सुरक्षा उपायों सहित 10 सूत्रीय मांगें उठाईं

अनंत ज्ञान



फोरलेन निर्माण से प्रभावित लोग ज्ञापन देते जाते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग-154 फोरलेन परियोजना से प्रभावित डबा जिला परिषद वार्ड के विभिन्न मुहालों के लोगों की समस्याओं को लेकर जिला परिषद सदस्य चंपा देवी ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), परियोजना अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को विस्तृत ज्ञापन भेजकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फोरलेन निर्माण कार्य के चलते हार्डगलु, कुन्नू, साहल, पिपली, माना, पाली, मलोग और मसेरन सहित अनेक क्षेत्रों में संपर्क मार्ग बाधित हो गए हैं, सिंचाई कूलहों व पेयजल स्रोतों को नुकसान पहुंचा है, कई घरों व कृषि भूमि में दरारें पड़ चुकी हैं तथा भारी मिट्टी के डंगे लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। कई स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था न होने से खेतों और मकानों को नुकसान पहुंच रहा है, जबकि बस स्टॉप, रेन शेल्टर, फुटब्रिज, सुरक्षा रेलिंग और पैदल मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि कई कनेक्टिविटी मार्ग ब्लाइंड टर्न और खतरनाक कोणों पर बनाए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। प्रभावितों ने यह भी आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, मुआवजा तथा टीसीपी एक्ट से संबंधित मामलों में लोगों को पर्याप्त जानकारी और न्याय नहीं मिल पाया है।

ज्ञापन में उपायुक्त की निगरानी में संयुक्त निरीक्षण, एनएचएआई व निर्माण कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में जनसुनवाई, सभी अवरुद्ध संपर्क मार्गों की बहाली, सिंचाई एवं पेयजल स्रोतों की पुनर्स्थापना, वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा और पुनर्वास, फुटब्रिज, बस स्टॉप, रेन शेल्टर, सुरक्षा रेलिंग एवं पैदल मार्गों का निर्माण, निर्माण कार्यों की स्वतंत्र तकनीकी जांच, संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षात्मक कार्य तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है।

इसके साथ ही टीसीपी अधिनियम की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने और पूर्व निर्मित भवनों को एनओसी प्रदान करने की भी मांग उठाई गई है। चंपा देवी ने चेतावनी दी है कि यदि बरसात से पहले समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र में जान-माल की भारी क्षति हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों और निर्माण एजेंसी की होगी।

## कोटली कॉलेज पर श्रेय लेना बंद करें सदर विधायक: बंबर ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला प्रभारी बंबर ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता में सदर विधायक अनिल शर्मा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कोटली कॉलेज को बचाने का झूठा श्रेय लेने के बजाय उन्हें सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज को बंद होने से बचाने के लिए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लगातार प्रयास किए, जिसके बाद सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

बंबर ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और जिला अध्यक्ष व प्रत्याशी भी कांग्रेस की हैं, इसलिए कॉलेज को लेकर निर्णय सरकार ने लिया है, न कि किसी विधायक के बयान से कॉलेज बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनिल शर्मा जनता को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोटली कॉलेज की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने तत्कालीन मंत्री कौल सिंह ठाकुर और कांग्रेस नेताओं की मांग पर की थी और ऐसे में भाजपा नेताओं द्वारा अब इसका श्रेय लेना उचित नहीं है।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सिया हत्याकांड की सुनवाई

## एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य न्यायाधीश को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



सरकाघाट में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपते परिजन व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव की कॉलेज छात्रा सिया गुलेरिया की 13 अप्रैल को हुई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस जांच पूरी होने और न्यायालय में चालान पेश किए जाने के बाद स्थानीय संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों ने मामले का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग उठाई है। इस संबंध में सोमवार को सरकाघाट में एकत्रित हुए लोगों ने एसडीएम राजेंद्र गौतम के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिया न्याय एवं यादगार मंच के संयोजक एडवोकेट सुरेश शर्मा, सह-संयोजक नंद लाल राव तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने किया। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाई जाए तथा इसे सरकाघाट न्यायालय में ही संचालित किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में भेजे गए मांगपत्र के अनुरूप पुलिस द्वारा समय रहते चालान प्रस्तुत कर दिया गया है, लेकिन अब मामले के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष न्यायिक प्रक्रिया अपनाना आवश्यक है।

उन्होंने सिया के परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा उसकी दो बहनों को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। इस दौरान क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता जताते हुए स्कूलों और कॉलेजों में एंटी-ड्रग कमेटियों के गठन तथा जागरूकता अभियान चलाने की मांग भी उठाई गई। एसएफआई ने सिया की स्मृति में प्रतिमा स्थापित करने और पुस्तकालय खोलने की पहल की जानकारी दी। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए 30 जून को गोपालपुर में जागरूकता शिविर आयोजित करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### गोहर के जासन में महिला होमगार्ड भर्ती आज से

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** जिला मंडी के गोहर उपमंडल के जासन (चैलचौक) स्थित छठी वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में महिला होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया कल से शुरू होगी। होमगार्ड भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष कुशल चंद कटोच ने बताया कि 29 रिक्त पदों के लिए कुल 2,689 महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। भर्ती प्रक्रिया तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें 24 जून को 900, 25 जून को 900 तथा 26 जून को 889 अभ्यर्थियां शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि भर्ती को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा, चिकित्सा और पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का आग्रह किया गया है।

### धांगल, सकराह में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले विद्युत अनुभाग महादेव में विद्युत लाइनों के साथ लगे पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते वीरवार 25 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने बताया कि इस दौरान 22 केवी केरन फीडर से जुड़े क्षेत्रों धांगल, सकराह, नेरी, खतरवाड़ी, चांबी, कांगर, सुसन, केरन तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### टायरों की कमी से बस सेवाएं प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट डिपो में बसों के टायर उपलब्ध न होने से कई बस रूट प्रभावित हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने क्षेत्रवासियों के साथ एसडीएम के माध्यम से हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक तथा क्षेत्रीय प्रबंधकों को ज्ञापन भेजा। उन्होंने डिपो में आवश्यकता अनुसार टायरों और स्पेयर पार्ट्स का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने की मांग की। साथ ही रास्ते में टायर पंक्चर होने पर अधिकृत वर्कशॉप से तत्काल वैकल्पिक स्टेपनी उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से एचआरटीसी कर्मचारियों की लंबित देनदारियों के भुगतान की समयसीमा तय करने, कर्मचारियों की ड्यूटी अवधि सीमित रखने तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग भी की।

### युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** मंगलवार को महादेव मंदिर (शिव मंदिर) परिसर में चिट्टा विरोधी अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात समाजसेवी डॉ. सीताराम वर्मा ने की। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल प्रधान ललिता देवी, गीता देवी, लुहारी देवी, पैरा लीगल वालंटियर दौलत राम, साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया, भीम सिंह परदेशी, राजेंद्र कुमार, गोपाल शर्मा, महेंद्र सिंह राणा, चुनी लाल तथा देवी सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एंटी चिट्टा अभियान को बनाएं जन आंदोलन

**अनंत ज्ञान, चौंतड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार की अध्यक्षता में नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 150 पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान को पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना और नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाना था। पुलिस अधीक्षक ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया। प्रतिनिधियों ने नशा उन्मूलन अभियान में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और गांवों को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

### पवन कुमार और शिवचरण ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पंचायत समिति गोपालपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन कुमार तथा उपाध्यक्ष शिवचरण को सोमवार को उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं प्राधिकृत अधिकारी सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पंचायत समिति क्षेत्र के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने दोनों जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### ओवर फुट ब्रिज निर्माण में देरी पर लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, भौर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन के तहत नैरचौक और भौर क्षेत्र के समीप निर्माणाधीन ओवर फुट ब्रिजों के कार्य में हो रही देरी पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण बढ़ते यातायात के बीच सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों रिंकू, विजय, गोलू और मोहन ने बताया कि दिनभर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नौलखा में निर्माणाधीन फुट ब्रिज भी लंबे समय से अधूरा है। लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि सभी निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।

# बाइबल के अपमान पर ईसाई समुदाय में रोष

## डीसी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन, एसपी के जरिए डीजीपी से की शिकायत

अनंत ज्ञान



बाइबल के अपमान पर ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पवित्र बाइबल को कथित रूप से फाड़कर गटर में फेंकने की घटना को लेकर मंडी जिला के ईसाई समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले में जिले के विभिन्न चर्चों के पादरियों ने हजारों ईसाई श्रद्धालुओं का प्रतिनिधित्व करते हुए अल्पसंख्यक विभाग, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह संयोजक सन्नी इप्पन को शिकायत पत्र सौंपा तथा दोषी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को सन्नी इप्पन के नेतृत्व में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा गया, जबकि पुलिस अधीक्षक मंडी के माध्यम से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हिमाचल प्रदेश को भी शिकायत प्रेषित की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि पवित्र धार्मिक ग्रंथ का अपमान करने वाले दोषी को तत्काल गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सन्नी इप्पन ने कहा कि यदि ऐसे असामाजिक तत्वों को समय रहते नहीं रोका गया तो भविष्य में सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। उन्होंने लोगों से शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को ऐसे तत्वों के बहकावे में नहीं आना चाहिए जो समाज में विभाजन पैदा करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समय-समय पर पैसे देकर धर्म परिवर्तन करवाने जैसी झूठी और भ्रामक अफवाहें फैलाकर समाज को तोड़ने का प्रयास करते हैं, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। इस घटना पर मंडी मसीह समुदाय के जिला अध्यक्ष पादरी अमर मसीह, मेथोडिस्ट चर्च के पादरी जनक राज, पादरी प्रेम सिंह नेगी, प्रॉफेट अमर सिंह, पास्टर भरत, पास्टर राजकुमार, पास्टर रवि, पास्टर रूप लाल तथा पास्टर जगरूप सहित अन्य पादरियों ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

## मैकेनिक्स को उन्नत लुब्रिकेंट तकनीक की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर के धनोटू मोटर मार्केट में वाहन लुब्रिकेंट निर्माता कंपनी टोटल क्वार्ट्ज द्वारा मैकेनिक्स के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के नवीनतम अपग्रेडेड लुब्रिकेंट्स की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कंपनी के हिमाचल प्रदेश सेल्स प्रभारी नंदलाल ठाकुर ने बताया कि टोटल क्वार्ट्ज ने अपनी लुब्रिकेंट रेंज में सेमी सिंथेटिक और फुल सिंथेटिक ऑयल को उन्नत करते हुए एपीआई एसक्यू स्तर तथा जीएफ-7ए और जीएफ-7बी मानकों के अनुरूप विकसित किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक वाहनों की तकनीक लगातार बदल रही है, इसलिए उनके बेहतर प्रदर्शन, इंजन सुरक्षा और ईंधन दक्षता के लिए लुब्रिकेंट्स को भी समय-समय पर अपग्रेड करना आवश्यक है। नंदलाल ठाकुर ने बताया कि कंपनी वर्ष 1924 से विश्वभर में उच्च गुणवत्ता वाले लुब्रिकेंट उपलब्ध करा रही है तथा ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों में निरंतर सुधार कर रही है।

## अंग्रेजों से ज्यादा दलितों व अल्पसंख्यकों के शोषण का रिकॉर्ड है कांग्रेस के नाम: चेतराम

अनंत ज्ञान



**नेरचौक।** दलितों और वंचितों को लेकर पिछले दिनों कांग्रेसी नेता चमन राही द्वारा दिए व्यक्तव्य पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्हें दलित विरोधी कांग्रेसी इतिहास को पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भी इतना अत्याचार दलितों और अल्पसंख्यकों पर नहीं किया जितना अत्याचार आजादी के बाद कांग्रेसी सरकारों और नेताओं ने किया है। इसका सबसे बड़े उदाहरण स्वयं संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर जी रहे हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े नेता बाबा साहब जैसे राष्ट्र भक्त नेता को चुनाव में हराने के लिए उतर आए थे, यह किसी से छिपा नहीं है और चमन राही जैसे नेता किस मुंह से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर टिप्पणी कर रहे हैं यह समझ से परे है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री पद पर बैठे हैं तब से निरंतर समाज के पिछड़े वर्ग चाहे वह दलित हो अथवा अल्पसंख्यक उनके उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार की हर योजना में इस वर्ग को हमेशा केंद्र में रख कर कार्य किया जा रहा है और यही कारण है कि यह वर्ग हर चुनावों में नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा हुआ है। 2014 से पूर्व दलित वर्ग अपने को ठगा और असुरक्षित महसूस करता था क्योंकि कांग्रेस सरकारों ने अपने राजनीतिक हित साधने के लिए दलितों और वंचितों को केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए केवल इस्तेमाल किया परन्तु उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। परन्तु आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिस्थितियाँ बदली हैं, दलित वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से निरंतर आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण और समग्र विकास में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा जनधन खाते, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना और अनेकों अन्य योजनाएं दलित समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुई हैं।

# अनिल कुमार बने सरकाघाट स्कूल के एसएमसी प्रधान, जमना देवी उपप्रधान

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट की स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव लंबी प्रक्रिया के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में अनिल कुमार विक्कू को सर्वसम्मति से एसएमसी प्रधान तथा जमना देवी को उपप्रधान चुना गया।

इस बार सीधे चुनाव कराने के बजाय सभी कक्षाओं से डेलीगेट चुने गए, जिन्होंने प्रधान और उपप्रधान का चयन किया। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक पांच, छठी से आठवीं तक चार, नौवीं से दसवीं तक चार तथा प्लस वन और प्लस टू कक्षाओं से छह डेलीगेट चुने गए। इस प्रकार कुल 19 डेलीगेट अभिभावकों द्वारा निर्वाचित किए गए। इन्हीं 19 डेलीगेटों ने सर्वसम्मति से अनिल कुमार विक्कू को प्रधान और जमना देवी को उपप्रधान चुना।

एसएमसी की 25 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता आजाद को सचिव, अरुण उपाध्याय को शिक्षक प्रभारी, स्थानीय पार्षद के रूप में अश्विनी गुलेरिया, आशा वर्कर प्रतिनिधि के रूप में सुजाता देवी तथा द्रौपती देवी और शिक्षक वर्ग से राजेश कुमार सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

नवनिर्वाचित प्रधान अनिल कुमार विक्कू ने अपने चयन पर सभी अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन तथा चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता पवन ठाकुर के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तथा विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

## लापता पुलिस जवान को लेकर लोगों में रोष, जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की पलाहोटा पंचायत से जुड़े लापता पुलिस जवान के मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि जवान के लापता होने के बाद अब तक न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी और न ही क्षेत्र के विधायक, मंत्री अथवा अन्य जनप्रतिनिधि परिवार को सांत्वना देने या उनका हालचाल जानने पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जनता के चुने हुए प्रतिनिधि ही संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़े नहीं होंगे तो आम जनता किससे उम्मीद रखे। ग्रामीणों ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों दलों के नेताओं की ओर से भी कोई विशेष पहल देखने को नहीं मिली है। यहां तक कि स्थानीय स्तर के नेताओं ने भी परिवार से संपर्क नहीं किया।

ग्रामीणों ने अपने स्तर पर एक जनजागरण अभियान शुरू किया है। उनका कहना है कि यह मुहिम तब तक जारी रहेगी, जब तक लापता जवान का पता नहीं चल जाता। जवान के चाचा लीलाधर राणा ने कहा कि परिवार अब चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही मंडी में जवान के समर्थन में एक रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय लोगों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन भी भाग लेंगे। उन्होंने प्रशासन से मामले में प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

# विश्व ओलंपिक दिवस पर पड्डल मैदान में दौड़े 200 युवा, खेल भावना का दिया संदेश

अनंत ज्ञान




मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन जिला मंडी के तत्वावधान में ऐतिहासिक पड्डल मैदान में विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर भव्य खेल समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक कोच भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वागत भाषण के साथ किया तथा युवाओं को खेल भावना अपनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश टीएल वैद्य ने देश के खेल जगत में योगदान देने वाले दिवंगत रणधीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर 2.5 किलोमीटर दौड़ को रवाना किया। प्रतियोगिता में मंडी के नौ शिक्षण संस्थानों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं वर्ग में महक, खुशबू, श्रेया, शान्वी और नाम्या तथा छात्रों वर्ग में इरफान, मुकेश, सुजल, तनिश और शिवांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए।

विजेताओं को मुख्य अतिथि टीएल वैद्य और विशिष्ट अतिथि डॉ. पीएस गुलेरिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में डॉ. पी.एस. गुलेरिया, हेम सिंह, संतोष कपूर, बी.एस. सेन, एच.एन. वैद्य, संतोष वैद्य, हरीश कपूर, कैलाश तिवारी, एम.पी. वैद्य, मोहिंदर सैनी, कमलेश सेन, हरी सिंह, राजेंद्र गुप्ता, शिव चौधरी और डॉ. सुनील सेन सहित खेल एवं शिक्षा जगत की कई हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार ने किया। आयोजन की सफलता में विनोद आर्य, अंजू, सुशील सेन, दिनेश सिंह, डॉ. निर्मल सिंह, सुमन पंडित और नीरज गुलेरिया की विशेष भूमिका रही।

अंत में हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन मंडी के संयोजक एवं डीएवी स्कूल मंडी के प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# जनांदोलन के आगे झुकी सरकार संधोल कॉलेज फिर हुआ बहाल

अनंत ज्ञान

◆ विधायक चंद्रशेखर की मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद फैसला

**सरकाघाट।** संधोल कॉलेज को बंद किए जाने के फैसले के खिलाफ क्षेत्र में चल रहे जनआंदोलन और बढ़ते जनदबाव के बीच सरकार ने आखिरकार कॉलेज को दोबारा बहाल कर दिया है। कॉलेज बंद होने के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी रोष था तथा लगातार विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे थे। विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर था।



इसी बीच धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर संधोल कॉलेज का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य और जनता की भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए कॉलेज को पुनः शुरू करने की मांग रखी। विधायक की पहल के बाद सरकार ने कॉलेज बंदी के फैसले पर रोक लगाते हुए संस्थान को जारी रखने का निर्णय लिया। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को मजबूत करना और युवाओं के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार ने सकारात्मक निर्णय लिया है, जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आवश्यक विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 97 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत हुई है। इस धनराशि से स्कूलों में जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।

संधोल कॉलेज की बहाली को क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। लंबे समय से चल रहे आंदोलन और जनभावनाओं के बीच आए इस फैसले ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता दूर कर दी है। वहीं स्कूलों के लिए 1.97 करोड़ रुपये की स्वीकृति से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि कॉलेज को बचाने के साथ-साथ शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के लिए मिला बजट धर्मपुर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा।

## वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक हिमाचल के निर्माता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडी द्वारा गांधी भवन में एक श्रद्धांजलि सभा एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर ने की, जबकि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला प्रभारी बंबर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजा वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बंबर ठाकुर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ईमानदारी, सादगी और जनसेवा के प्रतीक थे। जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और उनके नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, बागवानी, सड़क तथा अन्य आधारभूत क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोनल अस्पताल मंडी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर योगेश पटियाल, रामलाल शर्मा, तोष कुमार, पुष्पराज शर्मा, प्रदीप शर्मा, कुलदीप ठाकुर, भीम सिंह ठाकुर, प्रेमलाल गुड्डू, प्रकाश कश्यप, करमचंद भाटिया, प्रवीण ठाकुर, योगराज, गीतांजलि शर्मा, सुषमा, रूपेश कुमार, विनय शर्मा, संजय शर्मा, अनु शर्मा, महेश कुमार, भूप सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस पर चमन राही ने कांग्रेस जनों संग अर्पित किए श्रद्धासुमन

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं आधुनिक हिमाचल के निर्माता स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर गांधी भवन मंडी में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कांग्रेसजनों के साथ उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने वीरभद्र सिंह के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें हिमाचल की राजनीति का एक युगपुरुष बताया।

चमन राही ने कहा कि वीरभद्र सिंह प्रदेश के ऐसे अद्वितीय नेता थे, जिन्हें छह बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता और लंबे राजनीतिक सफर का सबसे बड़ा कारण यह था कि उन्होंने हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राजनीति की। वे जाति, पंथ, क्षेत्र और वर्ग से ऊपर उठकर जनसेवा में विश्वास रखते थे और यही कारण था कि उन्हें प्रदेश के हर क्षेत्र में समान सम्मान और स्नेह प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश की जनता वीरभद्र सिंह को सम्मानपूर्वक याद करती है। उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। चमन राही ने कहा कि लोगों द्वारा लगाए जाने वाले नारे 'राजा नहीं फकीर है, हिमाचल की तकदीर है' उनकी जनप्रियता और जनता के साथ उनके आत्मीय संबंधों

अपने अनुभव का साहित्य किसी दर्शन के साथ नहीं चलता, वह अपना दर्शन पैदा करता है। –कमलेश्वर

## संपादकीय

# जानवरों का बढ़ता आतंक

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों जानवरों के हमलों की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। हाल ही में सामने आई दो घटनाओं ने न केवल लोगों को झकझोर दिया है, वरन यह भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर इंसान और वन्य अथवा लावारिस पशुओं के बीच बढ़ता टकराव कब और कैसे रुकेगा? एक ओर हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र में रेबीज से पीड़ित एक चरानी की मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर बिलासपुर में बंदरों के हमले में एक 79 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। ये दोनों घटनाएं दुर्घटनाएं समाज, प्रशासन और व्यक्तिगत जागरूकता से जुड़े कई गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

नादौन क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर के रामनगर का रहने वाला चरानी लगभग दो महीने पहले एक पागल कुत्ते के काटने का शिकार हुआ था। उसने उपचार तो करवाया, लेकिन पूरा नहीं। परिणामस्वरूप उसके शरीर में रेबीज वायरस सक्रिय हो गया। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह असामान्य व्यवहार करने लगा, तब उसे अस्पताल ले जाया गया। पहले नादौन अस्पताल और बाद में कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई।

यह घटना इस बात की गंभीर चेतावनी है कि रेबीज के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। चिकित्सा विज्ञान स्पष्ट रूप से कहता है कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता, बंदर, बिल्ली या कोई अन्य संक्रमित जानवर काट ले, तो समय पर और पूरा उपचार करवाने से रेबीज को रोका जा सकता है, लेकिन यदि लक्षण विकसित हो जाएं, तो यह बीमारी लगभग सौ प्रतिशत मामलों में घातक सिद्ध होती है।

दूसरी घटना बिलासपुर से सामने आई, जहां बंदरों के झुंड ने एक बुजुर्ग व्यक्ति पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की बाद में मृत्यु हो गई। पहाड़ी क्षेत्रों में बंदरों की बढ़ती संख्या लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने से लेकर घरों और बाजारों में उत्पात मचाने तक, बंदरों की समस्या लगातार बढ़ रही है। कई बार भोजन की कमी, मानव हस्तक्षेप या प्राकृतिक आवास के सिकुड़ने के कारण भी जानवर आक्रामक हो जाते हैं।

इंसान और जानवरों के बीच संघर्ष के लिए केवल जानवरों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसके पीछे मानवीय गतिविधियां भी बड़ी वजह हैं। जंगलों का लगातार सिकुड़ना, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और पशुओं के प्रति गैर-जिम्मेदार रवैया इस समस्या को और गंभीर बना रहा है। हिमाचल प्रदेश में आवारा पशुओं की समस्या भी वर्षों से विकराल रूप धारण कर चुकी है। अनेक लोग गायों और बैलों का उपयोग तब तक करते हैं, जब तक वे आर्थिक रूप से लाभदायक रहते हैं।

दूध देना बंद करने या अनुपयोगी होने पर उन्हें सड़कों और खेतों में छोड़ दिया जाता है। परिणामस्वरूप ये पशु भोजन की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं, प्लास्टिक और कचरा खाते हैं तथा कई बार आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में आवारा पशुओं के हमलों से कई लोग घायल हुए हैं और कुछ मामलों में जान भी गंवानी पड़ी है। प्रदेश सरकार, स्थानीय निकायों और पशुपालन विभाग को इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। आवारा पशुओं के लिए पर्याप्त गौशालाओं और आश्रय स्थलों की व्यवस्था, बंदरों की बढ़ती आबादी के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा रेबीज नियंत्रण कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। साथ ही लोगों को भी पशुओं के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा।

रेबीज के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि किसी व्यक्ति को कोई जानवर काट ले या खरोंच मार दे, तो सबसे पहले घाव को कम से कम 15 मिनट तक बहते पानी और साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी किए चिकित्सक से संपर्क कर एंटी-रेबीज वैक्सीन की पूरी खुराक निर्धारित समय पर लेना आवश्यक है। अधूरा इलाज कभी नहीं छोड़ना चाहिए। रेबीज के लक्षण जैसे पानी से डर लगना, बेचैनी, भ्रम, लकवा या असामान्य व्यवहार दिखाई देने लगें, तो बीमारी लगभग असाध्य हो जाती है। इसलिए बचाव और सावधानी ही इसका सबसे प्रभावी उपाय है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### अंग्रेजी साहित्य की प्रख्यात लेखिका

**अनीता देसाई** का नाम भारतीय अंग्रेजी साहित्य की प्रमुख लेखिकाओं में लिया जाता है। उनका जन्म 24 जून 1937 को हुआ था। वे अपने संवेदनशील लेखन, मनोवैज्ञानिक विश्लेषण और मानवीय संबंधों की गहरी पड़ताल के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। प्रसिद्ध उपन्यासकार किरण देसाई उनकी पुत्री हैं।



अनीता देसाई
जन्म : 24 जून, 1937

अनीता देसाई का जन्म अनीता मजूमदार के रूप में हुआ था। उनके पिता बंगाली मूल के व्यवसायी थे, जबकि उनकी माता जर्मन थीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा Queen Mary Higher Secondary School, दिल्ली से प्राप्त की और बाद में Miranda House से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की उपाधि हासिल की। साहित्य के प्रति उनका रुझान बचपन से ही था और उनकी पहली लघु कहानी मात्र नौ वर्ष की आयु में प्रकाशित हो गई थी।

वर्ष 1958 में उन्होंने अश्विन देसाई से विवाह किया। उनका पहला उपन्यास Cry, the Peacock 1963 में प्रकाशित हुआ, जिसने उन्हें साहित्यिक जगत में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कई चर्चित उपन्यास और कहानी-संग्रह लिखे। उनकी रचनाओं में भारतीय समाज, पारिवारिक संबंधों, महिलाओं की मन:स्थिति और सांस्कृतिक संघर्षों का प्रभावशाली चित्रण मिलता है।

अनीता देसाई को तीन बार प्रतिष्ठित Booker Prize की अंतिम सूची में स्थान मिला। भारत सरकार ने उनके साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें Padma Shri तथा वर्ष 2014 में Padma Bhushan से सम्मानित किया। वे Massachusetts Institute of Technology में मानविकी विभाग की सेवामुक्त प्रोफेसर भी रही हैं।



कविता

### मोबाइल का प्रयोग न करें

मुकेश विग, किशन निवास
ठोडो मोड़, सोलन

**वाहन** चला रहे हों या पैदल कहीं जा रहे हों,
खाना खाते समय भी फोन से दूरी बनाए रखें।
न काम से बड़ी कोई मजबूरी, न कोई बहाना करें,
सुरक्षा को प्राथमिकता दें, मोबाइल का प्रयोग न करें।
जब मौसम हो खराब और बिजली चमक रही हो,
चाहे घर में हों या कहीं बाहर सफर कर रहे हों।
सावधानी का साथ लेकर खुद की रक्षा करें,
ऐसे समय में मोबाइल का प्रयोग न करें।
मंदिर जा रहे हों, ध्यान में मन लगा रहे हों,
या स्नान करते हुए अपने कार्य में व्यस्त हों।
एकाग्रता और मर्यादा का सदैव सम्मान करें,
इन पलों में मोबाइल का प्रयोग न करें।
पानी हो या ऊंची ढलान, सेल्फी का न रखें ध्यान,
क्षणिक शौक में डालकर जोखिम में अपनी जान।
सुरक्षित रहें और समझदारी का परिचय दें,
ऐसे अवसरों पर मोबाइल का प्रयोग न करें।
हो रात का अंधेरा या हो रहा नया सवेरा,
चार्जिंग पर लगा हो फोन, रखें उससे थोड़ा फासला।
सावधानी से ही जीवन में सुख और चैन भरें,
चार्जिंग के समय मोबाइल का प्रयोग न करें।
आंखों की रोशनी और कानों का भी रखें ध्यान,
बैटरी जब गर्म हो जाए, न करें उसका इस्तेमाल।
स्वास्थ्य और सुरक्षा का हमेशा सम्मान करें,
समझदारी अपनाएं, मोबाइल का प्रयोग न करें।

# आर्थिक विकास और आम जनता के बीच बढ़ती खाई



डॉ. बलदेव सिंह नेगी
संकाय सदस्य (ग्रामीण विकास),
अंतर्विषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू

सन् 1991 में आर्थिक उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को अपनाने के बाद भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। उद्योग, निवेश, निर्यात और कॉरपोरेट क्षेत्र का विस्तार हुआ तथा देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा। हालांकि, तीन दशकों बाद यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या इस विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंच पाया है।

वास्तविकता यह है कि आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ बेरोजगारी, आय असमानता, कृषि संकट और महंगाई जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। एक ओर बड़ी कंपनियों और संपन्न वर्ग की संपत्ति में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी आबादी आज भी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनयापन की बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए केवल आर्थिक विकास दर को सफलता का पैमाना नहीं माना जा सकता। विकास तभी सार्थक होगा जब उसके लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें।

**जीडीपी की चमक और आमजन की हकीकत :** भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन GDP का आकार ही वास्तविक विकास का पूर्ण संकेत नहीं है। GDP कुल आर्थिक गतिविधियों को दर्शाता है, जबकि प्रति व्यक्ति आय जीवन स्तर का बेहतर सूचक है। देश में विकास के बावजूद आय असमानता, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। कॉरपोरेट मुनाफा और संपत्ति में वृद्धि के बीच आम नागरिक की आय और जीवन गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं दिखता। इसलिए विकास का मूल्यांकन केवल GDP से नहीं, बल्कि रोजगार, आय वितरण और जीवन स्तर के आधार पर होना चाहिए।

**अनुसंधान का खर्च सरकार उठाए, लाभ कौन ले? :** किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था की ताकत अनुसंधान एवं विकास (R&D) पर निर्भर करती है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी पीछे है। देश अपने GDP का केवल लगभग 0.65 % R&D पर खर्च करता है, जबकि वैश्विक औसत लगभग 2% है। भारत में अनुसंधान व्यय का अधिकांश हिस्सा सरकार वहन करती है, जबकि निजी क्षेत्र की भागीदारी कम है। इसके विपरीत विकसित देशों में उद्योग अनुसंधान में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। यह स्थिति प्रश्न उठाती है कि जब विकास का लाभ निजी क्षेत्र को मिलता है, तो नवाचार की जिम्मेदारी भी उसी की अधिक क्यों नहीं है।



**रोजगारविहीन विकास की चुनौती :** भारत में आर्थिक विकास के साथ रोजगार सृजन का अनुपात कमजोर रहा है। GDP वृद्धि के बावजूद युवाओं में बेरोजगारी, शिक्षित बेरोजगारी और असंगठित क्षेत्र में असुरक्षित रोजगार गंभीर समस्या बने हुए हैं। इसी कारण इसे रोजगारविहीन विकास कहा जाता है। बड़ी युवा आबादी के बावजूद यदि विकास सम्मानजनक रोजगार नहीं दे पाता, तो उसकी सार्थकता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

**श्रम सुधार या श्रमिकों की कीमत पर विकास? :** हाल के वर्षों में लागू चार श्रम संहिताओं को सरकार निवेश और उद्योगों के लिए सरल सुधार मानती है, लेकिन ट्रेड यूनियन इसे श्रमिक हितों पर खतरा बताते हैं। उनका कहना है कि इससे अनुबंध आधारित रोजगार बढ़ेगा और श्रमिकों की सौदेबाजी शक्ति कमजोर होगी। साथ ही, मनरेगा जैसी योजनाओं को कमजोर करने की आशंका से ग्रामीण मजदूरों की स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह बहस विकास बनाम श्रमिक सुरक्षा के संतुलन पर केंद्रित है।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता : अवसर या चुनौती?** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) चौथी औद्योगिक क्रांति का आधार बन रही है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन में बड़े बदलाव ला सकती है, लेकिन इसका उपयोग मुख्यत: स्वचालन और लागत घटाने में होने से रोजगार के अवसर सीमित हो सकते हैं। यदि तकनीकी लाभ केवल कुछ वर्गों तक सीमित रहे, तो असमानता बढ़ेगी। इसलिए AI का उपयोग समावेशी विकास और रोजगार सृजन की दिशा में होना आवश्यक है।

**समावेशी विकास की आवश्यकता :** भारत को आर्थिक विकास की आवश्यकता है, इसमें कोई दो राय नहीं। लेकिन विकास को केवल GDP वृद्धि तक सीमित कर देना एक बड़ी भूल होगी। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में विकास का वास्तविक उद्देश्य रोजगार, आय, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के अवसरों का विस्तार होना चाहिए। यदि सरकार अनुसंधान का खर्च उठाए, श्रमिक अधिक असुरक्षित होते जाएं, निजी क्षेत्र नवाचार में सीमित निवेश करे और तकनीकी प्रगति का लाभ कुछ बड़े कॉरपोरेट समूहों तक सिमट जाए, तो विकास का मॉडल पुनर्विचार की माँग करता है। भारत को ऐसी विकास रणनीति की आवश्यकता है जिसमें आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ सामाजिक न्याय, श्रमिक अधिकार, रोजगार सृजन और आय का अधिक समान वितरण भी सुनिश्चित हो।

आखिरकार किसी राष्ट्र की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जाती कि उसकी GDP कितनी बड़ी है। वास्तविक प्रश्न यह है कि उस विकास का लाभ कितने लोगों तक पहुंचा। यदि विकास की चमक के पीछे बहुसंख्यक आबादी रोजगार, आय और सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रही हो, तो यह पूछना पूरी तरह जायज़ है- विकास किसके लिए?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव : सुविधा या सामाजिक संकट?



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। हाल ही में सोशल मीडिया कंपनी मेटा प्लेटफार्म्स के सर्वर में आई तकनीकी खराबी ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि हम इस डिजिटल दुनिया पर कितने अधिक निर्भर हो चुके हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म कुछ घंटों के लिए ठप हुए तो मानो पूरी दुनिया की रफ्तार ही थम गई।

करोड़ों उपयोगकर्ता न तो अपने अकाउंट में लॉगिन कर पा रहे थे और न ही संदेशों का आदान-प्रदान हो रहा था। यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि लोगों की दिनचर्या का गहरा हिस्सा बन चुका है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब ने जहां लोगों को जोड़ने का काम किया है, वहीं इसके अत्यधिक उपयोग ने जीवनशैली को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन पर रहने से नींद की कमी, तनाव, मानसिक थकान और शारीरिक असंतुलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। आज बड़ी संख्या में लोग अपने खान-पान और आराम के समय को भी सोशल मीडिया के लिए समर्पित कर देते हैं।

यह सवाल भी उठता है कि सोशल मीडिया आने से पहले लोग अधिक संतुलित और शांत जीवन जीते थे। आज स्थिति यह है कि कई लोग दिन-रात मोबाइल से जुड़े रहते हैं, जिससे पारिवारिक संवाद भी प्रभावित हो रहा है।

सबसे अधिक प्रभाव युवाओं पर देखा जा रहा है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत ने उनकी पढ़ाई, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। कई बार देखा गया है कि युवा पढ़ाई के बजाय रील्स, वीडियो और चैटिंग में अधिक समय बिताते हैं। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन शिक्षा ने मोबाइल उपयोग को और बढ़ा दिया, जिसका असर आज भी दिखाई देता है। लगातार स्क्रीन टाइम के कारण आत्मविश्वास में कमी, चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।




सोशल मीडिया का एक बड़ा नकारात्मक पक्ष इसका दुरुपयोग भी है। नकली आईडी, साइबर फ्रॉड, फर्जी प्रोफाइल और ऑनलाइन ठगी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। कई लोग गलत जानकारी और भ्रामक कंटेंट का शिकार भी हो रहे हैं। इसके साथ ही अश्लील कंटेंट और अनुचित सामग्री की उपलब्धता बच्चों और किशोरों के मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इंटरनेट का बिना नियंत्रण उपयोग आने वाले समय में गंभीर सामाजिक समस्या बन सकता है। सोशल मीडिया की बढ़ती लत ने पारिवारिक और सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। एक ही घर में रहने वाले लोग अब आमने-सामने संवाद करने के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर अधिक समय बिताने लगे हैं, जिससे रिश्तों में दूरी और भावनात्मक जुड़ाव में कमी आ रही है। लोकप्रियता और फॉलोअर्स की होड़ में कई लोग अपनी निजी और पारिवारिक मर्यादाओं को भी नजरअंदाज कर रहे हैं।

लगातार स्मार्टफोन के उपयोग से गर्दन दर्द, आंखों की कमजोरी, नींद की कमी और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषज्ञ संतुलित उपयोग और सीमित स्क्रीन टाइम की सलाह देते हैं।

अभिभावक बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखें, जबकि स्कूल और समाज डिजिटल जागरूकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही सरकार को साइबर अपराधों और सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सख्त नियंत्रण के लिए प्रभावी कानून बनाने चाहिए। सोशल मीडिया ज्ञान और संवाद का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका जिम्मेदार उपयोग ही समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सादा जीवन, उच्च विचार... सफलता और संतोष का मूल मंत्र



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

मानव जीवन की सच्ची सफलता धन, पद और बाहरी चमक-दमक से नहीं मापी जाती। असली मापदंड यह है कि व्यक्ति भीतर से कितना शुद्ध, ईमानदार और ऊंचा सोचने वाला है। हमारे संतों, महापुरुषों और चिंतकों ने इसी सत्य को समझकर कहा है कि सादा जीवन उच्च विचार ही मानव जीवन का आधार है। यह केवल कहने की बात नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण पद्धति है। सादगी बाहरी जीवन को संतुलित रखती है और उच्च विचार भीतर की आत्मा को दिशा देते हैं। जब दोनों का मेल होता है तभी मनुष्य सच्चे अर्थों में मनुष्य कहलाता है।

सादा जीवन का अर्थ गरीबी या अभाव नहीं है। इसका अर्थ है अनावश्यक इच्छाओं पर नियंत्रण रखना, दिखावे से दूर रहना और अपनी जरूरतों को सीमित रखना। जो व्यक्ति कम में संतुष्ट रहना सीख जाता है वही वास्तव में धनवान है। सादा जीवन मन को शांत और स्थिर रखता है। जब घर में सजावट सीमित हो, भोजन में सादगी हो, पहनावे में दिखावा न हो, तो मन इधर-उधर नहीं भटकता। समय, ऊर्जा और धन व्यर्थ की चीजों में नष्ट नहीं होते। महात्मा गांधी इसका सबसे बड़ा उदाहरण थे। वे खादी पहनते थे, जमीन पर सोते थे और सादा भोजन करते थे लेकिन उनके विचार इतने ऊंचे थे कि पूरी दुनिया ने उनके सामने सिर झुकाया। आज के समय में उपभोक्तावाद ने लोगों को वस्तुओं का गुलाम बना दिया है। नया फोन, बड़ी गाड़ी, ब्रांडेड कपड़े इनके पीछे भागते-भागते व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है। सादा जीवन इस दौड़ से बाहर निकालकर व्यक्ति को अपने अंदर झाँकने का अवसर देता है।

उच्च विचार का अर्थ सोच का दायरा बड़ा होना है। स्वार्थ, ईर्ष्या, घृणा और छोटे-छोटे फायदे की सोच से ऊपर उठकर समाज, देश और मानवता के बारे में सोचना ही उच्च विचार है। उच्च विचार वाला व्यक्ति दूसरों की मदद में सुख पाता है। वह सच बोलता है, मेहनत पर भरोसा करता है और कठिनाइयों में भी धैर्य नहीं खोता। स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, मदर टेरेसा जैसे लोगों का जीवन सादा था, पर उनके विचार इतने ऊँचे थे कि उन्होंने लाखों लोगों को प्रेरणा दी। उच्च विचार के बिना सादगी भी निष्प्राण हो जाती है। कोई व्यक्ति जंगल में जाकर सादा रह सकता है, लेकिन यदि उसकी सोच संकीर्ण है तो वह समाज के लिए अनुपयोगी रहता है। उच्च विचार ही सादगी को अर्थ और दिशा देते हैं। सादा जीवन और उच्च विचार एक-दूसरे के पूरक हैं। सादा जीवन बाहरी अनुशासन देता है और उच्च विचार आंतरिक बल प्रदान करते हैं। जब जीवन में दिखावा और विलासिता बढ़ जाती है तो मन भौतिक चीजों में उलझ जाता है। ऊँची सोच के लिए मन का खाली और शांत होना जरूरी है। जैसे साफ दर्पण में ही स्पष्ट प्रतिबिंब दिखता है, वैसे ही सादा जीवन में ही उच्च विचार पनपते हैं।

आज के प्रतिस्पर्धी और दिखावे से भरे दौर में 'सादा जीवन, उच्च विचार' का सिद्धांत पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। सोशल मीडिया ने लोगों में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ाई है, जिसके कारण तनाव, आर्थिक बोझ और रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं। ऐसे समय में सादगी और सकारात्मक सोच जीवन को संतुलित बनाने का मार्ग दिखाती है।

इस सिद्धांत का अर्थ केवल सादा रहन-सहन नहीं, बल्कि ऊंचे आदर्शों, नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी को अपनाना भी है। विद्यार्थी पढ़ाई और कौशल पर ध्यान देकर, गृहस्थ अनावश्यक खर्च रोककर तथा नेता जनसेवा को प्राथमिकता देकर इसे जीवन में उतार सकते हैं।

सादा जीवन मानसिक शांति, आर्थिक स्वतंत्रता और मधुर संबंधों का आधार बनता है। वहीं उच्च विचार व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। वास्तव में, स्थायी सुख और आत्म-संतुष्टि बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि सादगी, संतोष और ऊंची सोच में निहित है। यही जीवन को सार्थक और सफल बनाने का सच्चा सूत्र है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वस्थ समाज से ही बनेगा स्वस्थ राष्ट्र : पोषण और जागरूकता की वास्तविक चुनौती



शिवालिक अवस्थी
धर्मशाला, जिला कांगड़ा

अक्सर कहा जाता है कि यदि समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र भी मजबूत होगा। इसी सोच के साथ सरकारें स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी अनेक योजनाएं चला रही हैं, ताकि हर वर्ग तक जागरूकता और सुविधाएं पहुंचाई जा सकें लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी समाज के कई हिस्सों में जानकारी और जागरूकता का अभाव बना हुआ है। जब तक हर नागरिक तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी नहीं पहुंचेगी, तब तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरी तरह साकार नहीं हो सकता।

इस दिशा में भारत सरकार ने वर्ष 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है। बाद में वर्ष 2021 में इसे और मजबूत करते हुए पोषण 2.0 के रूप में आगे बढ़ाया गया, ताकि कुपोषण को जड़ से खत्म किया जा सके। इन योजनाओं का लक्ष्य केवल नीति बनाना नहीं, बल्कि समाज के हर कोने तक पोषण और स्वास्थ्य की सही जानकारी पहुंचाना है।

हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-6) के आंकड़े बच्चों के पोषण को लेकर मिश्रित तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। कुछ क्षेत्रों में सुधार हुआ है, तो कुछ में चिंता अभी भी बनी हुई है। छह माह तक केवल का स्तर NFHS-5 के 63.7 प्रतिशत से घटकर NFHS-6 में 55.8 प्रतिशत रह गया, जो गंभीर चिंता का विषय है। वहीं जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने की स्थिति 41.8 प्रतिशत से बढ़कर 50.1 प्रतिशत हुई है, जो सकारात्मक संकेत है।

5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में स्टंटिंग (ऊंचाई के अनुपात में कम वृद्धि) का स्तर 35.5 प्रतिशत से घटकर 29.3 प्रतिशत हुआ है, जो सुधार दर्शाता है। वहीं वेस्टिंग (कम वजन) 19.3 प्रतिशत से लगभग 19 प्रतिशत पर स्थिर है। गंभीर कुपोषण (severe wasting) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो 7.7 प्रतिशत से घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गया है। हालांकि, आयु के अनुसार कम वजन वाले बच्चों के आंकड़ों में बहुत मामूली सुधार ही देखने को मिला है।



इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कुछ क्षेत्रों में प्रगति हुई है, लेकिन कई चुनौतियां अभी भी बरकरार हैं। विशेषकर e&clusive breastfeeding के स्तर में गिरावट चिंता का विषय है। इसका सबसे बड़ा समाधान केवल जागरूकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे कार्य, म तभी सफल हो सकते हैं जब उन्हें जमीनी स्तर पर गंभीरता और ईमानदारी से लागू किया जाए। केवल योजनाएं बनाना या रिपोर्ट तैयार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सर्, य भागीदारी आवश्यक है। जब तक आम लोग स्वयं स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तब तक किसी भी अभियान का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाएगा। स्वस्थ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हर बच्चा उचित पोषण प्राप्त करे और हर मां स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से सशक्त हो। योजनाएं केवल दिशा दिखा सकती हैं, लेकिन वास्तविक परिवर्तन समाज के व्यवहार में बदलाव से ही संभव है। पोषण, जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन ही एक मजबूत, स्वस्थ और विकसित भारत की असली नींव हैं। इसलिए सरकार, समाज और परिवार—तीनों की संयुक्त जिम्मेदारी बनती है कि इस लक्ष्य को वास्तविकता में बदला जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## मनिका बत्रा का खूबसूरत अंदाज

**मनिका** बत्रा एक प्रमुख भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं, जो एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, और ओलंपिक में राउंड ऑफ 32 तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। वे अपनी आक्रामक खेल शैली और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं।



## फीफा विश्व कप

### किलियन एम्बाप्पे का डबल धमाका

# इराक को 3-0 से रौंद फ्रांस नॉकआउट में



**एजेंसी, फिलाडेल्फिया**

किलियन एम्बाप्पे के शानदार दो गोलों की बदौलत फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में इराक को 3-0 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। खराब मौसम के कारण लगभग दो घंटे तक बाधित रहे मुकाबले में भी फ्रांसीसी टीम का दबदबा कायम रहा। एम्बाप्पे ने 14वें और 54वें मिनट में गोल दागकर टूर्नामेंट में अपने गोलों की संख्या चार तक पहुंचा दी। इसके साथ ही विश्व कप इतिहास में उनके कुल गोल 16 हो गए और उन्होंने जर्मनी के महान स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोजे के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। फ्रांस की ओर से तीसरा गोल 66वें मिनट में उस्मान डेम्बेले ने किया। माइकल ओलिसे ने दो गोल में अहम भूमिका निभाते हुए शानदार असिस्ट दिए। पहले हाफ के बाद तेज बारिश और तूफान के कारण मैच करीब एक घंटा 40 मिनट रुका रहा। दर्शकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया और मैदान से पानी हटाने के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। इस जीत के साथ फ्रांस ने नॉकआउट चरण में प्रवेश सुनिश्चित कर खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। वहीं एम्बाप्पे गोल्डन बूट की रेस में लियोनेल मेसी से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रिया पर 2-0 की जीत से अर्जेंटीना नॉकआउट में

**एजेंसी, डलास।** कप्तान लियोनेल मेसी के दो शानदार गोलों की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 में ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मेसी ने एक बार फिर बड़े मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभाते हुए टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। मैच से पहले डलास में अर्जेंटीना समर्थकों का उत्साह चरम पर था। हजारों प्रशंसकों ने पारंपरिक 'बांदेराजो' आयोजन में हिस्सा लेकर पूरे शहर को नीले और सफेद रंग में रंग दिया। मुकाबले की शुरुआत में अर्जेंटीना को पेनाल्टी का मौका मिला, लेकिन मेसी इसे गोल में नहीं बदल सके। इसके बावजूद उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए 39वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। थियागो आल्मादा की समझदारी और फाकुंडो मेडिना के पास के बाद मिली गेंद को मेसी ने सटीक अंदाज में गोल में पहुंचाया। दूसरे हाफ में ऑस्ट्रिया ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन गोलरक्षक एमिलियानो मार्टिनेज ने शानदार बचाव कर अर्जेंटीना की बढ़त कायम रखी। मैच के अतिरिक्त समय में ऑस्ट्रिया की रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए मेसी ने अपना दूसरा गोल दाग दिया और जीत पर मुहर लगा दी। इस दोहरे गोल के साथ उन्होंने विश्व कप में अपने गोलों का रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना ने अंतिम 32 में जगह सुनिश्चित कर ली और खिताब की दौड़ में अपनी दावेदारी भी मजबूत कर दी। (अनंत ज्ञान)

## अल्जीरिया की शानदार वापसी, जॉर्डन को 2-1 से हराकर उम्मीदें बरकरार



**एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को**

फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप जे मुकाबले में अल्जीरिया ने शानदार वापसी करते हुए जॉर्डन को 2-1 से हराया और नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। वहीं, इस हार के साथ जॉर्डन का पहला विश्व कप अभियान समाप्त हो गया।

जॉर्डन ने 36वें मिनट में बढ़त बनाई, जब अल्जीरियाई रक्षा की गलती का फायदा उठाकर निजार अल-रशदान ने शानदार गोल किया। पहले हाफ में पिछड़ने के बाद अल्जीरिया ने दूसरे हाफ में आक्रामक खेल दिखाया।

69वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी नाधिर बेनबुआली ने रियाद महरेज के कॉर्नर पर बेहतरीन हेडर लगाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 82वें मिनट में एक अन्य कॉर्नर पर बॉक्स में बनी अफरा-तफरी के बीच अमीन गुइरी ने नजदीक से गोल कर अल्जीरिया को 2-1 की बढ़त दिला दी। अंतिम मिनटों में जॉर्डन वापसी नहीं कर सका और अल्जीरिया ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। यह विश्व कप इतिहास में पहली बार है जब अल्जीरिया ने पिछड़ने के बाद कोई मुकाबला जीतकर वापसी की है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### वैभव सूर्यवंशी को मिली टीम इंडिया की तीन नंबर जर्सी




**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम इंडिया के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर मंगलवार को रवाना हो गए। बीसीसीआई की ओर से उन्हें 3 नंबर जर्सी होटल भिजवाई गई, जिसे सूर्यवंशी काफी देर तक देखते रहे। सूर्यवंशी को जर्सी भारतीय टीम में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट रघु ने सौंपी। सूर्यवंशी ने सबसे पहले रघु के पैर छूए और उन्हें प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। इस पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड भी किया गया। सूर्यवंशी ने कहा, 'आज वह सपना पूरा हो गया, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जिस दिन पहली बार बल्ला थामकर मैदान पर कदम रखा था, आज वह सपना पूरा हो गया है। यह मेरे अब तक के करियर का सबसे बड़ा कदम है और इस अहसास को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है।' 15 साल के सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय टीम में जगह दी गई है। देश की नेशनल टीम में सिलेक्ट होने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम का आयरलैंड दौरा 26 जून से शुरू हो रहा है और इंग्लैंड दौरा 1 जुलाई से शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में शिवा ने जीता रजत, युग प्रताप को कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जर्मनी के सुहल में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय दल ने एक और सफल दिन के साथ तीन नए पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया। भारत के शिवा नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। वहीं इसी स्पर्धा में युग प्रताप सिंह राठौर ने शानदार निशानेबाजी करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत ने दो पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। टीम स्पर्धा में भी भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में शिवा नरवाल, संदीप बिश्नोई और चिराग शर्मा की तिकड़ी ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत को रजत पदक दिलाया। इन तीन नए पदकों के साथ भारत की कुल पदक संख्या अब 15 हो गई है, जिसमें 5 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय दल लगातार व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर रहा है और इसी के दम पर भारत ने चैंपियनशिप की पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। (अनंत ज्ञान)

### चोट के कारण नीतीश कुमार रेड्डी आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे से बाहर

**एजेंसी, मुंबई।** जांच की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सूत्रों के अनुसार नीतीश रेड्डी क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशी) की चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ भारत की टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। 23 साल के इस ऑलराउंडर को इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे और टी-20 दोनों टीमों में भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर चुना गया था। रेड्डी ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में दो वनडे मैच खेले थे और धर्मशाला में इस प्रारूप में अपना पहला विकेट लिया था। इसके बाद वे लखनऊ में दूसरा वनडे नहीं खेल पाए थे। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम में जेम्स कोल्स को बुलावा

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक की कप्तानी में एक जुलाई से भारत के खिलाफ शुरू होने टी-20 सीरीज के लिए जेम्स कोल्स को टीम में बुलाया है। इंग्लैंड ने सोमवार दोपहर पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 17 खिलाड़ियों की बड़ी टीम का ऐलान किया। इसमें ससेक्स के ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को पहली बार बुलावा मिला है। लेकिन शेष टीम वैसी ही है जिसने टी-20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। उस दौरान इंग्लैंड को सेमीफाइनल में भारतीय टीम से हार मिली थी। विश्व कप में औसत प्रदर्शन के बावजूद जॉस बटलर टीम में बने हुए हैं, जबकि 36 साल के लियम डॉसन की वापसी भी अहम है। (अनंत ज्ञान)

## नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर नॉकआउट दौर में बनाई जगह

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



फीफा विश्व कप 2026 में नॉर्वे ने सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को सेनेगल को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। नॉर्वे की जीत के नायक एरलिंग हालांड रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। मुकाबले की शुरुआत नॉर्वे के लिए शानदार रही। टीम को शुरुआती बढ़त मार्कस पेडर्सेन ने दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में एरलिंग हालांड ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार दो गोल कर नॉर्वे को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

हालांकि, सेनेगल ने हार नहीं मानी। इस्माइला सार ने नॉर्वे के तीसरे गोल के पहले और बाद में दो गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम समय में सेनेगल ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन नॉर्वे की रक्षापंक्ति ने बढ़त बचाए रखी और टीम ने जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण का टिकट हासिल कर लिया। इस जीत के साथ नॉर्वे ने अगले दौर में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया, जबकि सेनेगल की स्थिति मुश्किल हो गई है। सेनेगल दो मैचों में बिना अंक के समूह में तीसरे स्थान पर है।

अब सेनेगल को अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने अंतिम मुकाबले में इराक के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## जर्मनी के स्टार डिफेंडर निको शलोटरबेक विश्व कप से बाहर

**एजेंसी, बोस्टन।** फीफा विश्व कप 2026 के बीच जर्मनी की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख डिफेंडर निको श्लोटरबेक टखने की गंभीर चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। यह चोट उन्हें ग्रुप चरण के मुकाबले के दौरान लगी थी।



मैच के दौरान चोटिल होने के बाद श्लोटरबेक को मध्यांतर से पहले ही मैदान छोड़ना पड़ा। बाद में हुई मेडिकल जांच में उनके बाएं टखने के लिगामेंट में गंभीर क्षति की पुष्टि हुई, जिसके चलते उनका विश्व कप अभियान समाप्त हो गया है। जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नागेल्समैन ने इसे टीम के लिए बड़ा नुकसान बताया। उन्होंने कहा कि श्लोटरबेक रक्षापंक्ति की मजबूती के साथ-साथ खेल निर्माण और नेतृत्व में भी अहम भूमिका निभाते थे। उनकी अनुपस्थिति निश्चित रूप से टीम को महसूस होगी। हालांकि, कोच ने बताया कि श्लोटरबेक टीम के साथ बने रहेंगे और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने खिलाड़ी के सकारात्मक रवैये की भी सराहना की। राहत की बात यह है कि जर्मनी पहले ही अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर नॉकआउट चरण में पहुंच चुका है। (अनंत ज्ञान)

## 27 करोड़ के पंत की 15 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स में वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स (डीसी में वापसी हो गई है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच यह ट्रेड हुआ है। इस आईपीएल के बाद पंत ने लखनऊ की कप्तानी छोड़ दी थी।

लखनऊ ने आईपीएल-2025 के ऑक्शन में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, जो आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। अब ट्रेड के बाद वे 15 करोड़ रुपए की फीस पर दिल्ली से जुड़े हैं। वहीं, कुलदीप यादव 13.50 करोड़ रुपए की अपनी मौजूदा फीस पर लखनऊ में शामिल हुए। पंत एक बार फिर उसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन गए हैं, जहां उन्होंने साल 2016 से 2024 के बीच अपने करियर के 9 सीजन बिताए थे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत ने अब तक कुल 111 मैच खेले हैं। उन्होंने तीन सीजन में 43 मुकाबलों में दिल्ली की कप्तानी भी की। हालांकि, 2025 मेगा ऑक्शन से पहले जीएमआर ग्रुप के साथ कुछ मतभेदों के बाद उन्हें रिलीज कर दिया गया था। इस ट्रेड में कुलदीप दिल्ली कैपिटल्स का साथ छोड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हो गए हैं।

कुलदीप का दिल्ली के साथ 5 सीजन का एक बेहद सफल सफर रहा है, जो अब इस ट्रेड के साथ समाप्त हो गया है। कुलदीप साल 2022 में दिल्ली की फ्रेंचाइजी से जुड़े थे। तब से लेकर अब तक उन्होंने टीम के लिए 65 मैचों में 72 विकेट अपने नाम किए हैं। यह बदलाव कुलदीप के लिए भी एक तरह से घर वापसी जैसा होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट उत्तर प्रदेश से खेला है, जबकि पंत दिल्ली के खिलाड़ी रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## ईरान पर तेल से जुड़े प्रतिबंध कुछ समय के लिए हटाए : वेंस

**एजेंसी, बुर्गेनस्टॉक (स्विट्जरलैंड)**



अमेरिका ने ईरान पर तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए हटा लिया है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षकों को देश में वापस लौटने की अनुमति देगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस ने कल कहा कि ईरान पर तेल से जुड़े प्रतिबंध कुछ समय के लिए हटाए गये है। पश्चिमी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि यह कदम तब उठाया गया जब ईरान, संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षकों को देश में वापस आने की इजाज़त देगा।

स्विट्जरलैंड के आलीशान बुर्गेनस्टॉक रिज़ॉर्ट में बातचीत के बाद श्री वेंस ने पत्रकारों से कहा, 'हमने एक सफल अंतिम समझौते के लिए बहुत अच्छी नींव रखी है।' इस बातचीत का मकसद ईरान के साथ अमेरिका-इज़रायल युद्ध को खत्म करना है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि 'परमाणु मुद्दे पर बहुत संक्षिप्त चर्चा हुई लेकिन विस्तार से कोई बातचीत नहीं हुई।' अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य, जो दुनिया के ज़्यादातर तेल के लिए एक अहम रास्ता है - अब जहाजों की आवाजाही के लिए 'पूरी तरह से खुला' है। ईरान ने युद्ध की शुरुआत में ही इस जलमार्ग को बंद कर दिया था, जिससे पूरी दुनिया में आर्थिक हलचल मच गई थी। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप के दावों को मोदी क्यों नहीं देते चुनौती : जयराम रमेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तुष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ट्रंप ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने के दावे कर रहे हैं लेकिन मोदी उनको चुनौती नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारत को किसी भी ऐसी व्यापारिक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए झांसे में नहीं आना चाहिए जो देश हितों के खिलाफ हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाकर अपने पक्ष में व्यापार समझौता कराने की कोशिश कर रहा है। रमेश ने कहा कि गत छह फरवरी को घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत भारत से कई रियायतों की अपेक्षा की गई, जबकि अमेरिका की ओर से ठोस गारंटी नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि ऐसी किसी भी डील से भारतीय किसानों और घरेलू हितों को नुकसान हो सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रपति ट्रंप को खुश करने के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए और अमेरिकी राष्ट्रपति के उन दावों का जवाब देना चाहिए, जिनमें उन्होंने बार-बार ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने का श्रेय लेने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री बोले-खेल, शिक्षा और अवसरों ने बदली तस्वीर

## बस्तर में बंदूक नहीं, विकास की गूंज: मोदी

**एजेंसी, रायपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां कभी आतंक और हिंसा का माहौल था, वहां आज युवाओं की ऊर्जा खेल और प्रतिभा के माध्यम से सामने आ रही है। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों में लाखों युवाओं की भागीदारी इस परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। यह दर्शाता है कि अब वहां के युवा हिंसा के रास्ते को नहीं, बल्कि अवसर, शिक्षा, खेल और विकास के मार्ग को अपना रहे हैं। यह जानकारी राज्य सूचना विभाग ने आज अपने बयान में दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को विकास और जनविश्वास की विजय बताते हुए कहा है कि सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया था और आज उसके सकारात्मक परिणाम पूरे देश के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कभी भय, हिंसा और अविश्वास का वातावरण था, वहां आज विकास, सुशासन और नई संभावनाओं का युग प्रारंभ हो चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य नागरिक निरंतर भय के साये में जीवन जीने को मजबूर थे। लोगों को अपनी सुरक्षा, आजीविका और सम्मान की चिंता रहती थी। विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अत्यंत कठिन था। सड़क निर्माण से लेकर संचार सुविधाओं के विस्तार तक हर प्रयास का हिंसक विरोध किया जाता था। कई बार निर्माण सामग्री को जला दिया जाता था। ठेकेदारों को धमकाकर भगा दिया जाता था और विकास कार्यों को रोकने की कोशिश की जाती थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बीते वर्षों में हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, हजारों मोबाइल टावर स्थापित किए गए और दूरस्थ गांवों तक संचार सुविधाएं पहुंचाई गईं। बैंकिंग सेवाओं, डाक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के माध्यम से लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और अवसरों का विस्तार है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल बम, बंदूक और गोली के सहारे नहीं लड़ी गई। (अनंत ज्ञान)

## नेफेड नीलामी पोर्टल 'नाफेक्स' शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नेफेड के नए डिजिटल नीलामी पोर्टल 'नाफेक्स.इन' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। नए पोर्टल के माध्यम से कृषि उत्पादों की पारदर्शी खरीद और 48 घंटे के भीतर सीधे किसानों के बैंक खाते में डीबीटी भुगतान की व्यवस्था की गई है। साथ ही किसानों को पहले से पंजीकरण की सुविधा भी दी गई है। अमित शाह ने कहा कि नेफेड अब 30 हजार करोड़ रुपये के टर्नओवर और 500 करोड़ रुपए के लाभ के साथ देश के 76 लाख किसानों को सेवाएं दे रहा है। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया। (अनंत ज्ञान)


## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

मैं, **अंकुश सिंह** पुत्र श्री कुलदीप सिंह निवासी गाँव लाडोली त. अम्ब जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम अंकुश सिंह है। सभी संबंधित नोट करें।

### नाम परिवर्तन

मैं, **मीना देवी,** पत्नी श्री खेम चंद, निवासी गांव जलपेहर, डाकघर जलपेहर, तहसील जोगिंदर नगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नीना देवी गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम मीना देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

**IN THE COURT OF DR GANESH THAKUR, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**

1. Sh. Vikalp Kaushal S/o Vijay Kumar R/o VPO Shahpur, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP). 2. Smt. Kanta Rani D/o Kamal Kumar R/o Near Kali Mata Mandir Road, Patel Chowk Pathankot, Punjab. *Applicants.........*

V/S

1. General Public 2. Local Registrar, Nagar Panchayat Shahpur.

*Respondents.........*

**Subject:-** Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.

Sh. Vikalp Kaushal S/o Vijay Kumar R/o VPO Shahpur, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP) and Smt. Kanta Rani D/o Kamal Kumar R/o Near Kali Mata Mandir Road, Patel Chowk Pathankot, Punjab. has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 17-02-2016 at Shiv Palace Dhaki Road Pathankot, Punjab as per Hindu rites & customs. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 31-07-2026. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**(Dr Ganesh Thakur)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, Distict Kangra (HP)**

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायव तहसीलदार, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि०प्र०)**

मुक्दमा न०
किस्म मुक्दमा - जन्म पंजीकरण
तारीख पेशी 5/08/2026
श्री मति अनुराधा पुत्री श्री रिखी राम निवासी गांव नौरा डा0 गढ जमूला उपतहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

**बनाम आम जनता**

**विषयः- जन्म पंजीकरण करने बारे।**

प्रार्थी श्री मति अनुराधा पुत्री श्री रिखी राम निवासी गांव नौरा डा0 गढ जमूला उपतहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत में अपनी निवासी गांव नौरा डा0 गढ जमूला उपतहसील भवारना की जन्म दिनांक जो की 27/05/1977 गांव नौरा ग्राम पंचायत जमूला में हुई है, का जन्म ग्राम पंचायत जमूला में पंजीकृत करवाने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्राथी के अनुसार अज्ञानता वश उनकी जन्म तिथी सम्बंधित ग्राम पंचायत जमूला के अभिलेख में दर्ज न हो सकी है। अब प्राथी न्यायालय के आदेशों से उपरोक्त ग्राम पंचायत जमूला में अपनी जन्म की तिथी को पंजीकृत करवाना चाहती है। अतः इस ईश्तयार / मुस्त्री मुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जानता को सूचित किया जाता है कि इस बारे में किसी को कोई उज/ एतराज हो तो वह दिनांक 5/8/2026 को आसलतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे उसके उपरांत कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायव तहसीलदार, श्रेणी-॥ भबारना जिला कांगड़ा (हि०प्र०)**

### कोटेशन आमंत्रण सूचना

कार्यालय खंड विकास अधिकारी, विकास खंड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) के कार्यालय में PMKSY 2.0 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में करवाए जा रहे विकास कार्यों हेतु रेत, बजरी व बोल्डर क्रश उपलब्ध करवाने के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता/फर्म अपने सीलबंद कोटेशन विकास खंड कार्यालय, घुमारवीं में दिनांक 29.06.2026 सायं 5:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। आपूर्तिकर्ता के पास वैध जी.एस.टी. नंबर होना आवश्यक है तथा जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति कोटेशन के साथ संलग्न करनी होगी।

प्राप्त कोटेशन दिनांक 30.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे समिति के समक्ष खोले जाएंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में विकास खंड कार्यालय द्वारा गठित समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**दिनांक: 24.06.2026**

**खंड विकास अधिकारी**
**विकास खंड घुमारवीं जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन एवं सतत विकास की दिशा में एक नई पहल

# कुल्लू वन विभाग का ग्रीन एडॉप्शन योजना के तहत निजी संस्थाओं के साथ एमओयू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्स्थापन हरित आवरण में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरंभ की गई राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन योजना के अंतर्गत वन विभाग ने कुल्लू ने दो निजी संस्थाओं रेड एप्पल और पैराडाइज चैटयू के साथ एमओयू हस्ताक्षर किया है।

वनबल प्रमुख एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक डॉ. संजय सूद और वन अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह योजना कार्पोरेट संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों तथा व्यक्तिगत नागरिकों को वन विभाग के साथ सहभागिता स्थापित कर वनीकरण एवं क्षतिग्रस्त वन क्षेत्रों के पुनर्स्थापन में योगदान देने का एक अभिनव अवसर प्रदान करती है। वनबल प्रमुख डा. संजय सूद ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पात्र संस्थाएं वन विभाग द्वारा चिन्हित वन क्षेत्रों को गोद लेकर विभाग द्वारा निर्धारित तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पौधरोपण, पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन (ईको-रेस्टोरेशन) तथा उनके रखरखाव का कार्य कर सकेंगी। इस पहल का उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलता को सुदृढ़ करना, मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसर सृजित करना है। डा. संजय सूद ने कहा कि इस पहल से राज्य में वनावरण में वृद्धि, क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्जीवन तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।इस अवसर पर वन अरण्यपाल मुख्यालय शिमला सुनीत भारद्वाज, वन अरण्यपाल मुख्यालय शिमला सविना भारद्वाज, वन मण्डल अधिकारी कुल्लू ऐंजल चौहान, सहायक वन अरण्यपाल वनीश ठाकुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी जनेर सिंह, अरविंद एसएमएस जाइका, शशि भूषण एफटीयू समन्वयक जाइका, प्रशान्त वन खण्ड अधिकारी, वन रक्षक व वन मित्र उपस्थित रहे।



एमओयू साइन करने के बाद गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

# बंजार पंचायत समिति में भाजपा का कब्जा लता ठाकुर अध्यक्ष और पवन बने उपाध्यक्ष

## भाजपा संगठन की मजबूती व जनसमर्थन से विपक्ष के हौसले पस्त: सुरेंद्र

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विकास खंड के अंतर्गत बंजार पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक और निर्विरोध जीत दर्ज कर अपना परचम लहराया है। इस शानदार विजय से बंजार भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

चुनाव परिणामों के तहत सैंज घाटी के सुचैहन वार्ड से समिति सदस्य लता ठाकुर को अध्यक्ष तथा तीर्थन घाटी के तुंग वार्ड से युवा सदस्य पवन सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी के नेतृत्व में भाजपा ने यहां कांग्रेस को अपनी राजनीतिक ताकत का कड़ा अहसास करवाया है। 15 सदस्यीय इस पंचायत समिति में भाजपा समर्थित 12 सदस्य मतदान प्रक्रिया के लिए उपस्थित रहे, जबकि विपक्षी दल कांग्रेस नामांकन तक दाखिल करने की स्थिति में नहीं आ पाया, जिसके चलते दोनों ही शीर्ष पदों पर भाजपा प्रत्याशियों का निर्विरोध चयन हुआ। इस ऐतिहासिक जीत पर नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि यह परिणाम भाजपा संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और क्षेत्र की जनता के अटूट विश्वास का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायत समिति और नगर पंचायत दोनों ही महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्थाओं में भाजपा को मिला यह भारी जनसमर्थन स्पष्ट संकेत देता है कि क्षेत्र की जनता सिर्फ विकास और सुशासन की राजनीति के साथ खड़ी है। विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने केवल चुनावी मौसम में नजर आने वाले नेताओं और भ्रामक राजनीति करने वालों को करारा जवाब दिया है।



विधायक सुरेंद्र शौरी को कंधों पर उठाकर जश्न मनाते हुए कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के खिलाफ 26 तक चलेगा विशेष जागरुकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला के दिशा-निर्देशों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू द्वारा 26 जून तक मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत पैनल अधिवक्ताओं, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और पैरा लीगल वालंटियर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक 22 जून को कटराई पंचायत व सरवरी स्लम क्षेत्र, तथा 23 जून को आईटीआई पतलीकूहल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। आगामी कार्यक्रमों में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, नशा मुक्ति केंद्र मौहल, भुट्टी स्कूल तथा जिला कारागार कुल्लू शामिल हैं।

# स्वच्छ और हरित वातावरण के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 चरण दो के तहत युवा प्रतिभागियों ने लालुंग और काजा के विभिन्न गांवों में आयोजित ग्राम सभा में भाग लिया तथा प्रधान, उप-प्रधान एवं पंचायत सचिव के साथ संवाद स्थापित किया। इस संवाद के माध्यम से युवाओं को स्थानीय शासन व्यवस्था, सामुदायिक विकास योजनाओं तथा पंचायत स्तर की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने हेतु प्रतिभागियों द्वारा पौधरोपण अभियान तथा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से गांवों में स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित किया गया। युवा प्रतिभागियों ने घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न विकासात्मक एवं सामुदायिक पहलों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने किसानों के सेब के बागानों का भ्रमण किया, जहां उन्होंने सेब की खेती, आधुनिक कृषि पद्धतियों तथा सिंचाई तकनीकों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। किसानों के साथ संवाद से उन्हें ग्रामीण आजीविका एवं सतत कृषि के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर भी मिला। विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम युवाओं को अनुभवात्मक शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण विकास में सक्रिय योगदान के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है तथा आत्मनिर्भर एवं सशक्त गांवों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय संकल्प को मजबूती प्रदान कर रहा है।

## कुल्लू में सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 60 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर (केवल पुरुष) के कुल 60 पदों के लिए भर्ती अधिसूचित की गई है। यह भर्ती जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आवेदकों की योग्यता 10वीं पास निर्धारित है तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 रुपए से 24,000 रुपए मासिक वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ रहेगा। इच्छुक उम्मीदवार 27 जून को प्रात: 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में मूल दस्तावेजों सहित इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है तथा अधिक जानकारी के लिए विभागीय संपर्क नंबर पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# केलांग में महिला उद्यमियों के लिए फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट आयोजित



कार्यक्रम के दौरान अधिकारी व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला उद्योग केंद्र लाहौल-स्पीति द्वारा डीपीओ कार्यालय केलांग में महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम एनआईटीकॉन लिमिटेड के माध्यम से हुआ, जिसमें जिले की लगभग 53 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं बैंकों के प्रतिनिधियों ने महिला उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, अनुदान, बीमा सुरक्षा तथा उद्यम पंजीकरण प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इसमें एसबीआई, केसीसीबी, आईसीआईसीआई बैंक, ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, हस्तशिल्प सेवा केंद्र एवं एनआरएलएम सहित कई संस्थान शामिल रहे। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे प्लेटफॉर्मों की जानकारी दी, जिससे वे अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में सफल उद्यमी नीमा देवी ने भी अपने अनुभव साझा किए। यह आयोजन रैंप परियोजना के अंतर्गत महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# भुंतर में फेल हुआ कांग्रेस का 'खेला' नगर पंचायत पर भाजपा का कब्जा

## सोनी शर्मा अध्यक्ष और मीना ठाकुर बनी उपाध्यक्ष, पर्ची से हुआ फैसला

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** नगर पंचायत भुंतर में कांग्रेस की तमाम जोड़-तोड़ की राजनीति धरी की धरी रह गई। निर्दलीय प्रत्याशियों और अपनी ही विचारधारा से जुड़े चेहरों को अपने पाले में लाने में कांग्रेस पूरी तरह नाकाम रही।भुंतर नगर पंचायत में पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया है।सोनी शर्मा नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष और मीना ठाकुर को उपाध्यक्ष चुना गया है।

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर की अध्यक्षता में पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सोनी शर्मा वार्ड -6 व सोनिया डोगरा वार्ड -5 ने नामांकन भरा था। वहीं, उपाध्यक्ष के लिए मीना ठाकुर वार्ड -2 व चंद्रकला वार्ड - 3 ने नॉमिनेशन भरा। जिसके बाद चुनाव हुए और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों ही पदों के लिए बराबर बराबर 4-4 मत पड़े। जिसके बाद पर्ची प्रकिया के माध्यम से चयन हुआ जिसमें सोनी अध्यक्ष जबकि मीना ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर नव नियुक्त अध्यक्ष सोनी शर्मा ने कहा कि उन्हें उनकी ईमानदारी व जनता के साथ अच्छे व्यवहार के कारण ही वार्ड की जनता ने एक बार फिर जनसेवा का मौका दिया है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से उन पर लगाये जा रहे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था और यही कारण था कि चुनाव के समय उनके वार्ड में लगाये गए पोस्टर में कांग्रेस का कहीं नाम नहीं था। वहीं, नव नियुक्त उपाध्यक्ष मीना ठाकुर ने कहा कि यह जीत विकास की राजनीति, कार्यकर्ताओं की एकजुटता और शीर्ष नेतृत्व की कुशल रणनीति की जीत है। परिणाम घोषित होते ही भाजपा समर्थकों में जश्न का माहौल बन गया और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।



जीत के बाद खुशी मनाते भुंतर नपं के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।

# पंचायत समिति आनी में कांग्रेस का अध्यक्ष और भाजपा की उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पंचायत समिति आनी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव मंगलवार को पंचायत समिति सभागार आनी में संपन्न हुए। नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों की दूसरी बैठक पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया। 15 सदस्यीय पंचायत समिति आनी में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित राम सिंह ठाकुर तथा कांग्रेस समर्थित सतपाल ठाकुर मैदान में थे।

मतदान के दौरान कांग्रेस समर्थित सतपाल ठाकुर को 8 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा समर्थित राम सिंह ठाकुर को 7 मत मिले। इस प्रकार सतपाल ठाकुर एक मत के अंतर से पंचायत समिति आनी के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए।वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित गंगा देवी और कांग्रेस समर्थित बृजमोहन के बीच मुकाबला हुआ। मतदान में गंगा देवी को 9 मत प्राप्त हुए, जबकि बृजमोहन को 6 मत मिले। इसके साथ ही गंगा देवी पंचायत समिति आनी की नई उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पंचायत समिति सभागार के बाहर कांग्रेस समर्थकों ने अध्यक्ष पद पर जीत की खुशी में जमकर नारेबाजी की और ढ़ोल नगाड़ों की थाप पर नाचे। दूसरी ओर भाजपा समर्थकों ने उपाध्यक्ष पद पर अपनी प्रत्याशी की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खुशी मनाई।

**बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस ने गंवाया उपाध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष को हुई क्रॉस वोटिंग :** हालांकि पहली बैठक के बाद कांग्रेस समर्थित खेमे के पास 9 सदस्यों का बहुमत माना जा रहा था। सूत्रों के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की ओर से बृजमोहन तथा गंगा देवी ने दावेदारी पेश की थी, लेकिन सहमति न बनने पर गंगा देवी को भाजपा ने उपाध्यक्ष पद की पेशकश कर दी। राजनीतिक समीकरणों और क्रॉस वोटिंग के चलते गंगा देवी को अपेक्षा से अधिक समर्थन मिला। गंगा देवी ने 9 मत हासिल कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बृजमोहन को 6 मतों से पीछे छोड़ते हुए उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। इस प्रकार बहुमत की स्थिति में दिखाई देने के बावजूद कांग्रेस उपाध्यक्ष पद अपने खाते में नहीं जोड़ सकी।



चुनाव संपन्न होने के बाद जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

## 24 घंटे दुकानें खुली रखने का आदेश वापस ले सरकार : गौतम

**अनंत ज्ञान मनाली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने राज्य सरकार से मांग की है कि दुकानों, रेस्तरां तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खुले रखने संबंधी आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी मनाली में कानून-व्यवस्था और सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।गौतम ठाकुर ने कहा कि आदेश लागू होने के पश्चात माल रोड सहित कई प्रमुख बाजारों में दुकानें देर रात से लेकर सुबह तीन-चार बजे तक खुली रहती हैं, जिससे हुड़दंगी पर्यटकों और असामाजिक तत्वों को खुली छूट मिल रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान मारपीट और आपसी झगड़ों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके अतिरिक्त नशे की हालत में बाइक और कार चालक यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए माल रोड तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि एक ओर पुलिस बल की कमी के कारण मई और जून माह में पूरा शहर भारी ट्रैफिक जाम से जूझता रहा है, वहीं दूसरी ओर देर रात तक बाजार खुले रहने से पर्यटक विभिन्न क्षेत्रों में घूमते-फिरते दिखाई देते हैं। इससे स्थानीय निवासियों की शांति और सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है तथा लोगों के लिए रात को चैन की नींद सोना भी कठिन हो गया है।गौतम ठाकुर ने कहा कि पुलिस प्रशासन भी कई बार संदिग्ध और हुड़दंगी तत्वों से सख्ती से पूछताछ करने में असहज महसूस करता है, क्योंकि सरकार स्वयं पूरी रात बाजार और व्यावसायिक गतिविधियों को खुला रखने की अनुमति दे रही है।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की श्रद्धांजलि



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में मंगलवार को जिला भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की एकता और अखंडता के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भीमसेन शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, विचारों और देशहित में किए गए संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## लाहौल-स्पीति में 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की नियंत्रित वितरण व्यवस्था समाप्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिला लाहौल-स्पीति में 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण को लेकर पूर्व में लागू की गई नियंत्रित वितरण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि जिला में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति में आई कमी के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 18 मार्च 2026 को एक विशेष नियामक व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों का वितरण नियंत्रित ढंग से किया जा रहा था। इस व्यवस्था का उद्देश्य सीमित उपलब्धता की स्थिति में उपभोक्ताओं को आवश्यक गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना था। अब जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की समीक्षा के उपरांत यह पाया गया है कि 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य हो चुकी है तथा जिले में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। आपूर्ति व्यवस्था के सामान्य होने के मद्देनजर पूर्व में लागू नियंत्रित वितरण प्रणाली की आवश्यकता नहीं रह गई है। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 18 मार्च को जारी कार्यालय आदेशों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया गया है। आदेशों के अनुसार अब 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों का वितरण संबंधित एचपीएससीएससी गैस एजेंसियों द्वारा सामान्य आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

# लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें : अनुराग चंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में 'एड्स सुरक्षा हेतु जन-सक्रियता अभियान' (एमएएस) एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा निर्धारित 95:95:99 लक्ष्यों तथा एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी के मां से शिशु में संक्रमण की रोकथाम (त्रिस्तरीय संक्रमण उन्मूलन) की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 दिसंबर, 2026 तक जिले में 95:95:99 के लक्ष्यों को हर हाल में प्राप्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि इसके लिए एक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर सख्ती से लागू किया जाए, ताकि कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। बैठक में बताया गया कि नाको द्वारा इसे चार श्रेणियों 'सुरक्षित प्लस', 'सुरक्षित', 'सक्षम' और 'संघर्षशील' में वर्गीकृत किया गया है। अप्रैल 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल्लू जिला वर्तमान में 'संघर्षशील' श्रेणी में है। उपायुक्त ने कहा कि जिले को 'सुरक्षित' तथा आगे चलकर 'सुरक्षित प्लस' श्रेणी में लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने प्रसव पूर्व देखभाल के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मां से शिशु में संक्रमण के मामलों को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। उपायुक्त ने नाको के निर्देशानुसार प्रत्येक माह नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने तथा कार्यक्रम की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

# पीएम मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में पूरे विश्व ने माना भारतवर्ष का प्रभुत्व : गोविंद



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व उनके साथ अन्य पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा तथा 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' उनका संकल्प आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के नेतृत्व को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नई उपलब्धियों का काल बताया। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र आज जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली से भ्रष्टाचार पर रोक लगी है और करोड़ों लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। कार्यक्रम में कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पनगां स्कूल में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में उप मंडलीय विधिक सेवा समिति मनाली के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनगां में 'सशक्त, समर्थ एवं समरस समाज-संवैधानिक लक्ष्य' विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उप मंडलीय विधिक सेवा समिति मनाली के अध्यक्ष एवं सिविल जज एवं जेएमएफसी, राहुल वर्मा ने की। उन्होंने विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। राहुल वर्मा ने कहा कि विधिक जागरूकता एक सशक्त और समरस समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा अपने जीवन के लक्ष्य और करियर निर्माण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र का भविष्य हैं और शिक्षा, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के माध्यम से ही वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक जिला न्यायवादी मनाली उमेन्द्र परमार, थाना पतलीकूहल के प्रभारी रजत, ग्राम पंचायत पनगां की प्रधान शालू तथा उपप्रधान विजय प्रकाश, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम ठाकुर, प्राथमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापक लाल चंद सहित विद्यालय के अध्यापकगण, विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शिम गांव में देवता थान मंदिर व स्कूल में चोरों ने लगाई सेंध



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल थाना के अंतर्गत मंडलगढ़ पंचायत के शिम गांव में चोरी का मामला सामने आया है। सोमवार देर रात करीब एक बजे शातिर चोरों ने शिम गांव के बीच स्थित थान देवता के मंदिर व राजकीय माध्यमिक स्कूल के करीब पंद्रह ताले तोड़ दिए द्य सीसी टीवी कैमरा की रिकॉर्डिंग के अनुसार एक व्यक्ति देर रात कंबल ओढ़कर मंदिर और स्कूल के कमरों में घुसा और स्कूल की अलमारियों के ताले तथा मंदिर के ताले तोड़े द्य स्कूल की मुख्याध्यापिका सरिता शर्मा ने बताया कि चोर ने स्कूल की अलमारियों में रखा सारा सामान बिखेर दिया लेकिन स्कूल से कोई समान चोरी नहीं कर पाया द्य कहा कि चोर ने स्कूल में रखे लैपटॉप व अन्य कीमती सामान को हाथ भी नहीं लगाया जिससे साफ है कि उपरोक्त चोर केवल नकदी चुराने की मंशा से आया था । वहीं देवता थान के कारकून अरुण नेगी ने बताया कि चोर ने मंदिर का ताला तो तोड़ा मगर किसी प्रकार का समान चोरी नहीं हुआ है द्य सीसी टीवी में उक्त चोर चोरी की बारदात को अंजाम देता स्पष्ट नजर आ रहा है जिसकी वीडियो फुटेज भी लोगों द्वारा वायरल की गई है। पतलीकूहल पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के अवसर पर राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके योगदान को स्मरण करते हुए नागरिक अस्पताल सोलन में मरीजों के बीच फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. कर्नल संजय शांडिल, कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा, चेयरमैन एवं पूर्व उपमहापौर राजीव कौड़ा, जिला परिषद सदस्य अमित ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पार्षद पूजा, सुलक्षणा कौड़ा, मीनाक्षी शर्मा, अरुणा ठाकुर, बाघाट बैंक के पूर्व निदेशक कृष्ण ग्रोवर तथा विकास ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजा वीरभद्र सिंह के प्रदेश के विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह का जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# जनसेवा को श्रद्धांजलि: वीरभद्र सिंह की जयंती पर मरीजों को फल-दूध वितरित

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के अवसर पर पच्छाद कांग्रेस और पच्छाद युवा कांग्रेस द्वारा राजगढ़ अस्पताल में मरीजों को फल एवं दूध वितरित किए गए। इस अवसर पर पच्छाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह का हिमाचल प्रदेश के विकास और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में अतुलनीय योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलकर जनता की सेवा और संगठन को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं पच्छाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह के आदर्श, कार्यशैली और जनसेवा की भावना प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजा साहब ने समाज के हर वर्ग के समान विकास के लिए कार्य किया, उसी सोच को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर मरीजों को फल और दूध वितरित कर राजा वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर राजगढ़ अस्पताल में रोगियों को फल बांटते कांग्रेसी। अनंत ज्ञान

## विकास कार्यों की मंजूरी बनी सियासी बहस का कारण

# स्कूलों को मिली 1.60 करोड़ रुपए की सौगात, पच्छाद कांग्रेस में श्रेय की जंग

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में भवन निर्माण, रिटेनिंग वॉल तथा अन्य विकास कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत होने के बाद कांग्रेस के भीतर श्रेय को लेकर बहस छिड़ गई है। सोशल मीडिया पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर तथा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी दयाल प्यारी के समर्थक अलग-अलग दावे करते नजर आ रहे हैं।

**पहला पक्ष**

**जीआर** मुसाफिर समर्थकों ने सोशल मीडिया पोस्टों के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय मुसाफिर के प्रयासों को दिया है।

**दूसरा पक्ष**

**वहीं** दूसरी ओर दयाल प्यारी समर्थकों का कहना है कि क्षेत्र की जनता की मांगों को लगातार सरकार तक पहुंचाने और विभिन्न स्कूलों के विकास कार्यों के लिए आवाज उठाने का परिणाम यह स्वीकृति है।

इस बीच दीदग ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान एवं वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश ठाकुर ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जीएसएसएस सनियो दीदग स्कूल की एसएमसी द्वारा तैयार प्रस्ताव को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को तीन बार सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलकर राशि उपलब्ध करवाने तथा शिलान्यास करवाने का आग्रह भी किया गया था। वेद प्रकाश ठाकुर के अनुसार इस पूरे प्रयास में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर भी साथ रहे तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुंदर सिंह ठाकुर का भी विशेष योगदान रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, जीआर मुसाफिर और सुंदर सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### लंबित विकास कार्य पूरे होने की उम्मीद

**प्राप्त** जानकारी के अनुसार थेना बस्तूरी, हाब्बन, दाहन, मड़ीघाट, धार टिक्करी तथा सनियो दीदग सहित विभिन्न स्कूलों के लिए लगभग 1.60 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे लंबे समय से लंबित कई विकास कार्य पूरे होने की उम्मीद है। हालांकि सोशल मीडिया पर श्रेय को लेकर बहस जारी है, लेकिन आम लोगों का मानना है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि क्षेत्र के स्कूलों को विकास कार्यों के लिए बड़ी धनराशि मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रैच कार्यकर्ता, सहायिका पद के लिए आठ जुलाई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना नाहन के अंतर्गत वृत्त नाहन शहरी-2 में क्रैच केंद्र अप्पर-स्ट्रीट नजदीक महलात की घाटी में क्रैच कार्यकर्ता एवं सहायिका का एक-एक पद तथा वृत्त नाहन शहरी-1 के तैली मोहल्ला में क्रेच सहायिका का एक पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है, जिसके लिए इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार को अपने आवेदन सादे कागज पर आवश्यक दस्तावेजों सहित आठ जुलाई तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में जमा करवाने होंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक संबंधित क्रेच क्षेत्र की सामान्य निवासी होनी चाहिए, क्रेच कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास तथा क्रेच सहायिका हेतु 10वीं पास रखी गई है तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से कम होनी चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र तहसीलदार/नायब तहसीलदार/कार्यकारी मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन पदों हेतु साक्षात्कार 15 जुलाई को बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में प्रातः 10:30 बजे से होंगे।

### जेएसवी मंडल राजगढ़ में भरे जाएंगे विभिन्न श्रेणियों के 10 अंशकालिक पद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला के जल शक्ति मंडल राजगढ़ में विभिन्न पेयजल योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए पैरा पंप चालक, पैरा फिटर और बहुउदेशीय कार्यकर्ता के कुल 10 पदों को अंशकालीन आधार पर भरा जा रहा है। अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल राजगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अंशकालीन आधार पर 04 पैरा पंप चालक नियुक्त किए जांएगे, जिसमें 2 पद अनारक्षित, 1 पद अनुसूचित और 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इसी प्रकार पैरा फिटर के 2 पदों में एक पद अनुसूचित और एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता के 4 पदों में 2 पद अनारक्षित, एक पद अनुसूचित और एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। उन्होंने बताया कि पात्र इच्छुक व्यक्ति 4 जुलाई तक अपना आवेदन डाक द्वारा अथवा स्वयं जल शक्ति मंडल राजगढ़ कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करवा सकते हैं। पैरा पंप चालक के उम्मीदवार के पास इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, डीजल मैकेनिक, पंप आपरेटर अथवा पंप संचालन रखरखाव के ट्रेड में मान्यता प्राप्त आईटीआई प्रमाण पत्र सहित 10वीं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य है। इसी प्रकार पैरा फिटर उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त आईटीआई से फिटर ट्रेड में प्रमाण पत्र सहित 10वीं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए तथा बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता के लिए राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय से कम से कम 8वीं पास होना जरूरी है । इन पदों के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 45 वर्ष, तथा उसके पास हिमाचली प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। पैरा पम्प चालक तथा पैरा फिटर को 7100 रुपए तथा बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता की 6000 रुपए प्रतिमाह पर अंशकालीन आधार पर प्रतिदिन 6 घंटे के लिए नियुक्ति की जाएगी।

### अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट द्वारा आयोजित चार दिवसीय रक्तदान जीवनदान अभियान के तहत चल रहे रक्तदान शिविर के तीसरे दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में उपप्रधान रौडी मदन शर्मा, उपप्रधान मांगू राजेश पूरी सहित कई युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया। इसके अलावा फाउंटेन यूथ क्लब धार, ट्रक ड्राइवर सिक्योरिटी विभाग, युवा मंडल, लेडीज क्लब, आईटीआई सेड़ी, अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट तथा अदाणी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के कर्मचारियों ने भी रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तीसरे दिन कुल 115 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का संचालन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के तकनीकी मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। डॉ. अलीशा सोलंकी सिंह के निर्देशन में विशेषज्ञ टीम द्वारा रक्त संग्रहण की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर अदाणी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के चीफ प्लांट मैनेजर सुनील कुमार चौधरी, संजय शर्मा, ग्राम पंचायत रौड़ी के तकनीकी सहायक यशपाल शर्मा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना कार्यक्रम समन्वयक अजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे।



### जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सुधार सभा सक्रिय, कंपनी प्रबंधन से कार्रवाई की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सब उपमंडल ग्राम पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट की बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं तथा अंबुजा कंपनी से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि पहले आम लोगों को नियमित बैठकों में अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलता था, जिससे कई मामलों का समाधान भी हो जाता था, लेकिन पिछले कुछ समय से यह प्रक्रिया लगभग बंद हो गई है। सुधार सभा के महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में अंबुजा कंपनी गेट से दाड़लाघाट तक पैदल मार्ग की खराब स्थिति प्रमुख मुद्दा रही। सदस्यों ने कहा कि यह मार्ग काफी जर्जर हो चुका है, जिससे लोगों को रोजाना आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अंबुजा गेट क्षेत्र से बारिश के दौरान नीचे आने वाले पानी और बंद पड़ी नालियों की समस्या भी उठाई गई। सदस्यों का कहना था कि उचित निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा जल लोगों के घरों और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहा है। बैठक में बस सुविधा बढ़ाने की मांग भी दोहराई गई। सभा ने कंपनी प्रबंधन से बस सेवा को वैटनरी मोड़ तक विस्तारित करने और सुबह आठ बजे एक अतिरिक्त बस चलाने का आग्रह किया। गांव बागा मार्ग पर प्रस्तावित बस शेल्टर के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई गई। सभा ने उम्मीद जताई कि कंपनी प्रबंधन समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाएगा।

### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलेंगे कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में एनएसएस, इको क्लब तथा स्काउट एंड गाइड इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 17 से 26 जून तक अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी हीरालाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस दौरान नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश दिए। विद्यार्थियों को नशा विरोधी शपथ भी दिलाई गई। उपप्रधानाचार्य महेंद्र कौंडल ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त भारत के निर्माण को बढ़ावा देना रहा।

# सलोगड़ा-अश्वनी खड्ड मार्ग पर पुलिस सख्त, पर्यटकों की मनमानी बर्दाश्त नहीं

## वाटरफॉल क्षेत्र में सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों पर भी होगी कार्रवाई, एएसपी ने दिए कड़े निर्देश

अनंत ज्ञान

- पर्यटन स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस ने कसी कमर
- ट्रैफिक जाम और हुड़दंग पर लगाम लगाने को बढ़ेगी पेट्रोलिंग

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सलोगड़ा-अश्वनी खड्ड मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक जाम, बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ पर्यटकों द्वारा हुड़दंग तथा स्थानीय लोगों के साथ बहस की घटनाओं को लेकर सलोगड़ा एवं मनसार के बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोलन को पत्र सौंपकर विशेष रूप से शनिवार और रविवार को पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने का आग्रह किया। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सोलन राजकुमार चंदेल ने कहा कि सलोगड़ा-अश्वनी खड्ड मार्ग पर बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। यदि कोई पर्यटक या अन्य व्यक्ति हुड़दंग करता है, स्थानीय लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करता है अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि वाटरफॉल के आसपास और सड़क किनारे अपने वाहन खड़े न करें, ताकि यातायात सुचारू बना रहे और किसी प्रकार की दुर्घटना या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

एएसपी राजकुमार चंदेल ने आश्वासन दिया कि सलोगड़ा-अश्वनी खड्ड मार्ग पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई और क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर दिए गए आश्वासन पर आभार व्यक्त किया।



एएसपी को ज्ञापन देते बीडीसी सदस्य मनीष कुमार। अनंत ज्ञान

### गंभीर बीमारी से जूझ रही ज्योति तोमर की मदद को आगे आई समाज कल्याण समिति

# जनसहयोग से जुटाई 59,400 की राशि, उपचार के लिए की भेंट

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के खालटू मतियाना गांव की 16 वर्षीय ज्योति तोमर की सहायता के लिए पझौता स्वतंत्रता सैनानी समाज कल्याण समिति आगे आई है। समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने ज्योति के भाई को 59 हजार 400 रुपए का आर्थिक सहयोग स्वरूप चेक भेंट किया। गौरतलब है कि ज्योति गंभीर बीमारी से जूझ रही है और वर्तमान में सोलन अस्पताल में उपचाराधीन है। चिकित्सकों के अनुसार ज्योति की सर्जरी पर लगभग 20 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों ने समाज से मदद की गुहार लगाई है।

इस कठिन समय में पझौता स्वतंत्रता सैनानी समाज कल्याण समिति ने लोगों के अंशदान से एकत्र की गई राशि के माध्यम से सहायता का हाथ बढ़ाया है। इस अवसर पर अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने कहा कि समिति निरंतर असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करती आ रही है और आज भी ज्योति की मदद जनसहयोग से की जा रही है। उन्होंने ज्योति के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर शकुंतला प्रकाश, परीक्षा चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव विवेक शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, सुंदर सिंह ठाकुर, रत्न हाब्बी, व्यापार मंडल राजगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, दीदग पंचायत प्रधान वेद प्रकाश ठाकुर, बलदेव कश्यप, दिनेश आर्य, हरदेव राणा और नरेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टी-सीरीज के बैनर तले रिलीज हुई 'विद यू'

## सीएम सुक्खू ने किया विमोचन, अभिनय के साथ निर्देशन में भी गेविन बीट्स का दम

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** गौतम एंटरटेनमेंट और गेविन बीट्स के संयुक्त तत्वावधान में निर्मित हिंदी म्यूजिक एलबम 'विद यू' इन दिनों काफी चर्चा में है। गौतम एंटरटेनमेंट के चेयरमैन जगत गौतम ने पत्रकार वार्ता में बताया कि टी-सीरीज के बैनर तले बनी इस रोमांटिक म्यूजिक एल्बम का हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा विमोचन किया गया है। उन्होंने बताया कि एलबम में युवा कलाकार गेविन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। गेविन ने अभिनय के साथ-साथ इस एल्बम का निर्देशन भी स्वयं किया है। वहीं आयुष्मा ने नायिका की भूमिका निभाई है। दोनों कलाकारों की जोड़ी को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

### हिमाचल की खूबसूरत वादियों में हुई एलबम की शूटिंग

*__म्यूजिक__ वीडियो की शूटिंग हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत पर्यटन स्थलों अर्की, शिमला और कुफरी सहित कई रमणीय क्षेत्रों में की गई है। वीडियो में हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, पर्वतीय वादियों और मनोहारी वातावरण को आकर्षक ढंग से दर्शाया गया है, जिससे प्रदेश के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।*

### एलबम में गायक रहम की सूरीली आवाज

**जगत** गौतम ने बताया कि एलबम के गीत को गायक रहम ने अपनी आवाज दी है और इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। प्रेम, भावनाओं और रिश्तों की खूबसूरती को दर्शाने वाला यह गीत संगीत और शब्दों के प्रभावी संयोजन के कारण दर्शकों को पसंद आ रहा है। उन्होंने कहा कि गेविन बीट्स इससे पहले भी कई सफल म्यूजिक प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुके हैं। उनकी चर्चित एलबम 'टेम्परारी प्यार' और 'काका स्पॉटिफाई' को सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाखों दर्शकों का प्यार मिला है।

### क्या कहते हैं गौतम एंटरटेनमेंट कंपनी के चेयरमैन जगत गौतम

**जगत** गौतम ने बताया कि उनकी कंपनी भविष्य में भी हिमाचल में संगीत, अभिनय, मॉडलिंग और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में नई परियोजनाओं पर कार्य करेगी। उनका उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने प्रदेशवासियों से 'विद यू' को देखने और स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।


## शूलिनी विवि में एआई और ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# एआई, कॉग्निटिव कंप्यूटिंग पर विशेषज्ञों ने साझा किए शोध

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर्स एंड डेटा साइंसेज ने आईआईआईटी ऊना और आईआईटी रोपड़ के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब के सहयोग से ह्यूमन-कंप्यूटर इंटरेक्शन और कॉग्निटिव कंप्यूटिंग पर दूसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया। सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला ने अनुसंधान और नवाचार के महत्व पर बल देते हुए समाजोपयोगी तकनीकों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. एचएस बावेजा ने अकादमिक संस्थानों, उद्योग और शोध संगठनों के बीच सहयोग को समय की आवश्यकता बताया। वहीं, प्रो. आशीष खोसला ने विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और मानव-केंद्रित तकनीकों के विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ढुढ्ढ रोपड़ के आई हब आवाध के प्रतिनिधियों ने भी एआई अनुसंधान और नवाचार के अवसरों की जानकारी साझा की। सम्मेलन में भरोसेमंद एआई सिस्टम, ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस, एंबेडेड सिस्टम, स्वास्थ्य सेवाओं में एआई, शिक्षा एवं स्टोरीटेलिंग में वर्चुअल रियलिटी, एआई-सहायित सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग तथा अकादमिक प्रकाशन में एआई की भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञों ने नवीनतम शोध और तकनीकी विकास पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन के पहले दिन का समापन शोध, नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान पर केंद्रित सार्थक चर्चाओं के साथ हुआ।



# सोलन के पास एनएच-5 पर तेज रफ्तार कार खाई में गिरी, दोनों सवार सुरक्षित

अनंत ज्ञान



**सोलन।** सोलन शहर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-5 (एनएच-5) पर मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सब्जी मंडी के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। गनीमत यह रही कि हादसे में कार सवार दोनों लोग पूरी तरह सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, सोलन नंबर की एक कार शिमला की ओर से सोलन न्यू बस स्टैंड की तरफ आ रही थी। इसी दौरान सब्जी मंडी के पास बने पुल के समीप तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि तेज गति के कारण कार अचानक अनियंत्रित हुई और सीधे खाई में जा गिरी। हादसे के समय वाहन में दो लोग सवार थे। राहत की बात यह रही कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रेडीनेस मेला-1 में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के वृत्त बाबा रुद्रू के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र धमान्दरी मंसोह और टठवाड़ा-2 की ओर से टठवाड़ा सामुदायिक भवन में रेडीनेस मेला-1 का आयोजन किया गया। पर्यवेक्षक नानकी देवी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषाई और सामाजिक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों करवाई गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने इसे बच्चों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### ऊना में फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला उद्योग केंद्र ऊना द्वारा डीआरडीए हॉल में एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट तथा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। निटकॉन लिमिटेड के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय सहायता, सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं और विपणन अवसरों की जानकारी देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। विशेषज्ञों ने बैंकिंग सेवाओं, सब्सिडी योजनाओं, बीमा, उद्यम पंजीकरण और डिजिटल प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने और अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### अंबोटा में बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 28 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जूनियर लड़के-लड़कियों तथा सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 28 जून 2026 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबोटा के समीप स्थित मैदान में आयोजित होगी। संघ के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव सुमित पराशर ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जूनियर वर्ग में 2 जनवरी 2005 के बाद जन्मे खिलाड़ी ही पात्र होंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए जिला ऊना टीम में किया जाएगा।

# वन अपराधों पर जीरो टॉलरेंस, माफिया के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई : विकल्प यादव

*ऊना जिले में वन माफिया और अवैध कटान के खिलाफ वन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। वन अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी है। ऊना जिला के ब्यूरो प्रभारी राजेश शर्मा ने वन मंडल अधिकारी विकल्प यादव से बातचीत की।*



अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

**प्रश्न: ऊना जिले में वन माफिया पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग क्या कदम उठा रहा है?**

**उत्तर:** वन विभाग जिले में वन संपदा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। अवैध कटान, लकड़ी की तस्करी और अन्य वन अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विभाग की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा नियमित रूप से संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। वन संपदा की तस्करी में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41 एवं 42 के तहत जब्त किया गया है। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई और अधिक सख्ती से जारी रहेगी।

**प्रश्न: वन विभाग वन माफिया के खिलाफ किस प्रकार की कार्रवाई कर रहा है?**

**उत्तर:** वन अपराधों के प्रति विभाग की नीति पूरी तरह जीरो टॉलरेंस की है। जो भी व्यक्ति अवैध कटान, लकड़ी की तस्करी या अन्य वन अपराधों में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी या अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा उद्देश्य केवल कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि वन अपराधों को पूरी तरह रोकना भी है।

**प्रश्न: हर वर्ष गर्मियों में जंगलों में आग की घटनाएं सामने आती हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है?**

**उत्तर:** जंगलों को आग से बचाना केवल वन विभाग की नहीं, बल्कि समाज की भी साझा जिम्मेदारी है। विभाग की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वनों के समीप स्थित घासनियों में आग लगाने वालों पर कड़ी नजर रहेगी और यदि कोई जानबूझकर आग लगाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे जंगलों में जलती बीड़ी, सिगरेट या अन्य ज्वलनशील सामग्री न फेंकें और आग लगने की सूचना तुरंत विभाग को दें।

**प्रश्न: वन क्षेत्र के संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विभाग की क्या योजनाएं हैं?**

**उत्तर:** वन विभाग का लक्ष्य केवल पेड़ों का संरक्षण नहीं, बल्कि पूरे वन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है। इसके लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाए जाएंगे और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप पौधों का रोपण किया जाएगा। वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक आवास और भोजन की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि जंगली जानवरों को जंगल छोड़कर रिहायशी क्षेत्रों की ओर न आना पड़े। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी कमी आएगी।

**प्रश्न: आम जनता वन संरक्षण में किस प्रकार सहयोग कर सकती है?**

**उत्तर:** वनों की सुरक्षा में जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। यदि कहीं अवैध कटान, लकड़ी की तस्करी या जंगल में आग लगाने जैसी गतिविधियां दिखाई दें तो लोग तुरंत वन विभाग को सूचना दें। स्थानीय लोगों के सहयोग से ही वन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। हमें विश्वास है कि जनता और विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले के वनों का बेहतर संरक्षण किया जा सकेगा।

# अंब पंचायत समिति अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव टला, कोरम पूरा न होने से बैठक बेनतीजा

अनंत ज्ञान

◆ 22 सदस्यीय समिति में नहीं पहुंचा एक भी सदस्य अब 2 जुलाई को बैठक

**विवेक शर्मा, अंब।** जिला ऊना में पंचायत समितियों पर कब्जे को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस और भाजपा के बीच अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों को लेकर शह और मात का खेल जारी है। कुछ पंचायत समितियों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं, जहां कई जगह अप्रत्याशित नतीजे सामने आए हैं। अब बंगाणा और अंब पंचायत समितियों में सत्ता की कमान हासिल करने के लिए दोनों दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

इसी राजनीतिक खींचतान के बीच मंगलवार को अंब पंचायत समिति में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई पहली विशेष बैठक बेनतीजा रही। निर्धारित समय तक एक भी पंचायत समिति सदस्य बैठक में नहीं पहुंचा, जिससे कोरम पूरा नहीं हो सका और चुनाव प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन तय समय समाप्त होने तक समिति का कोई भी सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। नतीजतन पंचायत समिति हॉल की सभी कुर्सियां खाली रहीं और चुनाव प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी। अंब पंचायत समिति में कुल 22 सदस्य हैं। नियमानुसार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम 15 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी। हालांकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल अपने-अपने पक्ष में बहुमत होने का दावा कर रहे थे, लेकिन किसी भी सदस्य के बैठक में नहीं पहुंचने से राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) अंब पारस अग्रवाल ने बताया कि कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई है। अब पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अगली बैठक 2 जुलाई को आयोजित की जाएगी। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि अगली बैठक में कौन-सा दल बहुमत साबित कर पंचायत समिति की कमान अपने हाथ में लेता

# धार्मिक समागम से लौट रहे परिवार की कार खाई में गिरी; महिला की मौत, तीन घायल

अनंत ज्ञान

◆ हमीरपुर से लौटते समय नलवाड़ी में पेश आया हादसा पुलिस ने शुरू की जांच

**ऊना।** पुलिस थाना बंगाणा के अंतर्गत नलवाड़ी क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब चार लोग हमीरपुर में आयोजित एक धार्मिक समागम से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि उनका घर घटनास्थल से महज दो मिनट की दूरी पर था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिनगर निवासी धर्म चंद अपनी पत्नी पुष्पा देवी (68), जीवन कुमारी और विजय कुमार के साथ कार में सवार होकर घर लौट रहे थे। नलवाड़ी के समीप अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सड़क से नीचे उतरकर गहरी खाई में स्थित नाले में जा गिरी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सड़क पर अचानक किसी जानवर के आ जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को सिविल अस्पताल बंगाणा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद पुष्पा देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं धर्म चंद, जीवन कुमारी और विजय कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक ऊना सचिन हिरेमठ ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## वीरभद्र सिंह की जयंती पर फाउंडेशन ने किया रक्तदान व सेवा कार्यों का आयोजन

# अंब में दिव्यांगों को दी व्हीलचेयर और मरीजों को बांटे फल

अनंत ज्ञान




वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य पात्र दिव्यांग के साथ। अनंत ज्ञान

**अंब।** पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के उपलक्ष्य पर राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन की ओर से अंब में सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के ट्रस्टी राजेश गौतम ने दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित की तथा सिविल अस्पताल अंब में उपचाराधीन मरीजों और अंब बाजार में जरूरतमंद लोगों को फल बांटकर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजेश गौतम ने कहा कि वीरभद्र सिंह का संपूर्ण जीवन जनसेवा और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी जयंती पर जरूरतमंद लोगों की सहायता करना उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के समान है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन निरंतर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

उन्होंने बताया कि राजा वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के अवसर पर पूरे हिमाचल प्रदेश में फाउंडेशन और ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रदेश के कई स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए, दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरित की गईं, जरूरतमंदों को फल बांटे गए तथा श्रवण बाधित लोगों को हियरिंग एड भी उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना और राजा वीरभद्र सिंह की जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके बाद सिविल अस्पताल अंब में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। वहीं अंब बाजार में भी गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राजा वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में हिमाचल प्रदेश के विकास, जनकल्याण और गरीबों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे प्रदेश की जनता सदैव याद रखेगी।

कार्यक्रम में फाउंडेशन से जुड़े कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने राजा वीरभद्र सिंह के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नाहर सिंह मंदिर धौलरा में 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों का होगा सम्मान



बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन सदर खंड बिलासपुर की बैठक नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में स्थानीय परिधि गृह में संपन्न हुई। इस बैठक में एसोशिएशन के सात इकाइयों में शामिल पंजगाई, बरमाणा, बैरी, घागस, चांदपुर, दयोथ, नम्होल, कंदरौर के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश चंद ठाकुर ने बताया कि आगामी 29 जून को पेंशनर्ज सम्मान समारोह का आयोजन नगर अराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसमें 75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्ज को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी इकाईयों की ओर से सम्मानित किए जाने वाले वरिष्ठ पेंशनर्ज के नामों को लेकर संख्या करीब 35 हो सकती है। समारोह को सफल बनाने के लिए समितियों और उपसमितियों का गठन किया गया तथा जिम्मेदारियां सौंपी गई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हो जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया कि वे समय पर पहुंच कर व्यवस्था को देखें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना अहम योगदान दें। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पेंशनर एवं सेवानिवृत्त एनडीएसआई लक्ष्मण दास वर्मा मुख्यातिथि होंगे। इस बैठक में राज्य महासचिव हुकुम चंद ठाकुर, जिला प्रधान जगदीश दिनेश, सचिव नरोतम धीमान आदि शामिल रहें।

## किशाऊ बांध पर मुख्यमंत्री का कूटनीतिक कदम : सांख्यान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना पर आठ वर्षों पुराना गतिरोध प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तोड़ दिया है। उन्होंने कहा प्रदेश के हितों की रक्षा करने में प्रदेश के सबसे बड़े रणनीतिकार प्रदेश के मुख्यमंत्री साबित हुए हैं और प्रदेश का राजस्व भविष्य में बढ़ाने का एक सराहनीय कदम मुख्यमंत्री ने उठाया है। सांख्यान ने कहा करीब 15 हजार करोड़ लगात वाली यह बहुद्देश्यीय परियोजना से प्रदेश की आर्थिकी में बढ़ोतरी होगी। वहीं, प्रदेश सरकार का वित्तीय निवेश न के बराबर होगा, यही तो प्रदेश के मुख्यमंत्री की रणनीति की बड़ी जीत है।

उन्होंने कहा भविष्य में इस योजना से प्रदेश को करीब 225 मेगावाट बिजली मुफ्त मिलेगी, जिसमें प्रतिवर्ष 100 करोड़ यूनिट से भी ज्यादा बिजली प्रतिवर्ष प्रदेश को जगमग करेगी। वहीं, प्रदेश के राजस्व में करीब 600 करोड़ रुपए की राजस्व वृद्धि होगी। संदीप टोंस नदी, जो कि यमुना नदी की एक बड़ी सहायक नदी है पर बनने वाली इस इस बहुद्देश्यीय योजना को अमलीजामा पहनाना मुख्यमंत्री का मास्टर स्ट्रोक है।

# नशा माफिया पर शिकंजे के बाद विदा हुए एसपी संदीप धवल

अनंत ज्ञान



प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ एसपी संदीप धवल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रभावी कार्यशैली, सख्त कानून-व्यवस्था और नशा माफिया के खिलाफ कड़े अभियान के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस संदीप धवल का तबादला पुलिस जिला देहरा में एसपी के पद पर हो गया है। उनके स्थान पर आईपीएस अभिषेक धीमान बिलासपुर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे। मंगलवार को प्रेस क्लब बिलासपुर की ओर से सर्किट हाउस में आयोजित विदाई समारोह में संदीप धवल को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संदीप धवल ने कहा कि बिलासपुर में लगभग दो वर्ष का कार्यकाल उनके लिए सीख और अनुभव से भरपूर रहा। उन्होंने मीडिया, प्रशासन और पुलिस कर्मियों के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना भी है।

अपने कार्यकाल में नशा माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान को उन्होंने सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उनके नेतृत्व में चिट्टा सहित मादक पदार्थों की तस्करी पर कई बड़ी कार्रवाई हुई और पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कदम उठाए गए। विदाई समारोह में उनके कार्यकाल को सक्रिय, संवेदनशील और परिणामोन्मुख पुलिसिंग के रूप में याद किया गया।

## पर्यटन विकास निगम ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने सराहनीय पहल की है। होटल लेक व्यू बिलासपुर में प्रबंधन और कर्मचारियों ने मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया और लगभग 50 पौधे लगाए। यह अभियान निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार के मार्गदर्शन में होटल प्रबंधक तुलसी राम ठाकुर की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। तुलसी राम ठाकुर ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है, क्योंकि इस दौरान पौधों के विकास की संभावना अधिक होती है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने और अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## बरमाणा में गऊ सेवा अभियान बना मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा क्षेत्र में वीरेंद्र कुमार द्वारा शुरू किया गया गऊ सेवा अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। व्यस्त और डिजिटल युग के बीच यह पहल समाज के लिए प्रेरणा बनकर उभर रही है। गऊ सेवा परिवार के संयोजक वीरेंद्र कुमार ने अकेले इस अभियान की शुरुआत की थी, जो अब 50 दिनों से अधिक समय से लगातार जारी है। इस दौरान उन्होंने 40 से अधिक ड्रम से बनीं खुर्लियां तैयार करवाईं, जिससे सड़क पर घूमने वाले गऊवंश को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध हो रहा है। धीरे-धीरे इस मुहिम से कई लोग जुड़ते जा रहे हैं, जिनमें होशियार सिंह ठाकुर, रतन सिंह ठाकुर, रामपाल सिंह ठाकुर, संतोष, बाबू राम, कुलदीप ठाकुर, डॉ. अवस्थी, मनोज और गंगा सिंह ठाकुर सहित अन्य शामिल हैं। इस पहल की सराहना कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने भी की है और उन्होंने वीरेंद्र कुमार को अपने निवास पर आमंत्रित कर सहयोग का आश्वासन दिया है। यह अभियान समाज में सेवा और संवेदनशीलता की एक प्रेरक मिसाल बन रहा है।

## हरनोड़ा स्कूल में मदन गोपाल तीसरी बार बने प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरनोड़ा में प्रधानाचार्य जगदीश सिंह की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मदन गोपाल को लगातार तीसरी बार एसएमसी का प्रधान चुना गया, जबकि अनिल कुमार को उपप्रधान नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में पवन कुमार, शांति देवी, ऊषा, दीप कौर, सुमन देवी, दुर्गा देवी, मेघ कुमारी, हेमलता, पुष्पा, काली दास, पवन कुमार और ममता ठाकुर सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, अनुशासन, स्वच्छता और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य जगदीश सिंह ने नवगठित एसएमसी को बधाई देते हुए विद्यालय के समग्र विकास में सहयोग की अपेक्षा जताई। वहीं, नवनिर्वाचित प्रधान मदन गोपाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया।

## एससी/एसटी अत्याचार मामलों में हो प्रभावी पैरवी: डीसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों और पीड़ितों को प्रदान की गई राहत राशि की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 के दौरान अधिनियम के तहत छह एफआईआर दर्ज हुई हैं। इनमें एक मामले में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है, चार मामलों की जांच जारी है तथा एक मामला बंद कर दिया गया है। सभी छह पीड़ितों को कुल 2.45 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है। वहीं, अधिनियम से संबंधित 43 मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं। उपायुक्त ने जिला न्यायवादी को लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सके।

## एम्स बिलासपुर का पहला एमडी शोध प्रबंध ब्रिटिश जर्नल में प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। विभाग का शोध अध्ययन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल ब्रिटिश जर्नल ऑफ रेडियोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। यह शोध



डॉ. राजेश कन्ना।

'सर्वाइकल लिम्फ नोडल मेटास्टेसिस इन हेड एंड नेक कैंसर' में ड्यूल एनर्जी सीटी, डिफ्यूजन वेटेड एमआरआई और केमिकल शिफ्ट एमआरआई जैसी उन्नत इमेजिंग तकनीकों की तुलनात्मक प्रभावशीलता पर आधारित है। इसका उद्देश्य कैंसर की सटीक पहचान और बेहतर उपचार योजना में मदद करना है। यह अध्ययन जूनियर रेजिडेंट डॉ. राजेश कन्ना द्वारा किया गया, जिसका मार्गदर्शन डॉ. लोकेश राणा (एसोसिएट प्रोफेसर) ने किया। सह-मार्गदर्शकों में डॉ. नरवीर चौहान, डॉ. सुदेश और डॉ. मनुप्रिया शामिल रहे। इसे एम्स बिलासपुर का पहला एमडी शोध प्रबंध बताया जा रहा है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय पीयर-रिव्यूड जर्नल में प्रकाशित हुआ है। संस्थान के अधिकारियों ने इसे शोध संस्कृति के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

एम्स बिलासपुर ने कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह (सेवानिवृत्त) और डीन (रिसर्च) प्रो. अनुपम प्रशेर के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समग्र शिक्षा के सामाजिक अंकेक्षण की जनसुनवाई बिलासपुर में संपन्न

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत पारदर्शिता, जवाबदेही एवं शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'समग्र शिक्षा का सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट)' विषय पर जनसुनवाई का आयोजन मल्टीपर्पज कल्चरल कॉम्प्लेक्स, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक शिक्षा (गुणवत्ता) निशा गुप्ता ने की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं धन्यवाद दिया तथा उपस्थित प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समितियों के सदस्यों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनसुनवाई के माध्यम से समग्र शिक्षा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों, सुझावों एवं शिकायतों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन एवं प्रधानाचार्य-अन्वेषक डॉ. रणधीर रंटा ने सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया एवं निष्कर्षों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत जिले के लगभग 20 प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण किया गया, जिसकी रिपोर्ट जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत की गई। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापकों एवं अभिभावकों के साथ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ. रंटा ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सुझावों, शिकायतों एवं प्रश्नों का संकलन कर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसे आवश्यक कार्रवाई एवं नीति-निर्माण के लिए सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुख बनाना है।

# एससी, एसटी, ओबीसी समुदाय से चुनकर आए जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अभी हाल ही में संपन्न हुए पंचायतीराज चुनावों में एससी, एसटी, ओबीसी समुदाय से चुनकर आए जनप्रतिनिधियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा बिलासपुर इकाई के प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में आयोजन कुठेड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता रमेश कैंथ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि कर्म सिंह, विपन बंसल, जगजीत सिंह, सुंदर लाल वर्धन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर इन चुनावों में चुन कर आए प्रधान, उपप्रधान बीडीसी, पंच व पार्षद आदि को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी का चित्र, संविधान की किताब और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि रमेश कैंथ ने कहा कि भारत रतन संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए प्रयासो को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। यह उन्हीं की देन है कि उनके द्वारा निर्मित संविधान में दर्शित प्रावधानों के अनुसार ही राजनीति में आने का अवसर मिला है। समाज के सभी वर्गों को समरसता का पाठ पढ़ाना और महिलाओं को बराबर की हिस्सेदारी देना डॉ. अंबेडकर की देन है।

उन्होंने कहा कि यदि पढ़-लिख कर कोई काबिल बनता है तो अपना व अपने परिवार के साथ अपने समाज का हाथ पकड़कर आगे ले जाना भी उन्हीं का दायित्व है जिनको बाबा साहेब की बदौलत सम्मान से सिर उठाकर जीवन जीने का अवसर मिला है। रमेश कैंथ ने कहा कि मौजूदा दौर में संविधान को बचाना तथा संविधान की पालना के साथ संविधान की जानकारी हर नागरिक को होना जरूरी है। इस अवसर पर साई महिला मंडल कोठी, महिला मंडल फ्यूडी के साथ सम्मानित प्रतिनिधियों में निक्का राम, मोनिका देवी, पंचायत त्यूण खास से कश्मीर सिंह, सपना देवी कोठी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### संजय बने बरही स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ब्रेही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरही में नई दिशा निर्देशों के अनुसार विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन हेतु आमसभा आयोजित की गई। इसमें अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों और पूर्व छात्रों ने भाग लेकर 2026-28 के लिए 20 सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें 15 अभिभावक, 2 पंचायती राज प्रतिनिधि और 1 पूर्व छात्र शामिल हैं। 20 जून 2026 की बैठक में संजय कुमार को अध्यक्ष तथा आशा कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। दो उप समितियों का भी गठन किया गया।

### मौड़ा पाठशाला में स्कूल प्रबंधन समिति गठित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वि-वार्षिक चुनाव आमसभा के माध्यम से संपन्न हुए। इसमें लगभग 20 अभिभावक, पंचायत प्रधान रविंदर ठाकुर और स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। नियमानुसार 9 सदस्यों का चयन किया गया, जिनमें नीरज कुमार को अध्यक्ष और ममता देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। भवन और अकादमिक उपसमितियों का भी गठन किया गया। पंचायत प्रधान ने विद्यालय को गोद लेने की घोषणा कर विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### जांघी में 2 लाख रुपए का बीमा भुगतान

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख द्वारा ग्राम पंचायत जांघी में जन सुरक्षा कैंप आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान रंजीता देवी ने की। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत केवल कुमार को ₹2,00,000 का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने बताया कि केवल कुमार के पिता मानसिंह की मशीन में फंसने से मृत्यु हो गई थी। उन्होंने लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की तथा किसान क्रेडिट योजना की जानकारी भी दी।

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट मोड पर

# खाद्य गुणवत्ता पर सख्ती: औचक निरीक्षण कर लिए नमूने, जांच को भेजे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिले में फास्ट फूड रेहड़ियों और सड़क किनारे संचालित खाद्य स्टॉलों पर औचक निरीक्षण कर विभाग ने खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता की वास्तविक स्थिति की जांच की।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर तेल के बार-बार इस्तेमाल, साफ-सफाई में लापरवाही तथा खाद्य पदार्थों में संदिग्ध रंगों के उपयोग की शिकायतें सामने आईं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने मौके पर जांच की और खाद्य पदार्थों के नमूने भी



◆ खाद्य सुरक्षा से समझौता नहीं: दीपक राज आनंद

एकत्र किए। सहायक आयुक्त (फूड सेफ्टी) दीपक राज आनंद ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ विक्रेता बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल में खाद्य सामग्री तैयार कर रहे हैं और स्वच्छता मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा मानकों की मौके पर जांच की गई और विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंगों के उपयोग की आशंका को देखते हुए दो नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद यदि कोई भी नमूना मानकों के विपरीत पाया जाता है तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ जुर्माना लगाने सहित खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दीपक राज आनंद ने कहा कि 26 जुलाई से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के चंबा पहुंचने की संभावना है। ऐसे में विभाग का उद्देश्य हर नागरिक और आगंतुक को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में भी जिलेभर में औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि आम जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके।

## चंबा में पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र की जयंती पर मरीजों को बांटे फल




स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर जिला चंबा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा और श्रद्धा के साथ उन्हें याद किया। इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मरीजों, जरूरतमंदों और आमजन के बीच फल एवं प्रसाद वितरित कर उनके जनकल्याणकारी विचारों को नमन किया गया।

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फल वितरित किए। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के लंबे राजनीतिक जीवन, हिमाचल प्रदेश के विकास में उनके योगदान तथा जनहित के लिए किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए और लोगों के साथ उनकी जयंती मनाई। कार्यक्रम के दौरान राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के एक सदस्य ने भी स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के व्यक्तित्व, जनसेवा और प्रदेश के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## डलहौजी छावनी में शिक्षा सुधार पर बैठक, विकास योजनाओं पर चर्चा



अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** डलहौजी छावनी क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत छावनी बोर्ड डलहौजी के मुख्य अधिशासी अधिकारी जे. आशिक हुसैन तथा मनोनीत सदस्य विनोद महाजन ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक का मुख्य एजेंडा छावनी क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं का आधुनिकीकरण और प्रस्तावित स्कूल भवन के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना रहा। अधिकारियों ने लंबित शैक्षणिक परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए केंद्रीय योजनाओं तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के माध्यम से सहयोग का आग्रह किया।

सांसद राजीव भारद्वाज ने प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता हैं तथा आवश्यक मंजूरी और फंडिंग के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई, जिसमें सभी पक्षों ने शैक्षणिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर सहमति जताई।

## चंबा के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने रचा इतिहास राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन से बढ़ा जिले का गौरव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा के लिए गर्व का क्षण है। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजनगर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर चनेड़ को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के साथ दोनों संस्थानों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बुनियादी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के लिए दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि एनक्यूएएस प्रमाणन स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और मरीज-केंद्रित सेवाओं की पुष्टि करता है। इसके तहत रोगी अधिकार, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता, दवा प्रबंधन, सेवा संचालन, गुणवत्ता आश्वासन और सामुदायिक सहभागिता जैसे विभिन्न मानकों पर विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और जिला एनक्यूएएस

◆ दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी

कार्यक्रम अधिकारी के समर्पण, टीमवर्क और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कर्मचारियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को मजबूत कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। डॉ. भारद्वाज ने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि से न केवल चम्बा जिले की पहचान प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी, बल्कि जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी गुणवत्ता सुधार और उत्कृष्ट सेवाओं की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि विभाग का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक तक सुरक्षित, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, और एनक्यूएएस प्रमाणन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## चंबा में पेंशनरों ने बैठक में उठाई लंबित देनदारियों के शीघ्र भुगतान की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, जिला चम्बा की महत्वपूर्ण बैठक में पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों, महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों, मेडिकल क्लेम, हाउस टैक्स विसंगतियों तथा शहर में फुटपाथों पर बढ़ती रेहड़ी-फड़ी की समस्या को लेकर सरकार और नगर परिषद से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष एवं समन्वयक डॉ. डीके सोनी ने की। इसमें जिलाध्यक्ष बजीर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लिया। इस दौरान सेवानिवृत्त जेई ललित कुमार दियोड ने महासंघ की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में 13 मई 2026 की वार्ता में बनी सहमति का उल्लेख करते हुए पेंशनरों ने बकाया डीए, कम्युटेशन राशि तथा लंबित किस्तों के शीघ्र भुगतान की मांग दोहराई। साथ ही मेडिकल क्लेम मामलों के त्वरित निपटारे, हाउस टैक्स सुधार और फुटपाथ व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। महासंघ ने सरकार से सभी लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की।

## गुंआं स्कूल में विद्यार्थियों से की नशे से दूर रहने की अपील



गुंआं स्कूल में 'नशे' को लेकर 'जागरुकता शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुंआं में चिट्टा (हीरोइन) सहित नशीले पदार्थों को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानूनी सलाहकार अधिवक्ता कार्तिक नेगी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की अपील की तथा पोक्सो एक्ट, बच्चों के अधिकारों और मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी कानूनी जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग चूड़ी से पहुंचे डॉ. शिवराज ने 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण की जानकारी देते हुए इसे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि यह टीका सरकारी अस्पतालों, स्कूलों और शिविरों में पूरी तरह निःशुल्क एवं सुरक्षित है। पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल दलीप कुमार ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, विद्यालय परिसर के आसपास प्रतिबंधित गतिविधियों से बचने तथा योग, व्यायाम और मेडिटेशन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में प्रधानाचार्य राजेश्वर कंदोरिया सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## हिसार में पानी विवाद पर बवाल टी-प्वाइंट हटाने पर ग्रामीण भड़के

अनंत ज्ञान



**हिसार।** चानौत गांव में भाखड़ा नहर के पानी को लेकर चल रहा आंदोलन सोमवार देर रात हिंसक टकराव में बदल गया। प्रशासन द्वारा पाइपलाइन पर लगाए गए टी-प्वाइंट को हटाने की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई।

जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी और हाइड्रा मशीनों के साथ टी-कनेक्शन हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और हल्का लाठीचार्ज भी किया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया।

ग्रामीण पिछले 39 दिनों से पेयजल की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उनका

◆ पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, एक अधिकारी घायल

आरोप है कि उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय प्रशासन ने बल प्रयोग किया।

प्रशासन का कहना है कि पाइपलाइन में लगाया गया टी-कनेक्शन बिना अनुमति के था और नियमों के खिलाफ है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया 'मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड'

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों के लिए अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों पर टिके रहना मुश्किल हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने 'टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह एक यूलिप प्लान है जो ग्राहकों को जीवन बीमा की सुरक्षा देने के साथ-साथ शेयर बाज़ार से मुनाफा कमाने का मौका भी देता है। यह फंड निफ्टी 500 की शीर्ष कंपनियों में से 4 मुख्य फैक्टर्स कम उतार-चढ़ाव, बेहतरीन क्वालिटी, सही कीमत, और तेजी की रफ्तार को मिलाकर 50 सबसे मजबूत कंपनियों को चुनता है. इसमें कम उतार-चढ़ाव पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जिससे केवल उन्हीं कंपनियों को चुना जाता है जिनके शेयरों की कीमतें इतिहास में काफी स्थिर रही हैं। यह रणनीति निवेशकों को शेयर बाजार की बढ़त का पूरा फायदा उठाने का मौका देती है, और साथ ही उनके निवेश को बाजार के जोखिमों से बचाकर एक सुरक्षित और मजबूत सफर प्रदान करती है। भारत में खपत, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा विकास और डिजिटल विस्तार के दम पर लंबे समय में मजबूत बढ़त की बेहतरीन संभावनाएं हैं। हालांकि, शेयर बाजार कभी भी सीधी लकीर में ऊपर नहीं जाता। निवेश में सिर्फ एक ही थीम या एक ही स्टाइल का तरीका अपनाने से जोखिम बढ़ जाता है, जिससे बाज़ार की किसी खास गिरावट में निवेशकों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## पानीपत: अपराध नियंत्रण और आमजन को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता: एसपी

अनंत ज्ञान



**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों एवं चौकी इंचार्जों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून एवं व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के कड़े दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने बैठक के दौरान थानों में दर्ज मुकदमों की प्रगति, लंबित जांच, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और मजबूत उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक मामलें की जांच अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। सभी जांच अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण जांच पूरी न्यायालय में चालान पेश करना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला विरुद्ध अपराधों, बच्चों के विरुद्ध अपराधों तथा अन्य संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा अपराध नियंत्रण और आमजन को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता ।उन्होंने कहा थाना की चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ नैतिकता का व्यवहार करते हुए शिकायत को ध्यानपूर्वक सुने और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। पीड़ित की शिकायत चाहे ऑनलाईन, ऑफलाईन या उच्च अधिकारियों के कार्यालय के माध्यम प्राप्त हुई हो उस पर त्वरित कार्रवाई करें। इस अपराध गोष्ठी में एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स आदि उपस्थित रहे।

## मानसून के दौरान तैयारियां पूरी रखें सड़क परियोजनाओं में न हो देरी: गंगवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम के दौरान सभी प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय औपचारिकताएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं, ताकि मौसम अनुकूल होते ही सड़क निर्माण एवं सुधार कार्यों को तेजी से शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

मंगलवार को मंत्री रणबीर गंगवा लोकनिर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य के सभी 22 जिलों में विकसित की जाने वाली मॉडल रोड परियोजनाओं के साथ अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री रणबीर गंगवा को अधिकारियों ने बताया कि इन मॉडल सड़कों की कुल लंबाई लगभग 115 किलोमीटर होगी। इन्हें आधुनिक सुविधाओं और सड़क सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश की आदर्श सड़कें बनाया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि चयनित 8 सड़कों का विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा सर्वेक्षण जुलाई माह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही मॉडल रोड परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी भी जुलाई तक मिलने की संभावना है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

गंगवा ने कहा कि तमाम सड़कों के निर्माण कार्य, रिपेयरिंग इत्यादि के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बारिश के सीजन के अंदर इस संबंध में कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाए। सड़कों के निर्माण की क्वालिटी में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

## वनवे फाउंडेशन ने योग दिवस और फादर्स डे पर लगाया लंगर

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** संस्था वनवे फाउंडेशन द्वारा योग दिवस और फादर डे के उपलक्ष पर और अटूट लंगर सेवा का आयोजन किया गया संस्था वनवे फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन यादव जी ने बताया सीनियर सोशल वर्कर माताजी हरबंस कौर ओबराय, आरसी भल्ला, सुशीला यादव, मुंशी लाल, मनजीत कौर, मीना मेहरा, दिलीप भारद्वाज आदि के नेतृत्व में लगाया गया।

भीषण गर्मी के चलते गर्मी के कारण जहांगीर और पीजीआई के असमर्थ लोग जो दूरदराज से अपने परिजनों के साथ किसी न किसी का इलाज करने आते हैं, उन लोग के लिए छबील की सेवा दी गई गर्मी से राहत मिल सके। छोले कुलचे, कढ़ी चावल फिर चाय और बिस्किट जरूरतमंद लोगों को लंगर सेवा में वितरण किया गया।

यह लंगर सभी के सहयोग से लगाया गया विशेष रूप से मित्तल फैमिली, सुनील कुमार रावत, आशीष रावत, करन जी, राबिया मोहित, तानिया जी ज्योति, वंदना, अंकिता, मीना त्रिपाठी सोनिया,अमन दीप सिंह, मनीष कपूर सुमन कटारिया, एसके राणा, सोनिया, संदीप उपाध्याय, अनीता सिंह आदि के सहयोग से लगाया गया। कश्मीर से मलिक शायक अहमद, सामाजिक कार्यकर्ता मुख रूप से उपस्थित रहे।

संस्था से पार्वती और मीना त्रिपाठी और राम सुरेश मौर्य जी ने बताया कि संस्था जरूरतमंद लोगों के लिए यह लंगर था इस लंगर का उद्देश्य था कि कोई भूखा ना सोए मुहिम के जरिए सभी जरूरतमंद लोगों तक यह सेवा पहुंच सके संस्था हर रविवार को कई वर्षों से लंगर सेवा का आयोजन सभी के सहयोग करती है संस्था हमेशा नेक कार्यों के लिए सभी को आमंत्रित करती रहती है और लोगों की सेवा में अपना योगदान देती है।

संस्था सतीश पाठक, विश्वनाथ, उमाकांत यादव, राकेश यादव, खुशी मौर्य ने सभी आए हुए सेवादारों का दिल से आभार और दानी सज्जनों का धन्यवाद किया ऐसे ही संस्था पर विश्वास बनाएं रखें और संस्था में योगदान देते रहें।

## सिरसा: कार पेड़ से टकराई एक की मौत, पांच घायल

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** जिले के डिंग थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। शव का सिरसा के नागरिक अस्पताल में मंगलवार को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह परिवार शादी समारोह से लौट रहा था।

पुलिस के अनुसार डिंग थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। घायलों को अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां हिसार निवासी सोनू को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में सुलोचना, वंदना, प्रीति, चार वर्षीय बच्ची वीणा तथा गाड़ी चालक कुलदीप शामिल है। मृतक सोनू हिसार का रहने वाला था, जबकि घायल सभी लोग फतेहाबाद जिले के दादुपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों में बच्ची वीणा और वंदना की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डिंग थाना प्रभारी के अनुसार यह हादसा सोमवार रात को हुआ है और कार की गति तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

## हरियाणा देगा राजस्थान को तय हिस्से का यमुना जल, एमओयू पर जल्द हस्ताक्षर



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच जल संसाधनों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक में वर्ष 1994 के अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) समझौते के तहत राजस्थान को उसके निर्धारित हिस्से का पानी उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि राजस्थान को पानी पाइपलाइन के माध्यम से दिया जाएगा और इस संबंध में जल्द ही एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य समझौते के तहत राजस्थान के जल

◆ अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते के तहत आपूर्ति पर सहमति, अंतरराज्यीय जल प्रबंधन पर हुई अहम बैठक

अधिकारों का सम्मान करता है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य केवल अपने निर्धारित हिस्से के जल की मांग कर रहा है ।बैठक में भविष्य की जल जरूरतों को देखते हुए रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। साथ ही घग्गर नदी में प्रदूषित जल के समाधान के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर भी सहमति बनी।

## फतेहाबाद: भट्टू में रिश्वत लेते महिला एएसआई पकड़ी

अनंत ज्ञान

**फतेहाबाद।** जिले में भ्रष्टाचार के मामलों में पुलिस महकमा लगातार घिरता जा रहा है। सदर फतेहाबाद थाने के मालखाने से शराब गायब होने के मामले में तत्कालीन एसएचओ प्रह्लाद सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब एंटी करप्शन ब्यूरो ने पुलिसकर्मियों पर शिकंजा कस दिया है। टोहाना सदर थाने के एसआई महेंद्र को 35 हजार की रिश्वत लेते पकड़े जाने के ठीक अगले दिन, यानी मंगलवार को भट्टू थाने की महिला एएसआई तलविंद्र कौर और उसकी महिला बिचौलिया कस्तूरी देवी को 35 हजार की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ फतेहाबाद स्थित कार्यालय लेकर पहुंची, जहां उनसे गहन पूछताछ की गई। प्रारंभिक जांच के बाद दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह ने बताया कि यह पूरा मामला एक लड़की से जुड़े विवाद का था। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच बाद में पंचायत के माध्यम से समझौता हो गया था, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि समझौते के बावजूद पुलिस की ओर से उन पर दबाव बनाया जा रहा था। शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि भट्टू थाने के महिला सैल में बतौर आईओ तैनात एएसआई तलविंद्र कौर ने मामले में राहत देने के बदले दो लाख रुऐ की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने जब इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थता जताई तो कथित तौर पर सौदा 35 हजार रुपए में तय कर दिया गया। एसीबी के अनुसार रिश्वत की रकम सीधे लेने के बजाय आरोपी एएसआई ने भट्टू के प्रताप नगर निवासी कस्तूरी देवी नामक महिला को माध्यम बनाया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसे थाने में बुलाकर कस्तूरी देवी से मिलने के लिए कहा गया और उसी के माध्यम से पैसों की मांग की गई।

# हिमाचल सरकार खेलों के विकास को प्रतिबद्ध

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने मैराथन को दिखाई हरी झंडी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' से ओलंपिक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीटीओ मार्ग से शुरू हुई यह दौड़ इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में संपन्न हुई, जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल भी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्वरूप है और जिस प्रकार विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उसी प्रकार खिलाड़ियों को भी खेलों में बेहतर उपलब्धियां हासिल कर हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 'खेलो इंडिया' प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना व हमीरपुर जिलों में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले के नादौन में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक खेल उत्कृष्टता केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना इस वर्ष अक्तूबर तक पूर्ण होने की संभावना है और प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं, जो जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने युवाओं से राज्य सरकार के नशा विरोधी अभियान का सक्रिय सहयोग करने तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर ओलंपिक मैराथन को हरी झंडी दिखाते सीएम सुखविंद्र सुक्खू। अनंत ज्ञान

### खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। अब ओलंपिक, पैरालंपिक और शीतकालीन ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जबकि पहले यह राशि तीन करोड़ रुपए थी।

# सीएम सुक्खू ने बनाई उच्च स्तरीय समिति, वीबी-जी राम जी योजना पर हिमाचल सरकार हाई अलर्ट मोड पर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में केंद्र सरकार की प्रस्तावित वीबी-जी राम जी योजना को लेकर राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। राज्य सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि प्रदेश के लाखों ग्रामीण मजदूरों और मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नई योजना के उन प्रावधानों को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाए, जो हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों और श्रमिकों की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार मनरेगा के स्थान पर प्रस्तावित वीबी-जीराम-जी योजना लागू होने से हिमाचल के लगभग 12 लाख मजदूर प्रभावित हो सकते हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को 30 जून तक नई योजना अधिसूचित करने के निर्देश दिए हैं और स्पष्ट किया है कि बजट आवंटन उसी आधार पर किया जाएगा। ऐसे में राज्य सरकार योजना के प्रत्येक पहलू का गहन अध्ययन कर रही है ताकि प्रदेश के हितों की पूरी तरह रक्षा की जा सके।

गौरतलब है कि सरकार की प्रमुख चिंता मजदूरी दरों को लेकर है। वर्तमान में गैर-जनजातीय क्षेत्रों में 247 रुपये तथा जनजातीय क्षेत्रों में 309 रुपये प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित है। प्रदेश सरकार का तर्क है कि हिमाचल के दुर्गम क्षेत्रों, बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन की लागत को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मजदूरी दरों में उचित वृद्धि की मांग केंद्र के समक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में राज्य सरकार रोजगार गारंटी योजना के मूल स्वरूप को भी बनाए रखना चाहती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कहना है कि रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था 'डिमांड आधारित' रहनी चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त कार्य मिल सके। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में लगभग 395 लाख मानव दिवस सृजित किए गए थे, जबकि 2025-26 के लिए केंद्र ने केवल 250 लाख मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया। नई योजना के प्रस्तावित प्रावधानों से यह संख्या और सीमित होने की आशंका जताई जा रही है।

### 29 जून तक दे अध्ययन की रिपोर्ट : सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने योजना के सभी पहलुओं का अध्ययन करने और प्रदेश हित में सुझाव तैयार करने के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। समिति में पंचायती राज विभाग के सचिव सी. पालरासू और निदेशक राघव शर्मा को भी शामिल किया गया है। यह समिति 29 जून तक अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी, जिसके आधार पर राज्य सरकार हिमाचल में वीबी-जीराम-जी योजना को लागू करने पर अंतिम निर्णय लेगी।

### हिमाचल में 28 जून को पल्स पोलियो अभियान

# पोलियो वैक्सीन सभी जिलों में पहुंची व्यापक अभियान की तैयारियां पूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 28 जून को आयोजित होने वाले राज्यव्यापी पल्स पोलियो अभियान को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। अभियान के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय प्रतिरक्षण कार्यबल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अभियान को प्रभावी, व्यापक तथा जनभागीदारी आधारित बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि पोलियो वैक्सीन की आपूर्ति प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचा दी गई है तथा बूथ संचालन, निगरानी, जागरूकता और सत्यापन कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि महिला मंडलों, स्थानीय संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागों से अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने का आग्रह किया।

### पोलियो मुक्त हिमाचल को बनाए रखने की चुनौती

**बैठक** के दौरान जानकारी दी गई कि भारत में वाइल्ड पोलियो वायरस का अंतिम मामला वर्ष 2011 में दर्ज हुआ था। हिमाचल प्रदेश में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप-3 का अंतिम मामला वर्ष 2009 में सोलन तथा टाइप-1 का अंतिम मामला वर्ष 2006 में कुल्लू जिले में सामने आया था। स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सतत सतर्कता और उच्च प्रतिरक्षण कवरेज बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों से अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

# सुजानपुर नगर परिषद चुनाव में लोकतंत्र की हत्या: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने जिला हमीरपुर के सुजानपुर नगर परिषद में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं की अनदेखी की गई। उनका कहना है कि दोनों दलों के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रक्रिया पूरी किए जाने के बावजूद मतदान नहीं कराया गया और बिना वोटिंग के ही कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को विजयी घोषित कर दिया गया, जो लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है।

डॉ. बिंदल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में सीक्रेट बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाना कानूनी और संवैधानिक रूप से आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों ने नियमों को दरकिनार कर चुनाव परिणाम घोषित किए, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गएहैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र और संविधान की आत्मा पर हमला बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार चुनावी हार के भय से प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस पूरे घटनाक्रम की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप पुनः संपन्न कराया जाना चाहिए। डॉ. बिंदल ने दावा किया कि प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और लोकतंत्र को कमजोर करने वाले प्रयासों का समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।



वीरभद्र सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। अनंत ज्ञान

# हिमाचल के विकास में वीरभद्र सिंह का योगदान सदैव रहेगा याद : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि आधुनिक हिमाचल प्रदेश के निर्माण में वीरभद्र सिंह का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़े ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने लगभग 65 वर्षों तक प्रदेश और देश की सेवा करते हुए विकास की नई दिशा दी। कार्यक्रम में शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि वीरभद्र सिंह आम लोगों के सुख-दुख के सच्चे साथी थे और उनके दरबार से कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ उनका भावनात्मक रिश्ता था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर संगठन महामंत्री विनोद जिंटा, उपमहापौर उमा कौशल, महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर, शिमला शहरी कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

# राज्यपाल ने वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

## 93वीं जयंती पर रिज मैदान स्थित प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि



वीरभद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते राज्यपाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की 93वीं जयंती के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक हिमाचल प्रदेश के निर्माण और विकास में वीरभद्र सिंह का अतुलनीय योगदान रहा है। उनकी दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों के कारण प्रदेश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। राज्यपाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह हिमाचल की राजनीति के अत्यंत सम्मानित और प्रभावशाली नेता थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनके लंबे कार्यकाल ने प्रदेश को नई दिशा प्रदान की, वहीं राष्ट्रीय राजनीति में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, महापौर सुरेंद्र चौहान, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सुक्खू सरकार ने ढाई हजार संस्थान बंद कर प्रदेश को पहुंचाया नुकसान : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने तत्तापानी और करसोग प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनादेश का सम्मान करने के बजाय सत्ता के दुरुपयोग के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम घोषित हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन सरकार जानबूझकर ब्लॉक समिति, जिला परिषद तथा अन्य निकायों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव नहीं करवा रही है।

जयराम ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित निर्वाचित प्रतिनिधियों पर विभिन्न माध्यमों से दबाव बनाने, उन्हें प्रताड़ित करने तथा राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ऐसे प्रयासों को देख रही है और उचित समय पर इसका जवाब देगी नेता प्रतिपक्ष ने सुक्खू सरकार पर विकास कार्यों को रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने ढाई हजार से अधिक जनहित के संस्थानों को बंद कर प्रदेश को भारी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षकों का तबादला किया जाता है और बाद में छात्र संख्या कम होने का हवाला देकर स्कूलों को बंद कर दिया जाता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार की दूध खरीद योजना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पर्याप्त प्रसंस्करण क्षमता के अभाव में दुग्ध उत्पादकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान जयराम ठाकुर ने करसोग विधानसभा क्षेत्र के चिंडी में महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का उनका संकल्प आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। बाद में उन्होंने करसोग के विधायक दीपराज की उपस्थिति में नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्यों से भी भेंट की।

# सुक्खू बताएं, मेडिकल कॉलेज क्यों बंद ?: अनुराग

## विकास परियोजनाओं में देरी पर घेरा, दो साल से तैयार भवन, फिर भी शुरू नहीं सेवा

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने एक बार फिर मेडिकल कॉलेज के नए परिसर को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2 सालों से परिसर में भवन बनकर तैयार हैं फिर जनता के लिए इस परिसर को स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से क्यों नहीं खोला जा रहा और इसका उद्घाटन क्यों नहीं हो रहा। पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान मखौल बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में मिली निराशा के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी परियोजना की घोषणा करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसके लिए वित्तीय प्रावधान और गंभीर प्रयास भी आवश्यक होते हैं। उनके अनुसार आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले मेडिकल कॉलेज की घोषणा तो कर दी गई थी, लेकिन उसके लिए बजट का कोई समुचित प्रबंध नहीं किया गया था।

अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 180 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद न तो समय रहते भूमि उपलब्ध करवाई गई और न ही परियोजना को गति देने के लिए अपेक्षित प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि बाद में जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया।

इस दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने ओमान में हुए हमले में जान गंवाने वाले हमीरपुर के युवा नाविक आदित्य शर्मा के परिजनों से मुलाकात का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि परिवार द्वारा उठाई गई मांगों और चिंताओं को विदेश मंत्रालय तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देशभर में उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में हमीरपुर के गांधी चौक पर जिला भाजपा द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित विधायक आशीष शर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री कमलेश कुमारी, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री एवं डॉ. अनिल धीमान और जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




गांधी चौक पर लगाई गई प्रदर्शनी के दौरान सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

# कर्मियों की आवाज दबा रही प्रदेश सरकार : बिक्रम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल पर छह माह के लिए प्रतिबंध लगाने तथा 'आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम' (एस्मा) लागू किए जाने के निर्णय को लेकर प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व परिवहन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे कर्मचारी हितों के विरुद्ध कदम बताया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार अब कानूनों का सहारा लेकर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में कर्मचारियों को अपनी मांगें रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार है, लेकिन सरकार संवाद और सहमति का रास्ता अपनाने के बजाय प्रतिबंधात्मक उपायों पर अधिक भरोसा कर रही है।

बिक्रम ठाकुर ने कहा कि एचआरटीसी लंबे समय से आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और विभिन्न श्रेणियों में रिक्त पदों जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। कर्मचारियों को वेतन, भत्तों और अन्य लंबित देयकों से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान के लिए सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं के निवारण के बजाय सरकार ने 'आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम' लागू कर असंतोष को नियंत्रित करने का प्रयास किया है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार को कर्मचारी संगठनों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर उनकी न्यायोचित मांगों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा कर्मचारी हितों और उनके सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

**बैठक** जल शक्ति विभाग की बड़ी उपलब्धि, पेयजल-सिंचाई योजनाओं को मिली रफ्तार

# 140 करोड़ की 45 जल योजनाएं क्रियाशील

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में पेयजल और सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जल शक्ति विभाग ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग की समीक्षा बैठक में बताया गया कि लगभग 140 करोड़ रुपये की लागत से 45 पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियाशील कर दिया गया है। जल शक्ति विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि इन योजनाओं के शुरू होने से प्रदेश की बड़ी आबादी को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा तथा हर घर और हर खेत तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लक्ष्य को गति मिलेगी।

जानकारी के अनुसार विभाग ने 66.52 करोड़ रुपये व्यय कर 134 योजनाओं में बिजली आपूर्ति और उपकरणों से जुड़े कार्य भी पूरे कर लिए हैं। इन योजनाओं में बिजली उपलब्ध होने के बाद इन्हें भी जल्द ही पूर्ण रूप से संचालित किया जाएगा। डॉ. जैन ने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभाग पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा जल प्रबंधन को अधिक मजबूत बनाने के लिए तकनीक और नवाचार आधारित रणनीतियों को अपनाया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि विभाग की वित्तीय और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या में 201 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 119 करोड़ रुपये की 388 योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। विभाग के प्रभावी वित्तीय प्रबंधन और समयबद्ध क्रियान्वयन के कारण प्रदेश में लंबित योजनाओं की प्रतिशतता में 54.25 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

इसके अलावा विभिन्न लंबित परियोजनाओं को गति देने के लिए बिजली बोर्ड को 48.89 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।



पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते जल शक्ति विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन। अनंत ज्ञान

### चार माह में 62 और योजनाएं होंगी चालू

**डॉ.** अभिषेक जैन ने कहा कि प्रदेश में निष्क्रिय पड़ी योजनाओं को पुनः शुरू करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत आगामी चार महीनों में 62 योजनाओं को क्रियाशील किया जाएगा, जिनमें जून में 30, जुलाई में 13, अगस्त में 10 और सितंबर में 9 योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने तथा प्रत्येक 15 दिन में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा, विद्युत बोर्ड के प्रबंध निदेशक आदित्य नेगी, राकेश कुमार सहित कई उपस्थित रहे।

# सुभाष वर्मानी को अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने जिला सोलन कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को मंजूरी प्रदान की है। संगठन महामंत्री विनोद जिंटा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सुभाष वर्मानी को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जगन नाथ शर्मा, नवीन सूद, अच्छरपाल कौशल, दलबीर राणा, अनमोल राणा और पूनम ग्रोवर को जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में सी.डी. बंसल, सीमा शर्मा, नियाज मोहम्मद, पुनीत कपूर, प्रेम चंद ठाकुर और अन्य नेताओं को शामिल किया गया है। महासचिव पद पर रमेश ठाकुर, शिव दत्त ठाकुर, दया राम, संजीव ठाकुर, गुरविंदर सिंह काला सहित कई नेताओं को नियुक्त किया गया है। कुल राकेश पंत को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सचिवों और कार्यकारिणी सदस्यों की भी नियुक्तियां की गई हैं। सोशल मीडिया समन्वयक के रूप में उमेश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

# अभी भी नहीं भरे आपदा पीड़ितों के जख्म

## ठीक एक साल पहले बेघर हुए थे धर्मपुर के स्याठी गांव के कई परिवार

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** एक वर्ष पहले धर्मपुर क्षेत्र के स्याठी गांव पर गिरी गाज को 1 वर्ष हो गया, लेकिन अभी तक इनमें से 1 भी परिवार को सरकार से न ही तो कोई आर्थिक सहायता मिली है न ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए ज़मीन। दिव्यांग नेता व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज ने कहा कि वे विभिन्न संस्थाओं के साथ उनका दर्द बांटने व उनकी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए, 5 बार वहां जा चुके हैं, लेकिन अब वो पत्राचार के माध्यम से ही, उनकी लड़ाई को लड़ रहे हैं। 1 वर्ष बाद भी जब, कोई संतोषजनक उत्तर सरकार की तरफ़ से नहीं आया तो उन्होंने इसकी शिकायत 1100 नम्बर पर कर डाली। ज़बाब में सप्रधानमंत्री आवाद योजना के तहसीलदार ने उत्तर

दिया गया कि तरयामला (स्याठी) में भूस्खलन होने से जिन परिवारों का नुक्सान हुआ था उनको नियमानुसार राहत राशी प्राप्त हो चुकी है। जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवम् अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अतिरिक्त प्रदेश प्रेस सचिव व हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने विस्तृत मांगों में दिव्यांग आपदा पीड़ित के लिए विशेष रूप से आर्थिक सहायता, सभी पीड़ितों के लिए मकान बनाने के लिए जमीन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, पक्के घर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के तहत, व्यवसाय करने के लिए आर्थिक सहायता व रिहायश के नीचे दुकानें, प्रत्येक परिवार में से, उनकी काबिलियत के हिसाब से सरकारी नौकरी और सरकारी आवास, 6 महीने तक निःशुल्क मोबाइल रिचार्ज, बिजली और पानी तथा राजस्व विभाग द्वारा उनके घर गांव जा कर, उनके खोए हुए दस्तावेजो को बनाने की गुज़ारिश की थी। उन्होंने सभी संस्थाओं का उन्हें आर्थिक सहायता देने के लिए आभार व्यक्त किया था, लेकिन उनके जीवन को पटड़ी पर लाने के प्रयास उन्हें खुद ही करना पड़ रहे है तथा सरकार ने उनकी बेहतरी के अभी तक, कोई विदेश काम या रणनीति नहीं बनाई हैं। उन्होंने उपमंडल अधिकारी ना0 धर्मपुर से महीने में एक बार, उन पीड़ितों के लिए विशेष बैठक का आयोजन करने की मांग की है।



आपदा के बाद तबाह गांव, राहत की प्रतीक्षा जारी। अनंत ज्ञान